4 **रायपुर संभाग**
ठेकेदार एवं पीडब्ल्यूडी विभाग की लापरवाही से खस्ताहाल हुई सड़कें

6 **अभिमत**
सीरिया में नया ऐतिहासिक मोड़

09 **शिक्षा एवं स्वास्थ्य**
श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन ने आयोजित किया एक दिवसीय..

11 **छत्तीसगढ़**
मकान मालिकों को 15 दिनों का अल्टीमेटम.. किराएदारों..

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 14 दिसम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-113 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### सीरिया से 77 भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकाला गया

**नई दिल्ली।** भारत ने सीरिया में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति के बीच 77 भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकाल लिया है जबकि दमिश्क और बेरूत में भारतीय दूतावास ने अन्य भारतीयों को निकालने की तैयारी कर ली है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने नियमित ब्रीफिंग में सीरिया के बारे में एक सवाल के जवाब में कहा, सीरिया में भारतीय दूतावास लगातार काम कर रहा है। हमने सीरिया से उन सभी भारतीय नागरिकों को निकाल लिया है जो उस देश में हाल के घटनाक्रम के बाद घर लौटना चाहते थे। अब तक सीरिया से 77 भारतीय नागरिकों को निकाला जा चुका है।

### राज्य में 50 लाख मीट्रिक टन धान की हुई खरीदी

**रायपुर।** प्रदेश के किसानों से सुगमता पूर्वक धान की खरीदी की जा रही है। वहीं धान खरीदी व्यवस्था पर अधिकारियों द्वारा लगातार मॉनीटरिंग की जा रही है। राज्य में धान 14 नवम्बर से शुरू हुए धान खरीदी का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। अब तक लगभग 50 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। धान खरीदी के एवज में 10.61 लाख किसानों को बैंक लिकिंग व्यवस्था के तहत 10771 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगी। धान खरीदी के साथ-साथ मिलर्स द्वारा धान का उठाव भी शुरू कर दिया गया है। धान उठाव के लिए 3.13 लाख मीट्रिक टन धान के लिए डीओ जारी किया गया है।

# डबल इंजन की सरकार में मिल रहा डबल फायदा : जेपी नड्डा

## जो रामराज्य के मूल्य हैं, वहीं हमारे लिए सुशासन के मूल्य : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

**पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर**
www.dailypioneer.com



देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय की नेतृत्व वाली सरकार जनता की सेवा के लिए तत्पर होकर काम कर रही है। इसी का परिणाम है कि पूरे देश और प्रदेश में उत्तरोत्तर विकास हो रहा है। डबल इंजन की सरकार होने की वजह से लोगों को डबल लाभ हो रहा है। भारत विश्व की पांचवी बड़ी आर्थिक शक्ति है। अगले पांच सालों में हम दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरेंगे। प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में देश के 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा ने रायपुर के साइंस कॉलेज ग्राउंड में आयोजित जनादेश परब कार्यक्रम में लोगों को सम्बोधित करते हुए यह बात कही। केन्द्रीय मंत्री नड्डा ने कार्यक्रम में 1124 करोड़ रूपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। केन्द्रीय मंत्री नड्डा ने जनादेश परब में छत्तीसगढ़ सरकार के एक साल की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार स्वप्रेरणा से लोकहित में पूरी जवाबदेही के साथ काम कर रही है। सरकार बनने के दूसरे ही दिन कैबिनेट की बैठक में प्रदेश के 18 लाख से अधिक जरूरतमंदों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति दी गई। मोदी की गारंटी के अनुरूप यहां किसानों से 3100 प्रति क्विंटल में धान खरीदी की जा रही है। किसानों को उनके हक का 3716 करोड़ रूपए धान के बकाया दो साल के बोनस का भुगतान भी किया गया है।



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जनादेश परब में घोषणा की कि अब से हर साल 3 दिसंबर से 13 दिसंबर तक 'जनादेश परब' के रूप में मनाया जाएगा। आने वाले वर्ष में छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष पूरे हो रहे हैं। राज्य निर्माता भारत रत्न अटलजी का यह शताब्दी वर्ष भी है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के रजत जयंती वर्ष को 'अटल निर्माण वर्ष' के रूप में मनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि जो रामराज्य के मूल्य हैं, वहीं हमारे लिए सुशासन के मूल्य हैं। हमने प्रशासन के हर स्तर पर सुशासन को सुनिश्चित किया है। हमने सुशासन के मूल्यों को सिस्टम में शामिल करने सुशासन एवं अभिसरण विभाग का गठन किया। सुशासन के लिए पारदर्शिता सबसे आवश्यक है और इसके लिए डिजिटल गवर्नेंस शुरू कराया है। लालफीताशाही को दूर करने हमने ई-आफिस प्रणाली आरंभ की है। इसमें डिजिटल माध्यम में नोटशीट आगे बढ़ती है। इससे समय-सीमा भी तय होती है और जवाबदेही भी तय हो जाती है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बस्तर और सरगुजा के विकास के बगैर छत्तीसगढ़ के विकास के बारे में सोचा भी नहीं जा सकता। हमने वनोपज संग्राहकों की आय बढ़ाने के लिए काम किया है। तेंदूपत्ता संग्रहण की राशि हमने 4 हजार रुपए प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर साढ़े 5 हजार रुपए कर दी। जनजातीय गौरव दिवस के दिन हमने राज्य के बैगा, गुनिया, सिरहा आदि को पांच-पांच हजार रुपए सम्मान निधि देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि बस्तर में पर्यटन कॉरिडोर का निर्माण हम कर रहे हैं। कांगेर घाटी के गांव धुड़मारास को संयुक्त राष्ट्र पर्यटन संगठन ने दुनिया के 20 चुनिंदा गांवों में शामिल किया है। बस्तर और छत्तीसगढ़ विश्व पर्यटन के मानचित्र में आ गए हैं। सरगुज़ा संभाग भी विश्व के पर्यटन नक्शे में स्थान बना रहा है। अभी-अभी जशपुर के मधेश्वर पहाड़ शिवलिंग को विश्व में सबसे बड़ी प्राकृतिक प्रतिकृति के रूप में मान्यता प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि गुरु घासीदास तमोर पिंगला को हमने देश का तीसरा सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व बनाया है। इससे इको टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। सरगुजा और बस्तर में एयर कनेक्टिविटी आरंभ होने से इन क्षेत्रों में तेजी से विकास के साथ ही यहां अब देश-विदेश से पर्यटकों के पहुंचने की राह खुल गई है। मोदी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में सभी स्वीकृत सड़कों का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद आगामी दो सालों में प्रदेश का सड़क नेटवर्क विकसित देशों की तरह हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें सबसे बड़ी सफलता माओवादी मोर्चे पर मिली है। एक साल पहले किसी के लिए यह सोचना भी कठिन था कि माओवाद के नासूर को नष्ट किया जा सकता है। एक साल में 2 सौ से अधिक माओवादियों को मार गिराया।

### शीर्ष अदालत ने दी पूर्व मंत्री को जमानत

**वार्ता ◂ नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में कथित शिक्षक भर्ती घोटाले के मुख्य आरोपी राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को प्रवर्तन निदेशालय की ओर से दर्ज धन शोधन मामले में एक फरवरी, 2025 से जमानत दी। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने यह आदेश पारित करते हुए कहा, याचिकाकर्ता को एक फरवरी 2025 को रिहा किया जाएगा। यदि आरोप तय करने और गवाहों की जांच पहले की जाती है तो उन्हें उसके तुरंत बाद रिहा कर दिया जाएगा। पीठ ने यह भी कहा कि चटर्जी को विधानसभा के सदस्य के अलावा किसी भी सार्वजनिक पद पर नियुक्त नहीं किया जाएगा। शीर्ष अदालत ने उनकी जमानत याचिका मंजूर करते हुए यह भी स्पष्ट किया कि यह आदेश (जमानत का) केवल प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दर्ज किए गए धन शोधन मामले से संबंधित है।

### संविधान नागरिकों के कल्याण के लिए है, कांग्रेस ने इसे 'हाईजैक' कर लिया : राजनाथ

**पायनियर संवाददाता ◂ नई दिल्ली**
www.dailypioneer.com



रक्षा मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत का संविधान सभी वर्गों के कल्याण के लिए है और सबको समान अधिकार देता है, गरीब को शीर्ष पद पर बैठने की अनुमति देता है लेकिन इस संविधान को आज एक पार्टी 'हाईजैक' करना चाहती है, संविधान पर अपना एकाधिकार मानती है और मौका मिलते ही इसी संविधान का अपमान करती है। सिंह ने लोकसभा में 'भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा' पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि भारत का संविधान सब नागरिकों को एक समान अधिकार देता है और देश की संस्कृति तथा परंपरा को अक्षुण्ण रखने की अनुमति देता है। संविधान में कमल का फूल है और भगवान राम की तस्वीर है, जो दर्शाता है कि हमारा संविधान हमारी परंपरा और विरासत का वाहक है और मोदी सरकार इन्हीं मूल्यों का अनुसरण कर देश के विकास के लिए सबको साथ लेकर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि संविधान को अंगीकार करने के 75 साल पूरे होने पर संदन में चर्चा की जा रही है।

### अभिनेता अल्लू अर्जुन गिरफ्तार, हाईकोर्ट से मिली अंतरिम राहत

**एजेंसी ◂ हैदराबाद**
www.dailypioneer.com



तेलुगू फिल्म अभिनेता अल्लू अर्जुन को यहां संध्या थिएटर भगदड़ मामले में शुक्रवार को पुलिस ने गिरफ़्तार कर अदालत में पेश किया जहां उन्हें 14 दिन की न्यायायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया गया। अभिनेता की ओर से निचली अदालत के आदेश के खिलाफ तेलंगाना उच्च न्यायालय में दायर अर्जी पर उनकी अंतरिम जमानत मंजूर कर ली गयी। इस बीच तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा कि अभिनेता अर्जुन की गिरफ्तारी में सरकार की कोई भूमिका नहीं है।



# अविश्वास प्रस्ताव पर राज्यसभा में भिड़े पक्ष और विपक्ष

वार्ता ≺ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

राज्यसभा में सभापति के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव के संबंध में मीडिया में आयी रिपोर्टों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्य आपस में भिड़ गए और सदन की कार्यवाही सोमवार तक स्थागित कर दी गयी। सभापति जगदीप धनखड़ ने सुबह सदन की कार्यवाही शुरू करते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा के सरफराज अहमद को जन्मदिन की बधाई दी और आवश्यक विधायी दस्तावेज सदन के पटल पर रखवायें। धनखड़ ने सबसे कम उम्र की आयु में विश्व शतरंज चैंपियन बनने पर डी गुकेश को शुभकामनाएं दी तो सदस्यों ने मेज थपथपा कर उसका स्वागत किया। इसके बाद सदन ने मौन खड़े होकर 13 दिसंबर 2001 में संसद पर आतंकवादी हमले के दौरान शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। धनखड़ ने कहा कि उन्हें नियम 267 के अंतर्गत चार नोटिस मिले हैं, जिन्हें अस्वीकार किया जाता है। इस पर सदन में विपक्ष के सदस्य शोर शराबा करने लगे और जोर-जोर से बोलने लगे। इस बीच भारतीय जनता पार्टी के राधा मोहन दास अग्रवाल ने व्यवस्था का प्रश्न उठाते हुए कहा कि कांग्रेस संविधान के अनुच्छेदों का उल्लंघन कर रही है। उन्होंने कहा कि अविश्वास प्रस्ताव देने के बाद 14 दिन का इंतजार करना चाहिए लेकिन कांग्रेस मीडिया और सोशल मीडिया में आरोप पत्र जारी कर रही है तथा उपराष्ट्रपति के विरुद्ध आरोपों का लगातार प्रचार कर रही है। उन्होंने कहा कि यह उपराष्ट्रपति पद का अपमान है। कांग्रेस को 14 दिन की प्रतीक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संविधान का सम्मान नहीं करती है और ना ही संवैधानिक पदों के लिए उसके पास कोई सम्मान है। उन्होंने कहा कि प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद को सम्मान नहीं दिया। उन्हें अंतिम समय में पटना जाना पड़ा और उनकी मृत्यु दवा के अभाव में हुई। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि तत्कालीन राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन उस समय डॉ राजेंद्र प्रसाद के अंतिम संस्कार में जाना चाहते थे लेकिन पंडित नेहरू ने उन्हें जाने से मना किया। भाजपा सदस्य ने कहा कि विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे लगातार सभापति



का अपमान करते हैं। खरगे ने सदन में ऑन रिकॉर्ड कहा है कि वह सभापति की नहीं बल्कि सोनिया गांधी की बात सुनेंगे। उन्होंने कहा कि 10 जनपथ के निर्देश पर कांग्रेस 10 आरोप जारी कर रही है। डॉक्टर अग्रवाल ने कहा कि वास्तव में कांग्रेस को किसान के बेटे का सभापति और उपराष्ट्रपति के पद पर बैठना नहीं देखा जा रहा है।, इसलिए वह लगातार धनखड़ का अपमान कर रही है। उन्होंने कहा कि अविश्वास प्रस्ताव में उल्लिखित आरोपों का मीडिया में आना सदन के विशेषाधिकार का हनन है। इसके लिए अविश्वास प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने वाले सभी सदस्यों के विरुद्ध कार्यवाही की जानी चाहिए। भारतीय जनता पार्टी के सुरेंद्र सिंह नागर ने कहा कि उपराष्ट्रपति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव किसान और ओबीसी विरोधी है। यह कांग्रेस की किसान विरोधी मानसिकता को दर्शाता है। भाजपा के ही नीरज शेखर ने कहा कि कांग्रेस केवल एक ही परिवार को आगे लाना चाहती है। किसी अन्य का विरोध करती है। कांग्रेस ने चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने का भी विरोध किया था। भाजपा की किरण चौधरी ने भी अविश्वास प्रस्ताव को किसानों का विरोध बताया। उन्होंने कहा कि अविश्वास प्रस्ताव लाकर कांग्रेस नौटंकी कर रही है। इस बीच कांग्रेस के सदस्य लगातार बोलते रहे और नारेबाजी करते रहे। कांग्रेस के प्रमोद तिवारी ने एक टिप्पणी की जिसे सभापति ने रिकॉर्ड में नहीं लेने के निर्देश दिए। धनखड़ ने कहा कि वह देश के लिए मर सकते हैं लेकिन झुक नहीं सकते। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने संविधान की धज्जियां उड़ा दी हैं। अविश्वास प्रस्ताव पर 14 दिन के बाद निर्णय आएगा। इस बीच तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन और संजय सिंह ने भी जोर-जोर से बोलते हुए टिप्पणियां की। खरगे ने कहा कि सदन नियमों से चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह मजदूर के बेटे हैं और उनका भी लगातार अपमान हो रहा है। इस पर सदन में दोनों ओर से हंगामा होने लगा। सभापति ने कहा कि सदन का चलना राष्ट्र और समाज के हित में है। दोनों पक्षों के नेता आज दिन में मेरे कक्ष में आकर मुझसे बात करें। इसके बाद उन्होंने सदन की कार्यवाही सोमवार तक स्थगित करने की घोषणा कर दी।

## दिन-रात केवल सभापति के खिलाफ अभियान चल रहा है : धनखड़



राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन में अपने खिलाफअविश्वास प्रस्ताव पर पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि सदन की कार्यवाही सुचारु रूप से चलना राष्ट्र और समाज के लिए आवश्यक है। धनखड़ ने आज सुबह सदन में शून्यकाल के दौरान व्यथा के साथ कहा कि मीडिया और सोशल मीडिया में उनके खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा, दिन-रात केवल सभापति के खिलाफअभियान चल रहा है... यह अभियान मेरे खिलाफ नहीं, बल्कि मेरी जैसी श्रेणी (किसानों) के खिलाफ़है। सभापति ने कहा, ..... यह स्वीकार करें कि मैं एक किसान का बेटा हूं, मैं कमज़ोरी नहीं दिखाऊंगा, मैं देश के लिए मर जाऊंगा, मिट जाऊंगा....आप लोग नहीं सोचेंगे, 24 घंटे में केवल ही एक काम है, किसान का बेटा यहां क्यों बैठा है मैं अपनी आंखों से देख रहा हूं और पीड़ा महसूस कर रहा हूंं। धनखड़ ने कहा, मुझे व्यक्तिगत रूप से पीड़ा है कि मुख्य विपक्षी दल ने सभापति के खिलाफएक तीव्र अभियान चला रखा है। उन्हें मेरे खिलाफप्रस्ताव लाने का संवैधानिक अधिकार है, लेकिन संवैधानिक प्रावधानों से हटा जा रहा हैं। सभापति ने कहा कि सार्वजनिक तौर पर जो कुछ कहा जा रहा है, उन्होंने उसका अध्ययन कर लिया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष संविधान का पालन नहीं कर रहा है। अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस देना और इसपर चर्चा की मांग करना विपक्ष का अधिकार है लेकिन इसके लिए प्रावधान निर्धारित हैं। विपक्ष संविधान का उल्लंघन कर रहा है। विपक्ष बयान जारी कर अविश्वास प्रस्ताव का निर्णय जानना चाहता है। उन्होंने कहा, कानून को पढ़िए, आपका प्रस्ताव आ गया है, (निर्णय) 14 दिन के बाद आएगा। आपने एक अभियान शुरू कर दिया है। सभापति ने कहा कि सदन चलाना देश और समाज के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने विपक्ष के नेता से अपील करते हुए कहा कि विपक्ष के नेता और सदन के नेता मेरे कक्ष में मिलने का समय निकालें। इस गतिरोध को समाप्त करने के लिए पूरी कोशिश की जाएगी।

# दिल्ली के छह स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली

एजेंसी ≺ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

अधिकारियों को सूचित किए जाने के तुरंत बाद स्कूलों में मौजूद छात्रों को घर भेज दिया गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा के निदेशक अतुल गर्ग ने कहा, बम का पता लगाने वाली टीम और अग्निशमन अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंच गये।

उन्होंने बताया कि पश्चिम विहार में भटनागर इंटरनेशनल स्कूल, श्रीनिवासपुरी के कैम्ब्रिज स्कूल, अमर कॉलोनी स्थित डीपीएस, डिफेंस कॉलोनी केसाउथ दिल्ली पब्लिक स्कूल, एसजे एन्क्लेव डीपीएस और रोहिणी स्थित वेंकटेश्वर ग्लोबल स्कूल को सुबह 4:30 से 8:30 बजे के बीच धमकियां मिलीं।



गौरतलब है कि एक सप्ताह के भीतर यह स्कूलों में बम की धमकी से संबंधित दूसरी घटना है। सप्ताह की शुरुआत में भी राष्ट्रीय राजधानी के कुछ स्कूलों को भी ईमेल के जरिये बम की धमकी मिली थी।

## विपक्ष ने न्यायमूर्ति शेखर यादव के खिलाफ महाअभियोग का नोटिस दिया

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में विपक्षी दलों के सदस्यों ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश शेखर कुमार यादव पर सांप्रदायिक सद्भावना बिगाड़ने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ राज्यसभा सचिवालय को महाअभियोग का नोटिस दिया है। सूत्रों के अनुसार राज्यसभा में विभिन्न विपक्षी दलों के 55 सदस्यों ने राज्यसभा के महासचिव से मुलाकात की और उन्हें न्यायमूर्ति यादव के खिलाफ महाभियोग का नोटिस दिया। नोटिस पर हस्ताक्षर करने वाले सदस्यों में निर्दलीय कपिल सिब्बल, कांग्रेस के विवेक तंखा, दिग्विजय सिंह, पी चिदम्बरम, जयराम रमेश,मार्क्सवादी जॉन ब्रिटास,राजद के मनोज झा, तृणमूल के साकेत गोखले, सपा के जावेद अली खान और भाकपा संदोष कुमार शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि यह नोटिस न्यायाधीश (जांच) अधिनियम 1968 और संविधान के अनुच्छेद 218 के तहत दिया गया है और इसमें न्यायमूर्ति यादव के खिलाफ महाअभियोग चलाने की मांग की गयी है। यह नोटिस न्यायमूर्ति यादव द्वारा विश्व हिन्दू परिषद के एक कार्यक्रम में दिये गये भाषण के आधार पर दिया गया है। नोटिस में कहा गया है कि न्यायमूर्ति यादव ने अपने भाषण में कथित रूप से भड़काने वाली बातों का उल्लेख किया और इससे सांप्रदायिक सद्भावना बिगड़ने की आशंका है।

# ड्रोन रोधी प्रणाली पूरी तरह से दुरुस्त

एजेंसी ≺ श्रीनगर
www.dailypioneer.com

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) जम्मू, फ्रंटियर के महानिरीक्षक (आईजी) डी के बूरा ने कहा कि ड्रोन रोधी प्रणाली पूरी तरह से दुरुस्त है और इस प्रौद्योगिकी के स्थापित होने से अंतरराष्ट्रीय सीमा पार से ड्रोन गतिविधियों में काफी हद तक कमी आई है। बूरा ने आज यहां मुख्यालय में 60वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा, अंतरराष्ट्रीय सीमा पर ड्रोन रोधी प्रणाली बरकरार है और प्रौद्योगिकी स्थापना ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पार से ड्रोन गतिविधि को कम कर दिया है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सीमा पर घुसपैठ का मुकाबला करने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी का उपयोग भी अच्छी तरह से किया जा रहा है। महानिरीक्षक ने कहा, सर्दियों की व्यवस्था के तहत सुरक्षा ग्रिड को बढ़ाने के लिए जम्मू फ्रंटियर के क्षेत्र में अतिरिक्त सैनिकों को भी तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि तकनीकी निगरानी का विस्तार किया जा रहा है और बहुत जल्द पूरा सीमा क्षेत्र भौतिक तथा तकनीकी निगरानी के दायरे में होगा। बीएसएफ के पास हाई-टेक हथियार हैं और सीमाओं पर प्रौद्योगिकी से लैस है। सीमावर्ती क्षेत्रों में रोहिंग्याओं की संदिग्ध आवाजाही या यहां बस जाने के बारे में उन्होंने कहा, जम्मू फ्रंटियर में सीमा के करीब अवैध अप्रवासियों (रोहिंग्याओं) के बसने की कोई रिपोर्ट नहीं है। उन्होंने कहा कि बीएसएफ हमेशा की तरह अंतरराष्ट्रीय सीमा पर उच्च स्तर की सतर्कता और सुरक्षा बनाए हुए है। इस साल बरामदगी और घुसपैठ की कोशिशों के बारे में आईजी बीएसएफ ने कहा, बीएसएफ जम्मू पाकिस्तान के साथ लगभग 192 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा की देखभाल कर रहा है और भारतीय सेना के साथ नियंत्रण रेखा पर भी तैनात है। उन्होंने कहा, वर्ष 2024 में ड्रोन गतिविधियों, तस्करी के प्रयासों और बिना उकसावे के गोलीबारी जैसी कई चुनौतियां सामने आई, लेकिन बीएसएफ के जवानों ने सभी प्रतिकूल प्रयासों को सफलतापूर्वक विफल कर दिया और उनके नापाक मंसूबों को नाकाम कर दिया।

## यादव ने पूर्व आईएएस अधिकारी राव के अवसान पर शोक व्यक्त किया

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने पूर्व आईएएस अधिकारी एस एन राव के अवसान पर शोक व्यक्त किया है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के वर्ष 1958 बैच के श्री राव लंबे समय से बीमार थे। भोपाल में 12 दिसंबर को एक निजी अस्पताल में उनका निधन हो गया। डॉ यादव ने शोक संतप्त परिजन के साथ अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट की हैं। उन्होंने बाबा महाकाल से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राव इस समय देश के भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठतम सेवानिवृत्त अधिकारियों में से एक थे। प्रदेश को दी गई सेवाओं के लिए राव को सदैव याद किया जाएगा।



# भारतीय सुरक्षा बल देप्सांग के सभी गश्ती बिंदुओं तक जा सकेंगे : जयशंकर

एजेंसी ≺ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को लोकसभा में कहा कि पड़ोसी देशों के साथ संबंधों में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं लेकिन सरकार ऐसी स्थितियों में बहुत समझदारी के साथ काम करती है। जयशंकर ने शून्य काल में कांग्रेस के मनीष तिवारी के प्रश्न के उत्तर में कहा कि चीन के साथ लगने वाली सीमा के देप्सांग क्षेत्र में सभी गश्ती बिन्दुओं पर भारतीय सुरक्षा बल जा सकेंगे। विदेश मंत्री ने कहा कि इस संबंध में वह लोकसभा में पहले ही विस्तार से वक्तव्य दे चुकी है। उन्होंने भाजपा के नवीन जिंदल के प्रश्न के उत्तर में कहा कि सरकार पाकिस्तान के साथ अच्छे संबंध चाहती है, सरकार का सदैव ऐसा ही नजरिया रहा है, लेकिन गेंद अब पाकिस्तान के पाले में है, पाकिस्तान को दिखाना होगा कि उसका व्यवहार बदला है। जयशंकर ने कहा कि बंगलादेश में अल्पसंख्यकों के साथ किये जा रहे व्यवहार को लेकर वहां की सरकार के समक्ष अपनी चिंता रख चुके हैं। हाल ही में विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने अपने बंगलादेश दौरे के दौरान भी यह मसला वहां के अधिकारियों के समक्ष उठाया था। उन्होंने एक अन्य प्रश्न के उत्तर में कहा कि सरकार विदेशों में नौकरियों के लिये जाने वाले कामगारों के हितों का ध्यान रखने के पूरे प्रयास करती है और संबंधित देशों के भारतीय दूतावासों से हर जरूरतमंद की तत्काल मदद की जाती है। विदेशों में संकट में फंसे भारतीयों को वापस लाने में पूरी तत्परता से काम किया जाता है। विदेश मंत्री ने कहा कि कामगारों को सरकारी पोर्टल पर पंजीकृत एजेंटों के माध्यम से ही विदेशों में नौकरियों पर जाने का प्रयास करना चाहिये जिससे वे धोखे से बच सकेंगे।

## नेपाली सेना प्रमुख ने भारत के साथ रक्षा सहयोग मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता जतायी

**नई दिल्ली।** भारत की यात्रा पर आये नेपाली सेना के प्रमुख जनरल अशोक राज सिगडेल ने नेपाल और भारत के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता जतायी है। यात्रा के तीसरे दिन जनरल सिगडेल ने गुरूवार को पुणे में भारतीय रक्षा उद्योगों का दौरा किया। इसके बाद वह देहरादून के लिए रवाना हो गये जहां वह कल भारतीय सैन्य अकादमी में प्रतिष्ठित पासिंग आउट परेड की समीक्षा करेंगे। पुणे में जनरल सिगडेल ने टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) और भारत फोर्ज सहित कई प्रमुख रक्षा उद्योग प्रतिष्ठानों का दौरा किया। यात्रा के दौरान उन्होंने भारत के रक्षा क्षेत्र के वरिष्ठ प्रतिनिधियों से बातचीत की और विचारों का आदान-प्रदान किया। इन वार्ताओं का फोकस दोनों देशों की सेनाओं द्वारा प्रौद्योगिकी के अनुकूलन पर था उन्होंने स्टेटिक इक्विपमेंट डिस्प्ले का भी अवलोकन किया, जहां उन्हें सेना में हाल ही में शामिल किए गए नवीनतम, अत्याधुनिक उपकरणों से परिचित कराया गया। पुणे में अपने कार्यक्रमों के बाद जनरल सिगडेल देहरादून पहुंचे और उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रात्रिभोज में भाग लिया और बातचीत की।

# शेयर बाजार नौ सप्ताह के उच्चतम स्तर पर

एजेंसी ≺ मुम्बई
www.dailypioneer.com

अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दर में कटौती की उम्मीद में स्थानीय स्तर पर आईटी और टेक समेत चौदह समूहों में हुई दमदार लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार नौ सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 843.16 अंक की छलांग लगाकर नौ सप्ताह बाद 82 हजार अंक के पार 82,133.12 अंक पर पहुंच गया। इससे पहले यह 03 अक्टूबर को 82,497.10 अंक पर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 219.60 अंक की तेजी के साथ 24,768.30 अंक पर बंद हुआ। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और





छोटी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.08 प्रतिशत फिसलकर 47,776.62 अंक और स्मॉलकैप 0.29 प्रतिशत उतरकर 56,957.46 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4105 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2173 में गिरावट जबकि 1818 में तेजी रही वहीं 114 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 41 कंपनियों में लिवाली जबकि अन्य नौ में बिकवाली हुई। बीएसई में सर्विसेज, कमोडिटीज, इंडस्ट्रियल्स, हेल्थकेयर, रियल्टी और धातु समूहों के शेयरों की 0.76 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर अन्य 14 समूहों में तेजी का रुख रहा। इससे सीडी 0.48, ऊर्जा 0.36, एफएमसीजी 1.07, वित्तीय सेवाएं 0.36, आईटी 0.57, दूरसंचार 2.13, यूटिलिटीज 0.09, ऑटो 0.46, बैंकिंग 0.81, कैपिटल गुड्स 0.18, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.14, तेल एवं गैस 0.23, टेक 1.32 और फोकस्ड आईटी के शेयर 0.66 प्रतिशत उछल गए। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इससे ब्रिटेन का एफ़्टीएसई 0.13 और जर्मनी का डैक्स 0.27 प्रतिशत मजबूत रहा जबकि जापान का निक्केई 0.95, हांगकांग का हैंगसेंग 2.09 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 2.01 प्रतिशत लुढ़क गया। कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 78 अंक फिसलकर 81,212.45 अंक पर खुला और भारी बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 80,082.82 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली शुरू होने से यह लगातार बढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 82,213.92 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 81,289.96 अंक के मुकाबले 1.04 प्रतिशत की छलांग लगाकर 82,133.12 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी 50 अंक गिरकर 24,498.35 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24,180.80 अंक के निचले जबकि 24,792.30 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,548.70 अंक की तुलना में 0.89 प्रतिशत की मजबूती के साथ 24,768.30 अंक पर आ गया।

### चौधरी ने कहा- सड़क, रेल और हवाई नेटवर्क की मजबूती से देश में न केवल आर्थिक विकास की रफ्तार में तेजी आई है

# राष्ट्रीय राजमार्गों के 13 हजार ब्लैक स्पॉट 2029 तक हो जाएंगे समाप्त : पंकज चौधरी

एजेंसी ≺ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने वर्ष 2029 तक देश के राजमार्गों पर चिह्नित सभी 13 हजार ब्लैक स्पॉट को भरने या समाप्त करने की शुक्रवार को घोषणा करते हुए कहा कि बीते 10 वर्षों में केंद्र सरकार ने सड़क से लेकर हवाई यातायात नेटवर्क का बड़े पैमाने पर विस्तार किया है, जिससे लोगों का सफर करना सुगम और सुविधाजनक हो गया है।

चौधरी ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सड़क, रेल और हवाई नेटवर्क की मजबूती से देश में न केवल आर्थिक विकास की रफ्तार में तेजी आई है, बल्कि स्थानीय स्तर पर भी बुनियादी सुविधाएं बेहतर हुई हैं और इसका सीधा लाभ आम लोगों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर चिह्नित किए गए सभी ब्लैक स्पॉट को भरने या समाप्त करने की व्यवस्था की गई है, ताकि इन राजमार्गों को दुर्घटना मुक्त बनाया जा सके। ब्लैक स्पॉट पर दुर्घटना होने की संभावना बहुत अधिक होती है। चौधरी ने मोदी सरकार में सड़क, रेल और हवाई कनेक्टिविटी में हुए क्रांतिकारी बदलाव को रेखांकित करते हुए कहा कि 10 वर्षों में यातायात बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। इससे आर्थिक प्रगति के द्वार खुले हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क में 1.6 गुना वृद्धि हुई है। वर्ष 2014 में 91,287 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग थे, जो नवंबर 2024 तक बढ़कर 1,46,195 किलोमीटर हो गए हैं। भारतमाला परियोजना के तहत, प्रथम चरण में 34,800 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग का



निर्माण कराया जाना है। इसमें से 26,425 किलोमीटर के काम का देखा दिया जा चुका है, जबकि 18714 किलोमीटर का कार्य पूरा हो चुका है। इसके साथ ही नेशनल हाई-स्पीड कॉरिडोर (एचएससी) की लंबाई 2014 में 93 किलोमीटर थी जो 2024 में बढ़कर 2,474 किलोमीटर हो गई है। वर्ष 2014 में चार या अधिक लेन वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 18,300 किलोमीटर थे, जो अब बढ़कर करीब 45,900 किलोमीटर हो गए हैं। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार में इसमें ढाई गुना की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। निर्बाध माल ढुलाई और किफायती परिवहन को बढ़ावा देने के लिए 35 स्थानों की पहचान की गई है, जिसमें छह मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी) परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। तीन अन्य के लिए टेंडर की प्रक्रिया चल रही है। चौधरी ने बताया कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने भारत को विमानन क्षेत्र में एक वैश्विक शक्ति के रूप में उभरने, आम लोगों को जोड़ने और विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया है। देश में चालू हवाई अड्डों की संख्या दोगुनी से अधिक हो गई है। 2014 में 74 हवाई अड्डों से उड़ानें संचालित होती थीं जबकि 2024 में देश के 158 हवाई अड्डों से हवाई सेवाएं संचालित हो रही हैं। उड़ान योजना के तहत 613 मार्गों पर सफलतापूर्वक हवाई सेवाएं शुरू की गई हैं। 87 हवाई अड्डों को जोड़ा गया है और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा दिया गया है। डिजीयात्रा पहल के तहत, संपर्क रहित और निर्बाध यात्रा एक वास्तविकता बन गई है, जिसमें 24 हवाई अड्डों पर चेहरे की पहचान प्रौद्योगिकी (एफआरटी) लागू की गई है। भारत वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार बनकर उभरा है। वित्त राज्यमंत्री ने रेलवे की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रेल मंत्रालय ने विद्युतीकरण, आधुनिक बुनियादी ढांचे और बेहतर यात्री सुविधाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए बड़े पैमाने पर बदलाव किया है। उन्होंने बताया कि 97 प्रतिशत रेल मार्गों का विद्युतीकरण किया गया है, जिससे स्थिरता और दक्षता को बढ़ावा मिला है। अमृत भारत योजना के तहत, देश भर में 1,337 स्टेशनों का विश्व स्तरीय मानकों के अनुसार पुनर्विकास किया जा रहा है। यह पूरे विश्व में अपने आप में अनूठा रेलवे स्टेशन पुनर्विकास कार्यक्रम है। 68 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों, दो अमृत भारत ट्रेनों और एक नमो भारत रैपिड रेल की शुरूआत ने रेल यातायात में क्रांति ला दी है, जिससे रफ्तार के साथ-साथ यात्रियों की सुविधा में भी वृद्धि हुई है। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर परियोजना का 96 प्रतिशत से अधिक काम पूरा हो चुका है। ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (ईडीएफसी) का काम पूर्ण हो चुका है जबकि वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डब्ल्यूडीएफसी) का काम अंतिम चरण में है।

चौधरी ने बताया कि यातायात

# भारत ने कनाडा में भारतीय छात्रों की हत्या पर दुख व्यक्त किया

एजेंसी ≺ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

भारत ने कनाडा में तीन भारतीय छात्रों की हत्या पर दुख व्यक्त किया है और बिगड़ते सुरक्षा माहौल को देखते हुए भारतीय नागरिकों और छात्रों को अत्यधिक सतर्कता बरतने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने नियमित ब्रीफिंग में कनाडा में भारतीय छात्रों के साथ हुई घटना के बारे में पूछे जाने पर कहा, हम कनाडा में हमारे नागरिकों पर हुई इन भयानक त्रासदियों से दुखी हैं। हम शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। प्रवक्ता ने कहा, टोरंटो और वैंकूवर में हमारा उच्चायोग और वाणिज्य दूतावास इस मामले में हर संभव मदद कर रहे हैं। वे इन घटनाओं की गहन जांच के लिए स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में हैं। जायसवाल ने कहा, कनाडा में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा, सुरक्षा और कल्याण हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनके, विशेष रूप से भारतीय छात्रों के सामने आने वाले मुद्दों को हमारे उच्चायोग और वाणिज्य दूतावासों द्वारा नियमित आधार पर संबंधित कनाडाई अधिकारियों के साथ उठाया जाता है। घृणा अपराधों और आपराधिक हिंसा की बढ़ती घटनाओं के परिणामस्वरूप कनाडा में बिगड़ते सुरक्षा माहौल को देखते हुए हमने अपने नागरिकों और भारतीय छात्रों को अत्यधिक सावधानी बरतने और सतर्क रहने के लिए सलाह भी जारी की है। उन्होंने कनाडा के नागरिकों को भारतीय वीज़ा देने से संबंधित रिपोर्टों के बारे में पूछे जाने पर कहा, हमने उक्त मीडिया रिपोर्ट देखी है। यह भारत को बदनाम करने के लिए कनाडाई मीडिया के दुष्प्रचार का एक

# कंप्यूटर ऑपरेटर हैं हड़ताल पर, धान का उठाव भी नहीं, धान खरीदी हो गई बंद

पायनियर संवाददाता ➤ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com





भानुप्रतापपुर के धान खरीदी केंद्रों में संकट उत्पन्न हो गया है। उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव नहीं होने तथा बारदाने कमी से किसान परेशान है। वही प्रभारीयों ने भी गुरुवार को कांकेर कलेक्टर से मिलकर धान उठाव नहीं होने कारण खरीदी बंद करने की सूचना दिए हैं। वहीं दूसरी ओर कप्यूटर ऑपरेटरों भी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर चले गए जिससे विकासखंड के धान खरीदी केंद्र में ताला लटक रहा है। शासन के आश्वासन मिलने पर स्थगित किए गए आंदोलन को सहकारी समितियों के कप्यूटर ऑपरेटर संघ ने फिर शुरू कर दिया है। धान खरीदी शुरू हो जाने के 25 दिनों बाद भी उनकी मांगों पर किसी तरह पहल नहीं होने पर संघ ने 12 दिसंबर से बेमुद्दत हड़ताल पर जाने का निर्णय लेकर प्रदेशभर के धान खरीदी कप्यूटर ऑपरेटर 12 दिसंबर से राजधानी रायपुर में धरने में बैठ गए है इससे धान खरीदी ठप पड़ गई है।

जिला सहकारी कर्मचारी संघ ने ज्ञापन के माध्यम से बताया है कि दिनांक 6.12.2024 को उपार्जित धान का परिवहन हेतु आपके समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया था। जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए विपणन संघ द्वारा बफर लिंमिट से अधिक उपार्जन केन्द्रों का दो एवं तीन टीओ जारी किया गया है। किन्तु टीओ से कुछ ही उपार्जन केन्द्रों का धान परिवहन हो पाया है। क्योंकि प्रतिदिन धान का आवक अधिक होने से धान उपार्जन हेतु स्थान का अभाव हो रहा है जिससे समिति कर्मचारी एवं किसानों द्वारा आपसी मतभेद एवं आक्रोश पैदा हो रहा है। जिला सहकारी विपणन संघ द्वारा धान के उठाव हेतु ध्यान नही देने के कारण उपार्जन केन्द्रों में ऐसी स्थिति निर्मित को रही है। इसलिए उपार्जन केन्द्रों के प्रबंधक एवं कर्मचारियों द्वारा धान उपार्जन कार्य दिनांक 16.12.2024 से धान नही उठाव होने तक उपार्जन कार्य बंद करने का निर्णय लिया गया है। इसी तरह कंप्यूटर ऑपरेटर ने भी आवेदन दिया है जिसमे उन्होंने बताया है की मंत्री महोदय के आश्वासन पश्चात अब तक हमारी मांगों पर कोई विचार कर ठोस निर्णय नहीं लिया गया है।प्रांतीय संगठन के आव्हान पर 03 सूत्रीय मांग को लेकर स्थगन आंदोलन को पुनः प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है।

### ये है 3 सूत्रीय मांग

धान खरीदी कम्प्यूटरीकरण वर्ष 2007 से डॉटा एन्ट्री आपरेटर विगत 17 वर्षों से कार्यरत हैं। समर्थन मूल्य धान खरीदी के तहत धान उपार्जन केन्द्रो में कार्यरत डॉटा एन्ट्री आपरेटर को खाद्य विभाग में संविलियन किया जाए। नवीन वित्त निर्देश 22/2023 के अनुसार संविदा वेतनमान में 27 प्रतिशत वृद्धि का लाभ प्रदान कर 23350/- रूपये मासिक संविदा वेतनमान अगस्त 2023 से प्रदान किया जाए। धान खरीदी नीति खरीफ विपणन वर्ष 2024-2025 की कंडिका-11.3.3 (आगामी खरीफ वर्ष 2025-2026 में समितियों में डाटा एन्ट्री ऑपरेटरों की व्यवस्था छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ द्वारा ऑउट सोर्सिंग से नियोजित करने के संबंध में माह अप्रैल 2025 में कार्यवाही की जावे) को विलोपित किया जाए।

# कोंडागांव महाविद्यालय में राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर मनाया गया सुशासन पखवाड़ा



पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

वर्तमान छत्तीसगढ़ सरकार के कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने पर महाविद्यालय में सुशासन दिवस कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मे प्राचार्य डॉ सीआर पटेल सर एवं कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहें। डॉ किरण नारुटी मैम विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र व विशिष्ट अतिथि के रूप में महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक अलका शुक्ला विभाग अध्यक्ष रसायन शास्त्र, शशि भूषण कनौजे विभाग अध्यक्ष वनस्पति शास्त्र, हलधर सर विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र, आकाश वासनिकर सर विभागाध्यक्ष वाणिज्य, लोचन वर्मा सर विभागाध्यक्ष भौतिक शास्त्र, विभाग अध्यक्ष अंग्रेजी नेहा बंजारे, सहायक प्राध्यापक गृह विज्ञान, अर्जुन नेताम व महाविद्यालय के समस्त विभाग के अतिथि व्याख्याता एवं शैक्षणिक व अशैक्षणिक स्टाफ एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और शहीद गुंडाधुर की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्या अर्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत किया गया। जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना शशि भूषण कनौजे ने शासन के विभिन्न योजनाओं जैसे महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उच्च शिक्षा हेतु छात्रवृत्ति प्रोत्साहन योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना,समर्थन मूल्य पर धन खरीदी योजना के बारे में सभी छात्र-छात्राओं को अवगत कराते हुए सरकार के विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। प्राचार्य डॉ चेतन राम पटेल ने कहा कि, 9 से 20 दिसंबर तक प्रतिदिन राज्य सरकार के विभिन्न योजनाओं पर व्याख्यान माला सेमिनार व वादविवाद रैली आदि कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिससे सभी विद्यार्थियों को सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी मिलेगी। डॉ किरण नुरूटी ने अपने उद्बोधन में कहा कि, सरकार की बहुत से योजनाएं हैं जिसके प्रति सभी विद्यार्थियों को जागरूक होना अति आवश्यक है जिससे सभी को इसका पूरा लाभ मिल सके।

# परलकोट में मुख्यमंत्री साय के आगमन पर किया गया स्वागत

पायनियर संवाददाता ➤ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com




परलकोट की धरा पर पहली बार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के आगमन पर नवीन शिक्षक संघ कोयलीबेड़ा एवं जिला पदाधिकारियों के द्वारा मुख्यमंत्री के पुष्प गुच्छ और माला पहनाकर स्वागत करते हुए अपनी मांगों के निराकरण के लिए ज्ञापन सौंपा गया। प्रमुख मांगे पीएम मोदी की गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने एवं समस्त एल बी संवर्ग को क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान करें। पूर्व सेवा अवधि की गणना कर पुर्ण पेंशन 33 वर्षो की सेवा अवधि की शर्त घटाकर पुर्ण पेंशन 20 वर्ष प्रावधान किया जाये। पात्र एल बी संवर्ग को समयमान वेतनमान और क्रमोन्नती का लाभ दिया जाये। मुख्यमंत्री ने मांगों को पुर्ण करने का आश्वासन दिया।ज्ञापन के समय ब्लॉक अध्यक्ष कोयलीबेड़ा बलविंदर कौर,उपाध्यक्ष गौतम मंडल, जिला अध्यक्ष प्रकाशचंद्र कांगे, जिला उपाध्यक्ष श्याम लाल खरहे,संगठन मंत्री सहदेवी नाग,जैनसिंह चंद्रवंशी, मीडिया प्रभारी तुमेश्वर विश्वकर्मा, अर्चित राय,सचिव होरी लाल साहू कार्यकारणी सदस्य श्वेता भोसले, भोज साहू, रुपा मरकाम, नंदलाल ठाकुर एवं सीनियर साथी रजमय तिवारी मैम आदि साथी उपस्थित थे।

### पायलट ने दी मोहन मरकाम को एक बड़ी जिम्मेदारी, महत्वपूर्ण समिति मे दिया जगह

**कोंडागांव।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव एवं छग प्रभारी सचिन पायलट द्वारा एक समिति बनाई गई हैं। जिनका कार्य पिछले चुनावों के दौरान बाद मे या पहले कांग्रेस पार्टी से निष्कासित कॉग्रेसियों के द्वारा प्राप्त आवेदनों पर पुनः पार्टी मे शामिल करने जो स्वयं से पार्टी छोड़े थे उन आवेदनों पर अन्य दलों से जो कांग्रेस पार्टी मे आना चाहते हैं उन आवेदनों पर जाँच कर विचार किया जाना है समीक्षा की जानी है की किसे पार्टी मे शामिल करना है या किसे नहीं और रिपोर्ट सौंपनी है।इस समिति मे प्रदेश भर से केवल 4 नेताओं को जगह मिली है शेष तीन नेतागण पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं छत्तीसगढ़ के सह प्रभारी हैं ऐसे मे छत्तीसगढ़ से पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत वरिष्ठ कांग्रेस नेता धनेन्द्र साहू के साथ पूर्व मंत्री पूर्व पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम को इस समिति मे शामिल करना एक बड़ी जिम्मेदारी है।

# जल जीवन मिशन से पुसावंड गांव खुशहाली की ओर

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरगामी सोच और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन के चलते जिले में जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तक पेयजल पहुंचाने के कार्यो में तेजी आई है। इसका ताजा उदाहरण है ग्राम पंचायत पुसावड जहां हर घर तक नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल पहुंच रहा है। जिला मुख्यालय से लगभग 16 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पुसावड जहाँ की आबादी करीब 1,403 हैं। पहले इस गांव में जल आपूर्ति का मुख्य साधन हैंडपंप रहें। हालांकि सभी हैंडपंप कार्यशील हैं पर ग्रीष्मकाल के दौरान जलस्तर गिरने से सूखे की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इस समस्या के कारण ग्रामवासियों, खासकर महिलाओं को पानी लाने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी। पर अब जल जीवन मिशन ने महिलाओं के जीवन में व्यापक बदलाव लाया है। पहले जहां महिलाएं पानी के लिए संघर्ष करती थीं अब नल कनेक्शन के माध्यम से उनकी यह समस्या समाप्त हो गई है। इसके लिए पुसावंड में 236 घरों में टेप कनेक्शन लगाए गए और इस तरह से गांव को 'हर घर जल ग्राम' घोषित किया गया है।

**जल वाहिनी समूह के गठन से महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन :** जल जीवन मिशन के द्वारा गांव में पानी की उपलब्धता से महिलाओं को राहत मिली हैं जिससे घरेलु कार्य समय पर खत्म करके वे अब परिवार और समाज कल्याण में अधिक योगदान दे रही हैं। साथ ही विभाग द्वारा महिलाओं को संगठित करने और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए 'जल वाहिनी' समूह का गठन किया गया है। इस समूह में कांति, मनबती, शांतिबाई, मंगबद्रई और गोमती को जल जाँच के लिए प्रशिक्षित किया गया है। ये महिलाएं अब गांव में पानी की गुणवत्ता सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभा रही हैं। बच्चों और वृद्धों के लिए राहत यह योजना बच्चों और वृद्धों के लिए भी वरदान साबित हुई है। पहले बच्चों को पानी भरने में अपना कीमती समय गंवाना पड़ता था, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित होती थी। अब नल कनेक्शन के माध्यम से घर में ही पानी आसानी से उपलब्ध होने से वे अपनी शिक्षा पर अधिक ध्यान दे पा रहे हैं। वृद्धजन जिन्हें पानी लाने के लिए भारी मटके उठाने पड़ते थे अब इस कठिनाई से मुक्त हो गए हैं।

# अंत्यावसायी विभाग द्वारा ऋण वसूली शिविर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति द्वारा अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग और सफाई कामगार वर्ग को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए ऋण प्रदान किया गया था। लाभार्थियों द्वारा ऋण की अदायगी समय पर नहीं करने पर ऋण वसूली की जा रही है। अंत्यावसायी विभाग द्वारा सभी लाभार्थियों से अपील की गई है कि, वे अपने ऋण की राशि समय पर और नियमित रूप से कार्यालय में जमा करें। ऋण की अदायगी में लापरवाही करने वाले लाभार्थियों और उनके जमानतदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने समाज प्रमुखों, स्थानीय प्रतिनिधियों और अन्य सम्मानित व्यक्तियों से इस कार्य में सहयोग की अपील की है। अंत्यावसायी विभाग द्वारा ऋण वसूली शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं। विभाग द्वारा बकायादारों से वे निर्धारित तिथि, समय और स्थान पर उपस्थित होकर ऋण राशि की अदायगी सुनिश्चित करने को कहा गया है।

# बॉलीवुड सिंगर अंकित तिवारी के परफॉरमेंस से झूमा किरंदुल






पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

एनएमडीसी के 67 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एनएमडीसी प्रबंधन द्वारा किरन्दुल फुटबॉल ग्राउंड में गुरुवार रात्रि सांस्कृतिक संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें बॉलीवुड के जाने माने सिंगर अंकित तिवारी ने लौह नगरी में अपनी प्रस्तुति दी। भारत समेत दुनियाभर में अपने शानदार आवाज का जादू बिखेरने वालें लोकप्रिय सिंगर अंकित तिवारी की परफॉर्मेंस से किरंदुल नगर झूम उठा।इस कार्यक्रम में अंकित तिवारी के अलावा इण्डियाज़ गॉट टैलेंट की विजेता व मशहूर गायिका इशिता विश्वकर्मा,काव्य डागा, ताबिश अली ने भी नगरवासियों को अपनी आवाज़ का जादू दिखाया। देर रात 12:30 बजे कार्यक्रम का समापन हुआ। मौके पर एनएमडीसी सीजीएम संजीव साही, महाप्रबंधक उत्पादन आर राजाकुमार, डीजीएम बी के माधव, महाप्रबंधक विद्युत एम सुब्रमण्यम, एसकेएमएस अध्यक्ष देवरायलु,सचिव के साजी, इंटक अध्यक्ष विनोद कश्यप, सचिव ए के सिंह, एनएमडीसी परियोजना के विभागाध्यक्ष एवम हज़ारों की संख्या में दर्शकगण मौजूद थे।

# पुलिस नक्सली मुठभेड़ में दो माओवादी ढेर

पायनियर संवाददाता ➤ बीजापुर
www.dailypioneer.com



बासागुड़ा क्षेत्रान्तर्गत नेण्ड्रा-पुन्नुर में मद्देड़ एरिया कमेटी के सशस्त्र माओवादियों के साथ विगत दिनों थाना बासागुड़ा तर्रेम क्षेत्र में हुए ग्रामीणों की हत्या में शामिल माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर डीआरजी, कोबरा 210 एवं यंग प्लाटून 168 वाहिनी केरिपु की संयुक्त टीम 12 दिसम्बर की रात्रि में नेण्ड्रा-पुन्नुर की ओर नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। अभियान के दौरान सुबह पुलिस और माओवादियों के बीच हुए मुठभेड़ हुई जिसमे 02 माओवादी मारे गये। मुठभेड़ समाप्त होने के पश्चात मौके की सर्चिंग करने पर घटनास्थल से 02 नग 12 बोर सिंगल शॉट गन, 01 नग देशी मेड गन, कॉर्ड्स वायर, टिफ़िन बोम 5 किलो, प्रिंटर, माओवादी वर्दी, साहित्य एवं अन्य माओवादी सामग्री बरामद हुआ है। घटना में मारे गए माओवादियों की शिनाख्तगी एवं अन्य वैधानिक कार्यवाही थाना बासागुड़ा द्वारा की जा रही है।

### 200 किसानों ने लगाया था लगभग 1200 क्विंटल अमानक विगर चंचल बीज

# खराब हुए धान बीज मामले में पुलिस ने किया बड़ा खुलासा

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव जिले के थाना फरसगांव में गोकुल प्रधान निवासी रांधना के द्वारा लिखित शिकायत की कि, शंकर कृषि केन्द्र रांधना के मालिक रमापति पाठक संचालक उमाषंकर पाठक और विगर बायोटेक प्रायवेट लिमिटेड के मालिक एवं एमडी, जीएम, सभी के द्वारा ज्यादा धान पैदावार होगा कहकर छल करते हुए बेईमानी पूर्वक खराब धान को असली बताकर धोखा करने के संबंध में बताया था, जो धान बीज बेचते समय बताए थे कि, विगर चंचल हाईब्रिड ओरिजिनल धान बीज को खरीद कर लगाने से प्रति एकड़ 40-45 क्विंटल धान की उपज आएगी एवं कीडा भी नही लगेगा जिसकी गारण्टी हम देते है एवं फोन पर कंपनी के स्टेट हेड एमडी से बात कराकर हमें आष्वस्त भी कराया गया था। उक्त बहकावे में आकर करीब 200 किसान लगभग 1200 पैकेट विगर चंचल हाइब्रिड धान को अपने खेतों में लगाए लेकिन धान के अंतिम पकने के समय धान बाली गल्ल के पास सूख कर सभी धान टूट गया। जिससे कृषि विभाग को सूचित करने पर कृषि वैज्ञानिकों की टीम ने कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ उक्त नुकसान का मौके पर जॉच कर रिपोर्ट भी प्रस्तुत किया गया। व्यक्तिगत रूप से प्रार्थी गोकुल प्रधान को 3 लाख 80 हजार रूपये का नुकसान हुआ एवं अन्य किसानों को भी उक्त धान फसल लगाने से भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा उक्त लिखित शिकायत पर थाना फरसगांव में अपराध क्रमांक 159/2024 धारा 420,34 कायम कर विवेचना में लिया गया। कोंडागांव जिले के किसानों की समस्या को प्राथमिकता देते हुए मामला गंभीर होने से पुलिस अधीक्षक निर्देशन में 2 अलग-अलग टीमें दीगर राज्य रवाना हुई थी, जिस पर विगर बायोटेक प्रायवेट लिमिटेड के छत्तीसगढ़ राज्य के स्टेट हेड आरोपी बंश बहादुर मानिकपुरी निवासी बिहारपुर थाना जयनगर जिला सूरजपुर को टीम उचित वैधानिक कार्यवाही के तहत् 13 दिसंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा जा रही है और अन्य आरोपियों को पतासाजी की जा रही है और दीगर राज्यों में अभी कोंडागांव पुलिस टीम दबिश दे रही है।

### सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर हुआ विविध आयोजन

**कोंडागांव।** छत्तीसगढ़ सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर कोंडागांव जिले के महात्मा गांधी वार्ड स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान महिलाओं को लैंगिक अपराधों से बालकों के संरक्षण अधिनियम 2012, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, चाईल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और नशे की लत से बच्चों को छुटकारा दिलाने हेतु नशा मुक्ति से संबंधित जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विभागीय योजनाओं से संबंधित एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं और बच्चों ने भाग लिया। इसके साथ ही कुर्सी दौड़ का आयोजन किया गया और सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के अंत में बाल विवाह मुक्त कोंडागांव का शपथ भी लिया गया। इस शपथ के माध्यम से स्थानीय समुदाय को बाल विवाह के खिलाफ जागरूक किया गया और इसके निवारण के लिए सभी ने मिलकर प्रयास करने की प्रतिज्ञा की।

# प्रदेश के मिलर्स की हुई बैठक

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



प्रदेश के सभी मिलर्स ने अपनी मांगें राज्य सरकार से सहमति मिलने उपरांत भी बकाया भुगतान, एसएलसी दर से परिवहन भुगतान एवं अन्य मांगे पूरी नहीं होने पर इस माह की 20 तारीख तक कस्टम मिलिंग कार्य में असहयोग करने का निर्णय लिया हैं। इस संबंध में प्रदेश एसोसिएशन अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने बताया कि, 12 दिसंबर को रायपुर के श्री राम मंदिर वीआईपी रोड के हाल में प्रदेश के समस्त मिलर्स की उपस्थिति में वृहद बैठक हुई जिसमे पूरे प्रदेश से लगभग 2500 राइस मिलर्स उपस्थित कल राज्य सरकार की कैबिनेट की बैठक में चावल उद्योग से संबंधित विषयों पर निर्णय लिया जिसमें मिलर्स को वर्ष 2024-25 की प्रोत्साहन राशि 80 रुपये क्विंटल करने, मिलर्स को वर्ष 2023-24 के प्रोत्साहन की एक किस्त का भुगतान करने के साथ ही पेनाल्टी विषय पर निर्णय लिए गए। मिलर्स वर्ष 2022-23 के प्रोत्साहन की एक किस्त चाहते हैं जबकि कैबिनेट ने वर्ष 2023-24 के भुगतान पर मुहर लगा दी, साथ ही एसएलसी की दर से भुगतान का विषय कैबिनेट में नहीं रखा गया। इन दो बड़ी मांगों पर पूर्व में राज्य सरकार के साथ चर्चा में सहमति के उपरांत भी मांगें पूर्ण नहीं होने पर मिलर्स का धैर्य टूट गया। बैठक में उपस्थित मिलर्स ने कहा कि, यह मिलर्स के साथ वादा खिलाफ़ी हैं। एक तरफ़ मिलर्स में कैबिनेट होने के पूर्व उत्साह का वातावरण बना हुआ था की कैबिनेट में उनकी मांगें पूर्ण होंगी लेकिन कैबिनेट से जो निर्णय आया उससे पूरे प्रदेश के मिलर्स में निराशा का वातावरण बन गया। प्रदेश भर के मिलर्स ने मांग की है कि, प्रदेश सरकार तत्काल निर्णय लेकर जिन विषयों में सहमति बनी उस पर अमल होकर समस्या का समाधान निकाल सके जिससे किसानों को भी कोई असुविधा ना हो। उल्लेखनीय हैं कि, मिलर्स को कस्टम मिलिंग का बकाया भुगतान जो करोड़ों में है वह ना होने से उनकी आर्थिक स्थिति खराब हैं। मिलर के पास बैंक गारंटी बनाने, चावल जमा करने पैसा नहीं है। ऐसी स्थिति में मिलर को भुगतान के अभाव में मिलर कस्टम मिलिंग कार्य करने असमर्थ हो चुका हैं। यह पहला अवसर नहीं है जब मिलर अपनी समस्या को सरकार के सामने रख रहा हैं। एसोसिएशन के माध्यम से अनेकों बार पत्र व्यवहार किया गया। सभी जिलों के मिलर्स ने अपने जिले के जनप्रतिनिधियों को समस्या से अवगत कराया। यह पिछले काफ़ी दिनों से चल रहा था, लेकिन अब तक इसका समाधान नहीं हो पाया।

# ठेकेदार एवं पीडब्ल्यूडी विभाग की लापरवाही से खस्ताहाल हुई सड़कें

पायनियर संवाददाता ➤ भंवरपुर
www.dailypioneer.com





सड़क निर्माण से लेकर सड़क मरम्मत तक के कार्यों में पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा इस कदर लापरवाही बरती जा रही है कि सड़कें न तो समय सीमा पर बन पा रही है और न ही सड़कों का ठीक से रख रखाव हो पा रहा है। खस्ताहाल सड़कों की वजह से सरकार की खूब किरकिरी हो रही है। कांग्रेस सरकार में शुरू हुई भंवरपुर से बड़े साजापाली सड़क निर्माण कार्य में प्रदेश में सरकार बदलने के बाद भी ठेकेदार एवं पीडब्ल्यूडी विभाग की लापरवाही उजागर हो रही है। जो सड़क 3 साल पहले बन जाना था आज तीन कलेक्टर और राज्य की सत्ता में काबिज कांग्रेस सरकार के बदल जाने के बाद भी सड़क निर्माण अधूरी है। भंवरपुर- बड़े साजापाली मार्ग का निर्माण समय सीमा में नहीं होने से क्षेत्र के ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों को यह समझ नहीं आ रहा है कि आखिर सरायपाली से भंवरपुर एवं भंवरपुर से बड़े साजापाली तक सड़क निर्माण का काम लगभग एक साथ प्रारंभ हुआ था। सरायपाली- भंवरपुर तक का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है मगर भंवरपुर से बड़े साजापाली तक सड़क क्यों नहीं बन पाई है ? कहीं न कहीं इसमें ठेकेदार एवं पीडब्ल्यूडी विभाग की लापरवाही उजागर हो रही है। बता दें कि सीजीआरआईडीसीएल अंतर्गत स्वीकृत सरायपाली, उमरिया, भंवरपुर, बड़ेसाजापाली मार्ग उन्नयन एवं मजबूतीकरण कार्य दो भागों में होना था। बताया गया है कि इस मार्ग के सरायपाली - उमरिया - भंवरपुर तक 2300.56 लाख रुपए की लागत से 13.50 किमी सड़क निर्माण मेसर्स जगदंबा कंस्ट्रक्शन कंपनी रायपुर द्वारा किया जा चुका है जबकि भंवरपुर - जमदरहा - बड़ेसाजापाली तक 3484.09 लाख रुपए की लागत से 17.40 किमी का निर्माण मेसर्स आदित्य कंस्ट्रक्शन कोरबा द्वारा अब तक पूर्ण नहीं हो पाया है । बड़ेसाजापाली मार्ग ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण कार्य में घोर लापरवाही बरती जा रही है। जिसका खामियाजा क्षेत्र के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। सड़क निर्माण कार्य को आधा अधूरा छोड़ दिए जाने के कारण ग्रामीणों को आने-जाने में भारी परेशानी हो रही है। बताया जा रहा है कि कार्य की पूर्णता तिथि बहुत पहले ही समाप्त हो चुका है,मगर पीडब्ल्यूडी विभाग कई बार समय वृद्धि कर ठेकेदार को उपकृत कर रहा है। यह भी जानकारी मिली है कि समय पर कार्य पूर्ण नहीं करने पर लाखों रुपए का जुर्माना भी लगाया जा चुका है। अब सवाल यह उठ रहा है कि ठेकेदार को कब तक एक्सटेंशन मिलता रहेगा। लोगों का मानना है कि ठेकेदार को एक्सटेंशन देने के लिए जो जुर्माना लगाया गया है उसकी भरपाई के लिए कहीं न कहीं सड़क निर्माण में कोताही बरत कर पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। मालूम हो कि सभी निर्माण एजेंसियों की बैठक में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि जो ठेकेदार कार्य करने में रुचि नहीं ले रहे हैं उन्हें ब्लैकलिस्टेड करने अधिकारियों को प्रस्ताव बना कर भेजने निर्देशित किया गया है। बैठक के दौरान कहा कि स्वीकृति मिलने के बाद प्रगतिरत अप्रारंभ की विस्तार से समीक्षा की और संबंधित एजेंसियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आगे उन्होंने कहा कि मार्च 2023 तक जितने भी कार्य स्वीकृत किए गए हैं प्रगतिरत है उन्हें शीघ्र पूरा किया जाए। लेकिन यहां कलेक्टर के निर्देशों की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही है। बताया जा रहा है कि पूर्व में इस मार्ग को लेकर एक बार आंदोलन हो चुका है किन्तु क्षेत्रवासियों को अब तक राहत नहीं मिल पाई है। जिससे क्षुब्ध क्षेत्रवासियों द्वारा एक बार फिर वृहद स्तर पर आंदोलन करने की रुप रेखा बना रहे हैं। कुल मिलाकर माना जा रहा है कि कांग्रेस सरकार में शुरू हुई यह सड़क निर्माण आने वाले समय में भाजपा सरकार के लिए बड़ी मुसीबत बन सकती है।

# बड़ेटेमरी के बच्चों को लक्ष्मी पूजा के उपलक्ष्य में न्यौता भोज का आयोजन



पायनियर संवाददाता ➤ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

शासकीय प्रा.शा.बडेटेमरी,उच्च प्रा शाबड़ेटेमरी एवं हाई स्कूल बड़ेटेमरी के बच्चों को लक्ष्मी पूजा के उपलक्ष्य में न्यौता भोज आयोजन, ग्राम - बड़ेटेमरी के समस्त पालक बन्धु एवं ग्रामीण बन्धुओं का अभिनव कार्यक्रम। विकासखंड शिक्षा अधिकारी जे आर डहरिया,विकासखंड स्रोत समन्वयक डॉ पूर्णानंद मिश्रा, एबीईओ बद्रीविशाल जोल्हे,विनोद शुक्ला, लोकेश्वर सिंह कंवर ,संकुल नोडल प्राचार्य शरद प्रधान,संकुल समन्वयक वारिश कुमार के मार्गदर्शन में बसना विकासखंड के संकुल केन्द्र बड़ेटेमरी अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला , उच्च प्रा शा,हाईस्कूल बड़ेटेमरी में लक्ष्मी पूजा कार्यक्रम के उपलक्ष्य में समस्त छात्रों और शिक्षक स्टाफ के लिए न्योता भोज का कार्यक्रम रखा गया। जिससे शासन के आदेशानुसार मध्यान्ह भोजन के साथ ही साथ छात्रों को अतिरिक्त पोषण प्राप्त हो सके,न्योता भोज में भोजन के साथ सलाद,पापड़,खीर,पुड़ी मशरूम,फूलगोभी आलू मटर सब्जी, दाल,टमाटर चटनी,सबको परोसा गया साथ ही साथ समस्त उपस्थितजनों द्वारा ग्रामीण बन्धुओं के इस आयोजन पर खुशी व्यक्त की गयी। ग्रामीण बन्धुओं के सामाजिक आयोजनों में विद्यालय परिवार को जोड़कर बच्चों को प्रोत्साहित करने का यह एक अभिनव प्रयास है। इस अवसर पर विकासखंड स्रोत केन्द्र समन्वयक डॉ पूर्णानंद मिश्रा,गिधली समन्वयक गजेन्द्र नायक ,स्मार्ट टीचर करनापाली वीरेन्द्र कुमार कर की विशेष गरीमामयी उपस्थिति रही। साथ ही संकुल नोडल प्राचार्य शरद कुमार प्रधान, संकुल समन्वयक/ प्रधान पाठक वारिश कुमार, सहायक शिक्षक नीलम कुमार, मथामणि साहू, भोलाप्रसाद सामल, झामा ध्रुव, चम्पतलाल चौधरी, रसोईयागण, स्वीपरगण, शाला प्रबंधन समिति सदस्य एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। न्यौता भोज कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उत्तम सिंह जगत,शुभसिंह जगत, भोला राम जगत,नरेश प्रधान का विशेष योगदान रहा।

## शहर की राजनीतिक रिक्तता, विकास की प्यास बुझाने शत् प्रतिशत सफल हुए भाजपा प्रदेश महामंत्री-प्राची सोनी

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



राज्य में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी सरकार के कार्यकाल का 1 वर्ष पूरा होने पर मोटर स्टैंड वार्ड की पार्षद प्राची सोनी ने कहा है कि यह हम सबके लिए सौभाग्य का विषय रहा कि हमारे क्षेत्र के प्रमुख नेता रामू रोहरा प्रदेश महामंत्री के रूप में अपनी मजबूत उपस्थिति देते हुए सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को क्षेत्र के जमीनी धरातल पर अमलीजामा पहनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है जिसका पूरा.पूरा लाभ हम सभी जनप्रतिनिधियों सहित आम जनमानस को प्राप्त हुआ है। सोनी ने आगे कहा है कि दूसरे अर्थों में रोहरा द्वारा धमतरी में कांग्रेस के विधायक हो जाने पर उत्पन्न राजनीतिक रिक्तता की भरपाई अपनी सक्रियता, निष्ठा, सच्ची लगन के साथ ही साथ पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधि के प्रति समर्पण के कारण शत प्रतिशत की है।

## कण्डेल जनसमस्या निवारण शिविर में मिले आवेदनों का मौके पर किया गया निराकरण



पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

राज्य शासन के निर्देशानुसार आम लोगों की मांग, समस्या और शिकायतों के निराकरण तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में धमतरी विकासखण्ड के ग्राम कण्डेल में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर विभिन्न विभागों को मिले आवेदनों में से अधिकांश आवेदनों का निराकरण मौके पर ही किया गया। शिविर में जनपद सदस्य रामाधार साहू, सरपंच कण्डेल पुष्पा नेताम, अपर कलेक्टर जी आर मरकाम, एसडीएम धमतरी पवन प्रेमी, डिप्टी कलेक्टर मरकाम सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपस्थित ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच कर निःशुल्क दवाईयां वितरित की गई। साथ ही कृषि विभाग द्वारा फसल चक्र परिवर्तन सहित विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। कृषक उन्नति योजना के तहत लाभान्वित 6 किसानों मोतीलाल यादव, खूबचंद साहू, डोमन साहू, हीराधर साहू, प्रेमलाल यादव और राधेश्याम साहू का सम्मान किया गया।

## विष्णुदेव सरकार में लगातार विकास कार्य चल रहे : राजेंद्र गोलछा

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com



आदिम जाति सेवा सहकारी समिति सिहावा के अंतर्गत धान खरीदी केंद्र सिहावा में भाजपा शासन काल के एक वर्ष पूरा होने पर सुशासन दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी वरिष्ठ नेता एवं जिला मंत्री राजेंद्र गोलछा उपस्थित रहे। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष रामलाल नेताम विशेष अतिथि के रूप में भाजपा जिला मंत्री एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रेमलता नागवंशी, भाजपा के वरिष्ठ नेता नेमसिंह साहू, सिरसिदा के पूर्व सरपंच सुभद्राबाई ध्रुव, छिपलीपारा बुथ अध्यक्ष बंशीलाल उपस्थित रहे। इस अवसर पर किसानों को शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के आसंदी से राजेंद्र गोलछा ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन की सरकार चल रही है और हमारे इस सरकार के द्वारा विगत 2023 के विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गारंटी के रूप में की गई घोषणाओं में अस्सी प्रतिशत घोषणाओं को पूर्ण कर लिया गया है। विष्णु देव के सरकार छत्तीसगढ़ में लगातार विकास कार्य चल रहे हैं वहीं यह जो सरकार है किसानों की सरकार के रूप में कार्य कर रही है। किसानों के लिए किए गए हर वादों को पूरा करते हुए सरकार ने 2 साल का बोनस किसानों को दिया है। इसके अतिरिक्त इक्कतीस सौ रूपए में धान खरीदी प्रारंभ की गई। किसानों को अपने ऊपज का एक मुस्त भुगतान भी किया जा रहा है। टोकन की प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया गया है जिससे किसानों को खरीदी केंद्र में टोकन के लिए चक्कर लगाने से समय की बचत हो रही है और किसानों को आसानी से धान बेचने में सुविधा हो रही है। इसके अतिरिक्त पूर्ववर्ती सरकार के द्वारा हमेशा कुछ न कुछ बहाना बनाया जाता था। अधिकांश तौर पर बारदाना की समस्या बताई जाती है। लेकिन हमारे सरकार में किसानों को धान खरीदी करने में किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो रही है। बारदाना सहित हर चीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। सरकार के द्वारा समय से किसानों को भुगतान एक मुस्त किया जा रहा है। वहीं कांग्रेस के लोग वर्तमान समय में अफवाह की राजनीति कर रहे हैं। इस बात को किसान अच्छी तरह से समझ चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किसानों की आय दुगुनी करने की बात कही है। निश्चित तौर पर प्रदेश एवं केंद्र की भाजपा सरकार किसानों की आय दुगुनी करने की दिशा में काम कर रही है। एक और केंद्र की सरकार भ्रष्टाचार मुक्त सरकार के रूप में स्थापित है वहीं दूसरी ओर हमारे विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन की सरकार के द्वारा भी भ्रष्टाचार मुक्त सरकार के रूप में काम कर रही है जिसके तहत भ्रष्टाचार के जितने भी रास्ते हैं उसे बंद किया जा रहा है। सरकार बनते ही प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत गरीबों को मिलने वाला आवास जिसे पिछली सरकार ने रोककर रखा था। सभी गरीबी रेखा अंतर्गत आने वाले पात्र हितग्राहियों को अट्ठारह लाख आवास की स्वीकृति हमारी सरकार ने दिया। महिलाओं को एक हजार महतारी वंदन की राशि हर माह दिया जा रहा है जिससे हमारी माताएं बहनें सशक्त हो रही है। तेंदूपत्ता का भुगतान भी 5500 से किया गया है और तेंदुपत्ता हितग्राहियों को मिलने वाली अन्य सुविधाएं भी प्रारंभ की गई है। क्षेत्र की विकास कार्य 5 साल में ठप्प हो गई थी। लेकिन अब हमारी सरकार बनने के बाद बदहाल सड़कों को ठीक करने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम को समिति के अध्यक्ष रामलाल नेताम, प्रेमलता नागवंशी, नेमसिंह साहू ने सम्बोधित किया। उपस्थित किसानों का सम्मान किया गया। इस दौरान समिति के प्रबंधक राजेश यदु, क्षेत्र के किसान, समिति में कार्यरत कर्मचारी, हमाल उपस्थित रहे।

## गंगरेल मंडल के सैकड़ो कार्यकर्ता हुए रायपुर रवाना



पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

उमेश साहू अध्यक्ष भाजपा गंगरेल मंडल के नेतृत्व में जिला भाजपा के निर्देश पर लगभग 600 कार्यकर्ता रायपुर के लिए रवाना हुए। भाजपा शासन को 1 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा का रायपुर आगमन हो रहा है जिसमें भाजपा सरकार की 1 साल का रिपोर्ट कार्ड पेश करेंगे और आने वाले निगम और पंचायत चुनाव में कार्यकर्ताओं में जोश भरेंगे। अध्यक्ष उमेश साहू ने बताया कि रायपुर कार्यक्रम के लिए 3 दिन पहले से संगठन स्तर पर योजना बनाई गई जिसके आधार पर प्रत्येक गांव से कार्यकर्ताओं को जाना तय हुआ और आज समय से सभी कार्यकर्ता सैकड़ो की संख्या में रायपुर पहुंचे। उमेश साहू ने सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं की रायपुर पहुंचने पर सभी कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम के प्रभारियो को शुभकामनाएं दिए।

## हॉलर मिल मालिक को जिला खाद्य अधिकारी से जान, माल का खतरा

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

चोपड़ा हॉलर एंड फ्लोर मिल नगरी के संचालक गणेश ने एक शिकायत 24.10.2020 को प्रेषित करते हुए धमतरी में पदस्थ खाद्य अधिकारी बसंत कोर्राम के विरूद्ध जान से मारने एवं हानि पहुंचाने की संभावना को लेकर अपनी सुरक्षा की मांग करते हुए इसकी शिकायत जिला प्रशासन से लेकर राजधानी तक की थी। लेकिन इनकी शिकायत को किसी ने भी गंभीरता से नहीं लिया और किसी प्रकार की कोई जांच संबंधित के खिलाफ नहीं की गई जिससे दुखी होकर आवेदक द्वारा मुख्यमंत्री से इसकी शिकायत करते हुए जांच की मांग की थी। इनका आरोप है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री एक ओर लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिये अनेक कार्य प्रदेश में संचालित करवाये हुए हैं। लेकिन खाद्य अधिकारी द्वारा इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता और मुख्यमंत्री के घोषणाओं की अवहेलना की जा रही है। इसे लेकर जब उन्होंने खाद्य अधिकारी से लघु उद्योग के संबंध में चर्चा की तो उन्होंने संतुष्टिप्रद जवाब नहीं दिया और देख लेने की बात कही। इससे शिकायतकर्ता एवं उसके परिवार ने कहा है कि हमें कुछ भी होता है तो उसकी जवाबदारी खाद्य अधिकारी की होगी। खाद्य अधिकारी की बात सुनकर उसकी माता जी को हार्ट अटैक हो गया जिसके जिम्मेदार खाद्य अधिकारी हैं। मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र के आधार पर इसकी जांच खाद्य सचिव को जांच हेतु प्रेषित की गई। शिकायत के आधार पर संचालनालय खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण रायपुर द्वारा पत्र क्रमांक 7934/संचा-जनदर्शन/137/2024 नवा रायपुर दिनांक 3.12.2024 के द्वारा कलेक्टर धमतरी को उक्त पत्र प्रेषित करते हुए इसकी जांच कराकर, जांच उपरांत प्रतिवेदन संचालनालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। लेकिन संचालनालय खाद्य आपूर्ति निगम के पत्र के परिपालन में जिले के वरिष्ठ अधिकारी द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है जिससे शिकायतकर्ता गणेश में भारी भय व्याप्त है। शासन के पत्रों को किस तरह दबाकर रखा जाता है, इसका एक और उदाहरण चोपड़ा हॉलर एंड फ्लोर मिल नगरी के प्रकरण से दिया जा सकता है जिसके शिकायत पर संचालनालय द्वारा लिखे गये कलेक्टर को पत्र के आधार पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई, न ही जांच की गई है जिससे चोपड़ा हॉलर एंड फ्लोर मिल नगरी के प्रोप्राइटर एवं इसके परिवार पर भय व्याप्त है। इससे पूर्व भी

### मुख्यमंत्री से गुहार, संचालनालय के पत्र का जिला प्रशासन पर कोई असर नहीं

शासन के सामान्य प्रशासन विभाग के द्वारा जो पत्र स्थानांतरण को लेकर समस्त कलेक्टरों को प्रेषित किये गये थे उसका भी पालन 9 माह बाद संबंधित खाद्य निरीक्षक को स्थानांतरित कर किया गया। जिला प्रशासन कार्यालय में न सिर्फ छग शासन के अनेक पत्र के आदान प्रदान होते हैं, अलावा इसके जिलेवासियों द्वारा भी अपने क्षेत्र की समस्याओं, शिकायतों को प्रतिदिन आवक जावक शाखा में दिया जाता है। उन्हें उम्मीद रहती है कि शासन से मिलने वाले पत्र एवं उनके द्वारा दिये गये पत्र पर फौरी कार्यवाही होगी। लेकिन बड़े दुर्भाग्य के साथ बताना पड़ रहा है कि एक ओर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सुशासन एवं आम नागरिकों से सम्मानपूर्वक व्यवहार किये जाने एवं उनकी समस्याओं को तत्काल निराकृत करने का निर्देश दिया जाता है, वहीं दूसरी ओर जिला प्रशासन के अधिकारी द्वारा ऐसे पत्रों को लंबित रखकर संबंधित व्यक्तियों को अनाधिकृत परेशान किया जाता है जिसे लेकर स्थानीय लोगों में भी काफी निराशा है। इनका कहना है कि शासन एवं प्रशासन का कार्य अनेक होता है जिसमें वे कार्य करते रहते हैं। लेकिन उन्हें यह भी देखना चाहिये कि ऐसे मिलने वाले पत्रों, शिकायतों की भी जांच एवं कार्यवाही कर उसका निराकरण किया जाना आवश्यक होता है। सामान्य प्रशासन विभाग के जिस पत्र की बात उल्लेखित है, उसमें साफ लिखा गया था कि प्रशासनिक दृष्टिकोण से स्थानांतरित किये गये अधिकारी, कर्मचारियों को सात दिवस के भीतर संबंधित नये कार्यक्षेत्र में रिफर किया जाये। लेकिन जिला प्रशासन के अधिकारी द्वारा ऐसे पत्रों को नजरअंदाज कर उक्त खाद्य निरीक्षक जिसका तबादला अन्यत्र हुआ था, उसे रोका गया। अब इसी कड़ी में हॉलर मिल के संचालक का पत्र भी चर्चा का विषय बना हुआ है। हॉलर मिल के संचालक द्वारा मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र के आधार पर संचालनालय खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण के अपर संचालक द्वारा 3.12.24 को कलेक्टर को लिखे गये पत्र में खाद्य बसंत कोर्राम के विरूद्ध जांच कर उक्त कार्यालय को सूचित किये जाने का उल्लेख किया गया है। लेकिन हॉलर मिल के संचालक गणेश ने बताया कि पिछले तीन साल से खाद्य अधिकारी द्वारा लघु उद्योगों के संबंध में कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। इसी बात को लेकर उसने मुख्यमंत्री जनदर्शन में 11.3.2020 को एक शिकायत प्रस्तुत की थी जिसकी जांच हेतु खाद्य सचिव को यह शिकायत प्रेषित की गई। नागरिक आपूर्ति निगम के अपर संचालक ने कलेक्टर को इस माह तीन तारीख को उक्त व्यक्ति के शिकायत की जांच के निर्देश दिये हैं। इस पूरे मामले को लेकर जिला खाद्य अधिकारी बसंत कोर्राम से दूरभाष पर चर्चा कर उनका पक्ष लिये जाने का प्रयास किया गया लेकिन उनका मोबाईल कवरेज क्षेत्र से बताने के कारण उनका पक्ष नहीं लिया जा सका।

## आईटीआई भटगांव में नि :शुल्क कौशल प्रशिक्षण के लिए आवेदन 30 दिसम्बर तक

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत जिले के युवाओं को आईटीआई भटगांव, धमतरी में असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए दसवीं पास, 18 से 45 वर्ष तक की आयु के इच्छुक युवाओं से आगामी 30 दिसम्बर तक आवेदन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था धमतरी में मंगाए गए हैं। संस्था के प्राचार्य ने बताया कि यह प्रशिक्षण तीन माह का है तथा युवाओं के लिए पूरी तरह निःशुल्क है। प्रशिक्षण अवधि में सैद्धांतिक और प्रायोगिक ज्ञान भी प्रदाय किया जाएगा, ताकि इस कौशल का उपयोग कर रोजगार के नये अवसर प्राप्त कर सके।

## व्यवहार न्यायालय में विश्व मानवाधिकार दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com



विश्व मानवाधिकार दिवस के अवसर पर व्यवहार न्यायालय परिसर में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि प्रधान न्यायिक दंडाधिकारी, कुटुंब न्यायालय के प्रफुल्ल सोनवानी ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम को शोभायमान किया। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक चातुरी नंद, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी नमिता मिंज भास्कर, शासकीय अधिवक्ता दीपक चौहान, वरिष्ठ अधिवक्ता रामनारायण आदित्य और अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पुरुषोत्तम पटेल ने भी भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन विश्व मानवाधिकार आयोग द्वारा मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता और जिज्ञासा उत्पन्न करने के उद्देश्य से किया गया। कायक्रम का संचालन डॉ. सुश्री शुभ्रा डडसेना ने कुशलतापूर्वक किया। उन्होंने अपनी सहज और प्रभावशाली शैली से पूरे कायक्रम को आकर्षक बनाया। समाजसेविका और विश्व मानवाधिकार आयोग की राष्ट्रीय सदस्य अनिता चौधरी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा, मानवाधिकार केवल एक कानूनी संरचना नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक व्यक्ति के जीवन की गरिमा और स्वतंत्रता का आधार है। इसे सुरक्षित रखना हमारा सामूहिक दायित्व है। मुख्य अतिथि प्रफुल्ल सोनवानी ने अपने संबोधन में कहा कि मानवाधिकार प्रत्येक व्यक्ति का जन्मसिद्ध अधिकार है और समाज में इसकी सुरक्षा सुनिश्चित करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने न्याय और समानता के मूल्यों पर जोर देते हुए कहा, एक संवेदनशील समाज तभी विकसित हो सकता है, जब हर व्यक्ति के अधिकारों का सम्मान हो। विधायक चातुरी नंद ने मानवाधिकारों की व्यापकता पर प्रकाश डालते हुए कहा, सामाजिक न्याय और समानता को बढ़ावा देने के लिए हमें मानवाधिकारों की रक्षा करनी होगी। इस दिशा में ऐसे कायक्रम जागरूकता फैलाने में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी नमिता मिंज भास्कर ने महिलाओं और बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा, समाज में व्याप्त असमानता को दूर करने के लिए हमें सतत प्रयास करने की आवश्यकता है। इस कायक्रम में राजेंद्र दास, भूपेंद्र सतपथी, अमित चौरसिया और टिकेश्वर मिश्रा ने भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अन्य उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में रमेश प्रधान, संतोष मिश्रा, विजय प्रधान, के.वी. खान, दिनेश प्रधान, हरिकृष्ण नायक सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता और नागरिक शामिल थे। कायक्रम ने मानवाधिकारों के महत्व को रेखांकित करते हुए यह संदेश दिया कि मानवाधिकार केवल एक अवधारणा नहीं, बल्कि हर व्यक्ति के जीवन का मूल आधार हैं। वक्ताओं ने अपने विचारों से सभी को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। विश्व मानवाधिकार आयोग के इस आयोजन ने न केवल मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाई, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच पर लाकर उनके अधिकारों की रक्षा के लिए सामूहिक प्रयासों का आह्वान भी किया। इस आयोजन ने न केवल न्यायालय परिसर में बल्कि पूरे समाज में मानवाधिकारों के प्रति एक नई सोच और ऊर्जा का संचार किया। यह कायक्रम हर वर्ग के लिए एक प्रेरणा बना कि मानवाधिकारों की रक्षा और संवर्धन के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है ।

## वरिष्ठ शिक्षाविद युधिष्ठिर कर शासकीय नवीन महाविद्यालय भंवरपुर के अध्यक्ष नियुक्त



पायनियर संवाददाता ➤ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के महासमुन्द कलेक्टर ने जिले के तीन महाविद्यालयों में जनभागीदारी समिति अध्यक्ष और उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। कलेक्टर द्वारा जारी पत्र के अनुसार सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के शासकीय नवीन महाविद्यालय भंवरपुर के लिए जिले के ख्यातनाम शिक्षाविद एवं सेवा निवृत प्राचार्य युधिष्ठिर कर को जनभागीदारी समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। हम आपको बता दें कि कर चार दशक से भी अधिक समय तक शिक्षा विभाग में अपनी सेवाएं प्रदान किए हैं। इस दौरान उनकी कार्यशैली, अध्यापन कुशलता और शिक्षा के प्रति जीवटता से वे समूचे शिक्षा जगत में शिक्षकों के लिए सेवा निवृत होने के वर्षों बाद आज भी आदर्श बने हुए हैं । भंवरपुर के शासकीय नवीन महाविद्यालय में कलेक्टर विनय कुमार लगेंह द्वारा उन्हें अध्यक्ष नियुक्त किए जाने के बाद इस महाविद्यालय के विकास और अन्य शैक्षणिक गतिविधियों में निरंतर इनके अनुभव का लाभ मिलने की उम्मीद की जा रही है। वरिष्ठ शिक्षाविद युधिष्ठिर कर की इस नियुक्ति पर शिक्षा जगत के लोगों में हर्ष व्याप्त है।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर जनसंपर्क विभाग ने लगाई विकास कार्यों की प्रदर्शनी

## एक वर्ष के कार्यकाल में राज्य सहित जशपुर का तेजी से हुआ विकास : शांति भगत

पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में गठित राज्य सरकार का एक साल उपलब्धियों से भरा रहा। इसी उपलक्ष्य में आज जनादेश परब मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में जनसंपर्क विभाग द्वारा राज्य सरकार के द्वारा एक साल में जनकल्याण के लिए लागू की गई योजनाओं, कार्यक्रमों और इससे लाभान्वित लोगों से संबंधित प्रदर्शनी रणजीता स्टेडियम के बगल में लगाई गई है। इस मौके पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष शांति भगत ने जनसंपर्क स्टॉल का फिता काटकर शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर पालिका अध्यक्ष राधेश्याम राम, विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद जिला पंचायत सदस्य लालदेव भगत, पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह सहित अन्य अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। अतिथियों ने प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से लोग सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के संबंध में जानकारी लेकर इसका लाभ ले सकते हैं। इस अवसर पर मती शांति भगत ने कहा कि विष्णुदेव के नेतृत्व में बनी सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल में राज्य सहित जशपुर का तेजी से विकास हुआ है। चुनाव के समय मोदी की गांरटी को लागू करने के साथ ही बेहतर सुशासन देने का जो वादा किया था, उस पर पूरी तरह से अमल हो रहा है। यह हम सब के लिए शौभाग्य की बात है कि मुख्यमंत्री साय हमारे जिले से हैं। उन्होंने कहा कि डॉ. रमन सिंह की सरकार के समय गरीबों को ध्यान में रखते हुए चावल देने की योजना शुरू की थी। इसी को आगे बढ़ाते हुए छत्तीसगढ़ सरकार गरीबों को निःशुल्क चावल प्रदाय कर रही है। मती भगत ने कहा कि किसान सम्मान निधि की राशि देकर खेती किसानी को प्रगतिशील बनाने के साथ ही किसानों का फसल का उचित मूल्य दिया जा रहा है। महतारी वंदन योजना के माध्यम से से महिलाएं सशक्त हो रही है। पीएम जनमन योजना के माध्यम से विशेष पिछड़ी जनजाति समाज को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। जिला पंचायत सदस्य लालदेव भगत ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार चुनाव के समय किए गए घोषणाओं को प्रमुखता से लागू कर रही है। आम जनता की मूलभूत जरूरतों को ध्यान में रखकर सरकार कार्य कर रही है। धान खरीदी, महतारी वंदन योजना, पीमए आवास योजना का लाभ समाज के सभी वर्गों को मिल रहा है। पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह ने कहा कि इस देश की प्रमुख आंतरिक समस्या लाल आतंक के खिलाफ पूरे जोर-शोर से अभियान चलाया जा रहा है। सुरक्षाबल दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ नक्शलियों के खात्मे के अभियान में जुटी है। इसके साथ ही जिले में पशु तस्करी के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के द्वारा कैंप कार्यालय से महिलाओं की सुरक्षा के लिए नोनी रक्षा दल और नोनी रक्षा रथ की शुरूआत की थी। इसके माध्यम से महिलाओं को तत्काल सुरक्षा प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में यूनिसेफ की मदद से सेफक्लीक कार्यक्रम के माध्यम से तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित कर लोगों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया है। जनसंपर्क विभाग जशपुर की सहायक संचालक नूतन सिदार ने कार्यक्रम में आए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सहायक सूचना अधिकारी गोपाल कृष्ण शुक्ल और रविन्द्र कुमार चौधरी, सहायक ग्रेड-01 सुषमा कुजूर, सहायक ग्रेड-02 विनोद कुमार यादव, जिला समन्वयक रेणुका दीवान और दीपक पटेल सहित विभाग के अन्य कर्मचारी रविन्द्र विश्वकर्मा, राजकुमार पैंकरा, अशोक तिर्की और पत्रकारगण सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# सरकार के एक साल पूरे होने पर आदर्श विद्यालय में हुए विविध आयोजन

पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



सरकार गठन के एक वर्ष पूरे होने पर स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जशपुरनगर में कई प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। सुशासन पर पेंटिंग, पोस्टर और फैंसी ड्रेस की प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई, जिसमें छात्रों ने उत्साह के साथ भाग लिया। महतारी वंदन योजना, कृषक उन्नति योजना, राष्ट्रीय राजमार्ग उन्नयन, प्रधानमंत्री आवास योजना, एक पेड़ माँ के नाम, बिलासपुर से वायुयान सेवा, जल जीवन मिशन, कटघोरा से डोंगरगढ़ रेल मार्ग, तेंदूपत्ता संग्रहण 5500 रुपये करने जैसी सरकार की जनहितकारी योजनाओं गतिविधियों से जोड़ते हुए पेंटिंग और पोस्टर बनाये। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के प्रतिभागियों ने शासन की योजनाओं गतिविधियों से जुड़े संवाद के साथ किसान, महिला, वृक्ष, डॉक्टर, जल की बूंद, जनजातीय संस्कृति आदि का अभिनय करते हुए अपनी प्रस्तुति दी। कुछ विद्यार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, बिरसा मुंडा, डॉ. भीमराव अंबेडकर बनकर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया। छात्रों की वेश भूषा और उनके संवाद में शासन की योजनाओं के समावेश ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता को जीवंत कर दिया। इस कायक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा कार्यालय, जशपुर के सहायक संचालक देवकांत द्विवेदी ने छात्रों के द्वारा बनाये गए पोस्टर, पेंटिंग और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के प्रतिभागियों की वेशभूषा और संवाद कौशल की सराहना की । पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवन से जुड़े प्रसंग छात्रों के साथ साझा करते हुए द्विवेदी ने छात्रों को निरन्तर सीखने और अपने स्तर में सुधार के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सहायक जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा जशपुर विनय कुमार सिन्हा ने छात्रों की प्रस्तुति की प्रशंसा की। सिन्हा ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अभी आपकी उम्र सीखने और पढ़ाई करने की है। आप पूरे मनोयोग से इसमें लग जाएं, और अपना सर्वश्रेष्ठ करें, यही सच्ची देशसेवा है। पेंटिंग प्रतियोगिता में आशीष भगत, कक्षा 7वीं प्रथम, नीरज लकड़ा कक्षा 8 वीं द्वितीय, चन्दन साय कक्षा 6 वीं तृतीय; पोस्टर प्रतियोगिता में आयुष भगत कक्षा 12वीं प्रथम, प्रेमसागर कक्षा 11वीं द्वितीय, रोशन पैंकरा कक्षा 11 वीं तृतीय; फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता कनिष्ठ वर्ग में नोजय नागदेव कक्षा 7वीं प्रथम, प्रिंस लकड़ा कक्षा 8 वीं और पवन मांझी कक्षा 8वीं द्वितीय, अमन खलखो कक्षा 7 वीं तृतीय; फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता वरिष्ठ वर्ग में आशीष भगत कक्षा 11वीं प्रथम, विनोद राम कक्षा 11वीं और दिनेश नाग कक्षा 12 वीं द्वितीय, शिवा लहरे कक्षा 10 वीं और अमिश कुमार कक्षा 12 वीं ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन सभी को मुख्य अतिथि देवकांत द्विवेदी, विशिष्ट अतिथि विनय कुमार सिन्हा और प्राचार्य खान वक्कारुज्जमां खां ने पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ व्याख्याता लोरिया लकड़ा ने आभार व्यक्त किया। श्वेता दुबे व्याख्याता ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शाला के सभी शिक्षकों और कर्मचारियों ने सक्रिय योगदान दिया।

# कुरूद में हो रहे अवैध अतिक्रमण पर बेदखली अभियान चलाया-निगम ने

पायनियर संवाददाता ‹ भिलाई
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के जोन क्रमांक 02 वैशालीनगर अंतर्गत ग्राम कुरूद शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा की शिकायत प्राप्त हुई थी। निगम आयुक्त द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण पर रोक लगाने के निर्देश दिये थे, कि भिलाई शहर में कहीं भी अवैघ कब्जा न हो। निर्देश के बाद जोन 2 के राजस्व अमले ने कुरूद में शासकीय भूमि पर हुए अवैध कब्जे को बेदखल किया। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने बुधवार को समीक्षा बैठक में निर्देश दिए थे। कि निगम क्षेत्र में होने वाले अवैध कब्जे की मानिटरिंग कर रिक्त करवाएं। जिसके परिपालन में जोन आयुक्त येशा लहरे के निर्देश पर जोन 2 का राजस्व अमला ने बेदखल किया। जोन के सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे ने बताया कि कुरूद वार्ड 21 में मानसरोवर मंदिर के सामने मैदान में रहवासियो द्वारा वृक्षारोपण के नाम पर शासकीय भूमि में तार धेरा कर अवैध कब्जा किया गया था, जिसे जे.सी.बी. के माध्यम से हटाया गया और भूमि को समतल किया गया। बेदखली कार्यवाही के दौरान पुषण देशमुख, अरूण सिह, हरि ताम्रकार, गुप्ता नंद तिवारी, कृष्ण कुमार सुपैत, मदन मोहन तिवारी, प्रतिक तिवारी, जागेश्वर पटेल, तोडफोड दस्ता के प्रभारी अंजनी सिंह, कन्हैया यादव, मंगल कुरे, आदि उपस्थित थे।

# बगीचा नगर के सुव्यवस्थित विकास के लिए कलेक्टर ने किया निरीक्षण, जल आपूर्ति व्यवस्था प्रारम्भ के निर्देश

## राजपुरी जलप्रपात को विकसित करने योजना निर्माण के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ‹ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



बगीचा नगर पंचायत के क्षेत्र को सुव्यवस्थित रूप से विकसित करने के लिए शुक्रवार को कलेक्टर रोहित व्यास ने निरीक्षण किया। इस दौरान सर्वप्रथम उन्होंने बगीचा बस स्टैण्ड का निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने सभी हाई मास्ट लाइटों में लगी लाइटों के सुधार एवं बस स्टैण्ड को सुव्यवस्थित करने के साथ ही पास स्थित मंडी को भी एक साथ विकसित एवं व्यवस्थित करने के लिए कार्ययोजना निर्माण के निर्देश दिए। उन्होंने बस स्टैण्ड में स्थित आश्रय स्थल का निरीक्षण करते हुए बनाये जा रहे शौंचालयों का भी अवलोकन किया। इसके बाद उन्होंने बगीचा के तालाब को नगर के वासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनाने के लिए कार्ययोजना बनाने एवं तालाब में पानी की वर्ष भर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पास स्थित जल स्त्रोतों में जल के भराव हेतु सर्वे कराकर योजना निर्माण के निर्देश दिए। उन्होंने राजपुरी में स्थित जल आवर्धन योजना के तहत की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए नगर में जल आपूर्ति की टेस्टिंग पूर्ण कर जल्द से जल्द चालु किया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने जल वृद्धि के लिए स्टॉप डेम एवं अन्य संरचना बनाने को कहा। राजपुरी जलप्रपात पहुंच उन्होंने जलप्रपात के निकट पर्यटकों के लिए बनाई गई सुविधाओं का अवलोकन करते हुए यहां पर्यटन के लिए कार्यरत स्वसहायता समूह की महिलाओं के आय में वृद्धि एवं पर्यटन केंद्र के रखरखाव के लिए समुदाय आधारित पर्यटन के आधार पर प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें तैयार करने को कहा। उन्होंने यहां नियमित रूप से सफाई करवाने के साथ सौंदर्यीकरण करने एवं असामाजिक तत्वों को पर्यटन क्षेत्र से हटाने के लिए पुलिस के द्वारा लगातार क्षेत्र में नियमित रूप से पेट्रोलिंग किये जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पर्यटन केंद्र में सीसीटीव्ही स्थापित करने एवं जलप्रपात के नीचे पानी के ठहराव के लिए जल संसाधन विभाग के माध्यम से परियोजना निर्माण को कहा। उन्होंने बगीचा के नगर के चौक चौराहों के सौंदर्यीकरण के लिए भ्रमण करते हुए योजनाबद्ध तरीके से कार्य कराने को कहा। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच मरीजों के परिजनों से चर्चा भी की। इसके अतिरिक्त व्यायाम शाला एवं योग भवन का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर एसडीएम ऋतुराज सिंह बिसेन, नगर पंचायत सीएमओ एम पी तिवारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# उद्यानों को साफ-सुथरा बनाने के लिए चल रहा है, विशेष सफाई अभियान



पायनियर संवाददाता ‹ भिलाई
www.dailypioneer.com

नगर निगम भिलाई क्षेत्र में 150 से अधिक उद्यान है उन उद्यानों में साफ सफाई के लिए विशेष गैंग के द्वारा कार्ययोजना बनाकर अभियान चलाया जा रहा है आज नेहरू नगर के गणेश उद्यान में सफाई अभियान चलाया गया। भिलाई शहर के सभी जोन क्षेत्र में उद्यानों का निर्माण किया गया है। जहां पर आस-पास के वरिष्ठ नागरिकगण, बच्चे आदि खेलने, टहलने एवं व्यायाम करने आते रहते है। उद्यान साफ-सुथरा एवं हरा भरा रहने से पर्यावरण भी सुन्दर रहता है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय का सख्त निर्देश है, कि सभी उद्यानों में कैलेंडर बनाकर के सफई अभियान चलाया जाए। नगर निगम भिलाई के उद्यान साफ सुथरे हो, हरे-भरे हो, उसमें बराबर पानी मिले, खाद मिले जिससे हरियाली बनी रहे। इसके साथ ही नागरिकों से भी अपील है कि किसी प्रकार की गंदगी ना फैलाएं, पेड़ पौधों को ना तोड़े, उसे साफ सुथरा रखें। गार्डन को साफ सुथरा रखना सब की जिम्मेदारी है नगर निगम भिलाई के सीमित संसाधन है सभी उद्यानों में एक साथ सफाई नहीं की जा सकती है इसलिए सब लोग मिलकर सहयोग करेंगे, हमारे उद्यान हरे भरे रहेंगे।

# सांतरा मंडी में धान खरीदी 04 दिन से बंद किसान हो रहे है परेशान, शासन प्रशासन मौन


पायनियर संवाददाता ‹ पाटन
www.dailypioneer.com



दुर्ग जिले के सेलूद शाखा अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्यादित सांतरा पंजीयन क्रमांक 2517 में धान खरीदी केंद्र में खरीदी पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया है। जिसकी सूचना जिला विपणन अधिकारी को दिया गया है। समिति के कर्मचारियों ने मीडिया को जानकारी शेयर करते हुए बताया कि धान की परिवहन नहीं होने के कारण खरीदी बंद किया गया है। 14 नवंबर से 2024 /25 के लिए धान खरीदी किया जा रहा है जो 9 दिसंबर तक 23 224.80 कुंटल धान खरीदी हो गई है। जिसमें से आज समिति में 23224.80 कुंटल धान शेष है। जो कि समिति के बपर लिमिट से 84280.00 कुंटल से बहुत अधिक है। सभी चबूतरे पूर्ण रूप से भर गए हैं एवं जमीन पर भी डनेज स्टेट भी पूर्ण रूप से भर गया है। समिति का खरीदी स्थल बहुत ही छोटा होने के कारण 10 दिसंबर से समिति में खरीदी के लिए जगह नहीं होने के कारण खरीदी बंद है। आगामी दिनों की खरीदी जारी रखने के लिए परिवहन करने आवश्यक है। समिति में 4 दिन से खरीदी बंद है। लेकिन अभी तक एक भी डी ओ जारी नहीं हुआ है। जिसकी प्रतिलिपि पंजीयक सहकारी संस्थाएं दुर्ग, खाद्य अधिकारी जिला दुर्ग, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पाटन,तहसीलदार पाटन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग, शाखा प्रबंधक सेलूद को सूचना दे दी गई है। आपको बता दें धान खरीदी केंद्र सांतरा में 3 दिन से धान खरीदी बंद कर दी गई है। जिससे किसानों में आक्रोश है। धान खरीदी नहीं होने से सबसे ज्यादा परेशान किसान नजर आ रहे हैं आगामी दिनों में पाटन विधान सभा के और कई खरीदी में बंद होने की स्थिति निर्मित हो गई है। एसडीएम और तहसीलदार के निरीक्षण के बाद भी धान का उठाव नहीं हो रहा है। आज तक प्रशासन के द्वारा पाटन ब्लॉक के किसी भी धान खरीदी केंद्र से धान का उठाव नहीं हो पाया है। खासकर सांतरा धान खरीदी केंद्र से भी किसी प्रकार की परिवहन नहीं की गई है। जिससे धान खरीदी केंद्र में जाम हो गई है। और किसानों से धान की खरीदी समिति के द्वारा बंद कर दी गई है। सेवा सहकारी समिति सांतरा के प्राधिकृत अध्यक्ष राजू चंद्राकर ने मीडिया को जानकारी शेयर करते हुए बताया कि भाजपा सरकार किसान हितैषी सरकार है।

# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुगदा में करियर काउंसलिंग का आयोजन

## भविष्य तय करती है विद्यार्थी जीवन में की गई मेहनत: जैन






पायनियर संवाददाता ‹ भिलाई
www.dailypioneer.com

छात्र व पालकों के परामर्शदाता चिरंजीवी जैन ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुगदा में कक्षा 10वीं, 11वीं व 12वीं के छात्र/छात्राओं के लिए करियर काउंसलिंग का एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें उन्होने छात्र/छात्राओं को अपनी क्षमता व रुचि के अनुरूप करियर चयन के लिए मार्ग दर्शन दिये। उन्होने छात्र/छात्राओं को यह बताया कि 16 से 25 वर्ष की उम्र विद्यार्थियों के जीवन में विशेष स्थान रखती है और इस उम्र में की गई मेहनत ही भविष्य के जीवन के मार्ग को प्रशस्त करती है। इस कार्यक्रम में कुछ प्रेरणादायी वीडियो का भी प्रदर्शन किया गया। इन वीडियो में यह दिखाया गया कि अपनी दृढ़ शक्ति से समाज के निम्न तबके के परिवार के बच्चे भी आई.ए.एस., आई.पी.एस. या डॉक्टर बनकर अपने साथ-साथ अपने परिवार व देश का नाम रोशन कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में छात्र/छात्राओं के द्वारा करियर सम्बन्धी और आगामी परीक्षओं से सम्बन्धित पूछे गये प्रश्नों का भी जैन ने बहुत ही सुन्दर ढंग से उत्तर दिया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के संस्था प्रमुख सोमेन कुंडू ने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत कर अपने और अपने परिवार के साथ-साथ समाज व देश का नाम रोशन करने के लिए कड़ी मेहनत करने प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में संकुल समन्वयक कौशलेन्द्र भारद्वाज तथा विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता संजीव कुमार देवांगन व अन्य व्याख्याता गणों ने भी उपस्थित रहकर अपना सहयोग दिया।

# नालियों में गोबर बहाया तो डेयरी संचालकों से निगम वसूलेगा जुर्माना

पायनियर संवाददाता ‹ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत कमिश्नर सुमित अग्रवाल के निर्देश पर अभियान शुरू किया जाएगा। संचालित डेयरी व पशुपालकों की बैठक आयोजित की गई।बैठक में डेयरी व्यवसाय संचालित ओर पशुपालन के संबंध में व्यापक रूप से चर्चा की गई।बैठक में भवन अधिकारी गिरीश दीवान,स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, बाजार अधिकारी थानसिंह यादव, सहाश्र राजस्व निरीक्षक शशिकांत यादव मौजूद रहें। डेयरी संचालकों पर नगर निगम ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है।निगम ने बड़ा फैसला लेते हुए निर्देश जारी किए एवं कहा कि नालियों में गोबर बहाया तो डेयरी संचालकों से जुर्माना वसूला जाएगा।बैठक में अधिकारियों ने निर्देश देते हुए कहा कि पशुपालन पालको एवं डेयरी संचालकों को आवश्यक सुझाव दिया गया।जिसके अंतर्गत पशुओं को खुले में छोड़ने से होने वाली गंम्भीर दुर्घटना के सबन्ध एवं अन्य बातों को ध्यान में रखने की हिदायत दी गई। पशुपालक पशुओं को खुले में न छोड़े, खुले में छोड़ने से दुर्घटना में पशु व वाहन चालकों को दुर्घटना का शिकार होना पड़ता है।इसके कारण सड़क,बाजार व सार्वजनिक स्थलों में आवागमन बाधित भी होता है।उन्होंने कहा कि इसके लिए चरवाहा आदि की व्यवस्था रखें। खुले में रहने से सड़कों में गोबर से गंदगी आदि फैलती है।इसके लिए गोबर उठाने की व्यवस्था भी करें।साथ कहा गया कि पशुओं के गले मे रेडियम पट्टी लगवाए। पट्टी में पशु मालिक का मोबइल नंबर लिखे।जिससे पता चल सकेगा की पशु का मालिक कौन है।पशुओं का बीमा व टेगिंग जरूर करवाये, खुले में पाये जाने व उक्त बातों एवं सुझावों को अमल नहीं करने पर कार्रवाही कर जुर्माना और कानूनी कार्रवाही की जाएगी।बैठक में पशु क्रूरता नियम की जानकारी भी दी गई।

## कलेक्टर एवं एसपी ने शहीद परिवारों का किया सम्मान



**बलरामपुर।** सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर कलेक्टर राजेन्द्र कटारा एवं पुलिस अधीक्षक बैंकर वैभव रमनलाल ने जिले के शहिद परिवारों को देश के लिए अपनी जान न्यौछावर करने वाले शहिदों की समर्पण और बलिदान को याद करते हुए उनके परिवारों को सम्मानित किया और उन्होंने ने कहा कि प्रशासन के तरफ से आप लोगों को हरसंभव मदद दी जाएगी।

## 18 दिसम्बर को मद्य निषेध दिवस का आयोजन

**दुर्ग।** बाबा गुरूघासीदास जयन्ती के अवसर पर 18 दिसम्बर 2024 को जिला स्तर पर संचालित विभिन्न विभागों के सहयोग से मद्य निषेध दिवस का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने सर्व विभाग प्रमुख/नगरीय निकाय प्रमुख/जनपद पंचायत तथा अध्यक्ष/स्वैच्छिक संस्था प्रमुख और अध्यक्ष/सचिव/भारत वाहिनी समिति को इस संबंध में पत्र जारी कर इस अवसर पर जन सामान्य को मद्यपान के विरूद्ध व्यापक स्तर पर प्रोत्साहित करने के लिए-ग्राम पंचायत स्तरों पर गठित भारत माता वाहिनी समिति द्वारा मद्य निषेध के पक्ष में कार्य म आयोजित कराने। रेडियों एवं दूरदर्शन से नशामुक्ति कार्यक्रमों का प्रसारण। जिले के समस्त विभागों के समन्वय से नशापान के विरूद्ध समुचित कार्यवाही।

**आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड**
(CIN: L65922RJ2011PLC034297) पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020
Aavas FINANCIERS LTD — SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

**कब्जा नोटिस**

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13 ( 12 ) और सहपठित प्रतिभूति हित ( प्रवर्तन ) नियम के नियम 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र जारी किया गया। नीचे तालिका में उनके सामने दर्शाए अनुसार राशि का मांग पत्र प्राप्ति के 60 दिन के अंदर भुगतान करने की मांग की गयी। यह है कि ऋणी सम्बंधित राशियों का भुगतान करने में विफल रहे अतः ऋणीयों तथा आम जनता को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त एक्ट की धारा 13( 4 ) सहपठित नियम 9 के नियमों के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में नीचे वर्णित सम्पत्तियों का अधिपत्य तालिका में उनके सामने दर्शाई गई दिनांक को ग्रहण कर लिया है। ऋणियों व जमानतियों को विशिष्टया तथा सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्तियों के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है। इन सम्पत्तियों के साथ किसी भी प्रकार का व्यवहार निम्न खातों के सामने दर्शाई गई बकाया राशि तथा उन पर ब्याज व खर्चों के लिए आवास फाइनेंस **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड** के प्रभार के अध्यधीन होगा।

| ऋणी का नाम | धारा 13 (2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक संपत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख एवं प्रकार |
|---|---|---|---|
| संजीवकुमार, श्रीमती मदनी देवी, श्री सोमारी कुमार खाता सं. LNDUR00621-220182533 | 11 जुलाई 2023 ₹ 737553/- दिनांक 4 जुलाई 2023 | मौजा-बोरिसी बस्ती, वार्ड नं. 51, पीएचएन-19, खसरा नं. 249/27, आरएनएम-दुर्ग-1, जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़, क्षेत्रफल 3012 वर्ग फीट | भौतिक कब्जा दिनांक 10 दिसम्बर 2024 |

स्थान : जयपुर दिनांक : 14-12-2024 प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION COMPANY LIMITED**
**CHHATTISGARH STATE LOAD DESPATCH CENTRE: RAIPUR**
CIN-U40108CT2003SGC015820 GST – 22AADCC5773E1ZX (C.G. Govt. Undertaking)
PHONE : 0771- 2574172, FAX NO. 0771-2574174.Website :www.sldccg.com, Email : office@sldccg.com

**e-Notice Inviting Tender (NIT)**
**Tender NIT No.: 03-02/SLDC/TENDER/e-bidding/TR-239/2228, Raipur, Dtd.: 13-12-2024**
**Tender No. : TR-239**
Name of the work:
**Tender for Outsourcing of Computer Operators, Technical Assistants, Line Attendant Gr.-II and Peons for Main SLDC, Raipur and Backup SLDC Khedamara, Bhilai for 01 Year.**
Online bids are invited through CSPTCL tendering system (SAP-SRM) from Eligible Contractor / Agencies who fulfill the Pre-Bid Qualification Criteria is opened and will be allowed registration for this tender till following date.
**Important Dates:**
Last date for Submission of Tender Document:**09.01.2025, upto 12:00 hrs.** Date of opening of Tender Document:**09.01.2025 at 12:30 hrs. The detailed Tender is also available at our official website: www.sldccg.com&www.cspc.co.in.**
**EXECUTIVE DIRECTOR (SLDC),CSPTCL, RAIPUR**
// Save Electricity // Samvad-42443/3

## संपादकीय

# दिल्ली में चुनाव लड़ाई तेज

दिल्ली विधानसभा चुनाव निकट आने के साथ ही राजधानी में राजनीतिक तापमान बढ़ने लगा है। दिल्ली विधानसभा चुनाव, 2025 निकट आने के साथ राष्ट्रीय राजधानी में राजनीतिक गतिविधियां तेज होने लगी हैं। प्रमुख पार्टियां कांटे की टक्कर वाले चुनाव की तैयारियों में लगी हैं जिनमें निर्वतमान आम आदमी पार्टी-आप, भारतीय जनता पार्टी-भाजपा तथा कांग्रेस शामिल हैं। विधानसभा की 70 सीटों के लिए हर पार्टी मतदाताओं को अपने पक्ष में लाने की रणनीति बना रही है। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी दिल्ली की राजनीति में प्रमुख शक्ति बनी हुई है। 2020 के चुनाव में 'आप' ने 70 सीटों में से 62 पर कब्जा जमाया था, जबकि भाजपा केवल 8 पर सिमट गई थी और कांग्रेस का खाता भी नहीं खुला था। लेकिन 2025 का चुनाव पार्टी के समक्ष नई चुनौतियां ला रहा है जिसमें सत्ता-विरोधी भावनायें तथा ज्यादा आक्रामक विपक्ष शामिल हैं। 'आप' की रणनीति का एक सर्वाधिक आश्चर्यजनक आयाम वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया को जंगपुरा से मैदान में उतारना है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह 'आप' की सोची समझी रणनीति के अंतर्गत है क्योंकि वह दक्षिण दिल्ली में अपनी उपस्थिति मजबूत करना चाहती है जो परंपरागत रूप से कठिन लड़ाई वाला क्षेत्र रहा है। सिसोदिया की प्रशासनिक क्षमता तथा लोकप्रियता इस महत्वपूर्ण क्षेत्र से उनकी विजय में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकती है।



केजरीवाल का एक और महत्वपूर्ण निर्णय अकेले चुनाव लड़ने का है। 'आप' और कांग्रेस के बीच गठबंधन के शुरुआती अनुमानों के बावजूद अब अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि 'आप' का कांग्रेस से कोई चुनाव गठबंधन नहीं होगा। दोनों पार्टियों के बीच तनावपूर्ण संबंधों का कारण वैचारिक मतभेद तथा प्रतिद्वंद्विता का इतिहास है। संभवत: यह साझेदारी से होने वाले लाभों की संभावना पर भारी पड़ा है। इसके साथ ही 'आप' का नेतृत्व कांग्रेस के साथ गठजोड़ को बोझ मान सकता है क्योंकि दिल्ली की राजनीति में कांग्रेस की उपस्थिति लगातार गिर रही है। लेकिन ऐसी स्थिति में निश्चित रूप से मतों में विभाजन के कारण उसकी संभावना भी कमजोर होती है। कांग्रेस का दिल्ली में प्रतिबद्ध वोटबैंक है जो 'आप' को नुकसान पहुंचा सकता है। दूसरी ओर दिल्ली में जड़े फिर जमाने का प्रयास कर रही भाजपा अपने खास मतदाता आधार के साथ समर्थन के लिए ध्रुवीकरण वाले मुद्दे उठा सकती है। भाजपा ने मतदाताओं तक पहुंचने के प्रयास तेज किए हैं और वह संभवत: राष्ट्रवादी भावनाओं तथा प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार की उपलब्धियों पर जोर देना चाहेगी। लेकिन उसके समक्ष प्रमुख शहरी क्षेत्रों में 'आप' की चुनौती तोड़ना है। कांग्रेस के सामने चुनौती बहुत कठिन है और उसे दिल्ली के राजनीतिक परिदृश्य में प्रासांगिक बने रहने के लिए कठोर परिश्रम करना होगा। पार्टी के पास जमीनी स्तर पर संगठनात्मक ढांचे का अभाव है और उसके नेतृत्व ने हालिया वर्षों में ऐसे लोगों को हाशिए पर रखा है। लेकिन कांग्रेस अल्पसंख्यक मतदाताओं तथा अपने परंपरागत मतदाताओं से मजबूती से जुड़ने का प्रयास कर अपनी चुनावी स्थिति मजबूत कर सकती है। कांग्रेस से गठबंधन न करने का 'आप' का निर्णय उसका विश्वास प्रकट करता है, लेकिन यह विपक्ष की संभावित एकजुटता का मुकाबला करने की उसकी क्षमता पर भी सवाल खड़े करता है। उम्मीदवारों के प्रचार अभियान शुरू करने के साथ ही राजधानी में विचारधाराओं, वादों और व्यक्तित्वों के बीच संघर्ष तेज होगा। वर्तमान समय में सबकी नजरें दिल्ली में उभरती चुनावी रणनीतियों पर लगी हैं क्योंकि यही चुनावी रणनीतियां ही दिल्ली में एक और कठिन चुनाव संघर्ष का परिणाम तय करेंगी।

# सीरिया में नया ऐतिहासिक मोड़

असद सरकार का पतन सीरिया के उथलपुथल वाले इतिहास में एक नया मोड़ है। इससे स्थायित्व की दिशा में देश के मार्ग पर महत्वपूर्ण सवाल उठते हैं।



**बी के सिंह**
(लेखक, लेखक सेवानिवृत्त वन अधिकारी हैं)



सीरिया में राष्ट्रपति बशर अल असद की सरकार विद्रोही समूहों का सामना कर रही थी। उसे रूस, ईरान, लेबेनान और हिजबुल्ला का 2011 से ही समर्थन प्राप्त था। लेकिन विद्रोहियों द्वारा पश्चिमोत्तर शहर अलेप्पो पर कब्जे के दस दिन के भीतर तथा हमा और होम्स पर कब्जे के बाद राजधानी दमिश्क का 8 दिसंबर को उनके नियंत्रण में आना बहुत आश्चर्यजनक है। विद्रोही शक्तियों की पकड़ में आने से पहले राष्ट्रपति असद अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ रूस भाग गए। उनको मास्को ने शरण दी है।

बशर के पिता के बाद उनको छोटे भाई को वारिस बनाया जाना था, पर उनका एक सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था। इसके बाद सीरिया में अपने पिता का स्थान लेने के लिए असद को लंदन से बुलाया गया जहां वे नेत्र चिकित्सक के रूप में काम कर रहे थे। वर्ष 2000 में राष्ट्रपति पद पर आने के शुरुआती महीनों में उनको एक सुधारवादी तथा जन-समर्थक नेता के रूप में देखा जाता था। यह स्थिति उनके पिता हाफिज अल असद के तीन दशक तक चले शासन के उलट थी जब उन्होंने कठोरता से शासन किया था। लेकिन 2011 में लोकतंत्र-समर्थक आंदोलन उभरने के बाद उन्होंने विरोध को कुचलने के लिए अपने पिता की निर्मम रणनीतियां अपनाईं।

यह टकराव गृह युद्ध में बदल गया और उन्होंने विपक्ष नियंत्रित क्षेत्रों पर हमलों के लिए सेना का पूरा उपयोग किया। असद सरकार के सभी समर्थक धीरे-धीरे कमजोर होते गए और लगातार जारी युद्ध के समर्थन के कारण उनका आधार सिकुड़ता चला गया।

यह भी उल्लेखनीय है कि रूसी बलों को यूक्रेन के युद्ध में भारी चुनौती मिल रही थी। युद्ध में बड़ी संख्या में सैनिकों के हताहत होने के कारण रूस ने सीरिया से अपने सैनिकों को आंशिक रूप से वापस बुला लिया था और वह युद्ध जारी रखने के लिए विदेशी नागरिकों को भी अपनी सेना में भर्ती कर रहा था। पिछले लगभग तीन साल से यह प्रक्रिया जारी थी। इज़राइल पर 7 अक्टूबर, 2023 को हमास के आतंकी हमले और गाजा में इज़राइल की प्रतिक्रिया से भी पश्चिम एशिया में टकराव के नए आयाम पैदा हुए थे।

ईरान ने लेबेनान में हिजबुल्ला और यमन में हूती जैसे आतंकी समूहों का समर्थन करने के साथ ही गाजा में इज़राइल बमबारी की निन्दा की तथा इज़राइल के साथ लड़ाई के अन्य मोर्चे खोल दिए। इससे ईरान की स्थिति कमजोर हुई और हिजबुल्ला असद सरकार को अतिरिक्त सहायता नहीं प्रदान कर सका। इसके साथ ही 13 साल के गृहयुद्ध ने सीरियाई सेना को बहुत थका दिया था। सीरिया सरकार की नौकरशाही और राजनेताओं में भ्रष्टाचार तथा पश्चिमी प्रतिबंधों के कारण उसकी अर्थव्यवस्था लगभग निर्जीव हो गई थी। अंकारा में राष्ट्रपति इर्दोगान तुर्की में रहने वाले लगभग तीन मिलियन सीरियाई प्रवासियों का बोझ ढो रहे थे। सीरिया ने प्रवासियों को इस आधार पर वापस लेने से इनकार कर दिया था कि उनके देश ने सीमावर्ती क्षेत्रों में उनके देश पर अवैध कब्जा कर रखा था।

ऐसे में असद के पास पिछले साल अरब लीग में शामिल होने का विकल्प था, पर उन्होंने इसे स्वीकार नहीं किया जिससे अरब देश उनका विरोध करने लगे। इसके पहले ईरान और रूस की सहायता से वे अपने खिलाफ चले 'अरब वसंत' विद्रोह से बचने में सफल हुए थे जिसका प्रारंभ ट्यनीशिया में 2011 में हुआ था। वर्तमान समय में सीरिया के भविष्य पर सवाल उठ रहे हैं। हयात तहरीर अल शाम-एचटीएस एक सुन्नी इस्लामवादी चरमपंथी समूह है जिसने सीरिया के गृहयुद्ध में प्रमुख भूमिका अदा की है। इस समूह के नेतृत्व में अन्य समूहों ने दमिश्क पर कब्जा किया है। अमेरिका, ब्रिटेन और संयुक्त राष्ट्रसंघ ने इसे एक आतंकवादी संगठन घोषित किया है। इसके प्रमुख अबू मुहम्मद अल गोलानी पर 10 मिलियन डालर का ईनाम है। ब्रिटेन ने संकेत दिए हैं कि यदि अल्पसंख्यकों तथा मानवाधिकारों की सुरक्षा के वादे पूरे हुए तो वह एचटीएस से प्रतिबंध हटा सकता है। तुर्किए ने सीरिया के गृहयुद्ध में कुछ अन्य विद्रोही समूहों का समर्थन किया था जिनके एचटीएस से अच्छे संबंध नहीं हैं।

अमेरिका समर्थित कुर्द वाईपीजी मिलिशिया ने सीरिया के पूर्वोत्तर क्षेत्रों पर अपना कब्जा जमा लिया है। इसे कुर्द डेमोक्रेटिक यूनियन पार्टी-पीवाईडी के नाम से भी जाना जाता है और इसके एचटीएस के साथ अच्छे संबंध नहीं हैं। इसी प्रकार सीरिया के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में दूसरे विद्रोही समूह सक्रिय हैं। ऐसे में विभिन्न समूहों का साथ आना तथा सीरिया की नई सरकार में साझीदार बनना बहुत कठिन है। अमेरिका के 900 सैनिक पूर्वोत्तर सीरिया में तैनात हैं। अमेरिका ने आईएसआईएस से मुकाबले के नाम पर अपनी उपस्थिति बनाए रखी है, पर वास्तव में उसका लक्ष्य सीरिया में सरकार बदलना था। अब अमेरिका स्पष्ट विजेता के रूप में सामने आया है।

विद्रोहियों द्वारा सीरिया तथा उसकी राजधानी दमिश्क पर कब्जे के बाद अब देश का भविष्य अनिश्चित है। सत्ता परिवर्तन के पहले दिन हथियारों, दूकानों और बैंकों की लूट हुई, जेलों को खाली कर दिया गया तथा रात में कर्फ्यू लगा, लेकिन दूसरे दिन राजधानी तथा अन्य शहरों में सामान्य स्थिति धीरे-धीरे बहाल होने लगी। मुख्य विद्रोही कमांडर अल-गोलानी ने असद के प्रधानमंत्री मुहम्मद जलाली तथा उप-राष्ट्रपति फैज़ल मेकडाड से मुलाकात कर सीरिया में अंतरिम सरकार का गठन किया है। इसके साथ ही गोलानी ने सार्वजनिक घोषणा की है कि वे नागरिकों का उत्पीड़न करने वाले सरकारी अधिकारियों की सूची जारी करेंगे।

इस बीच सीरिया में इज़राइल, अमेरिका और तुर्की के बलों ने हवाई हमले कर ईरान और रूस समर्थकों को भारी नुकसान पहुंचाया है जो असद सरकार गिरने के बाद बड़ा धक्का है। दोनों देश उसके प्रमुख सहयोगी थे। सुन्नी इस्लामवादी समूहों के सीरिया पर कब्जे के बाद मुख्यत: शिया जनसंख्या वाला ईरान इज़राइली हमलों के प्रति और संवेदनशील हो गया है। हाल के महीनों में असद का सीरिया और ईरान एक दूसरे की मदद नहीं कर सके, जबकि इसकी बहुत आवश्यकता थी। सीरिया एकमात्र ऐसा देश था जो इज़राइल और अमेरिका के खिलाफ ईरान की 'प्रतिरोध धुरी' में शामिल था। वर्तमान समय में यह धुरी कमजोर हो गई है और हिजबुल्ला का पतन भी नहीं रोका जा सकता है। ईरान तथा ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्पर्स-आईआरजीसी द्वारा असद सरकार के समर्थन को ईरानी जनता ने पसंद नहीं किया है। ऐसे में असद सरकार का पतन ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामनेई के लिए भी खतरे की घंटी है।

असद के पतन से ईरान में विद्रोही समूह भी मजबूत होंगे जहां महिलायें पहले से ही अपने अधिकारों के लिए विरोध प्रदर्शन कर रही हैं। इन सबसे ईरान में भी सरकार बदल सकती है। हालांकि, पिछले दो सप्ताह की हिंसा में असद सरकार के पतन के साथ ही शिया मुस्लिम जनसंख्या हजरत अली की बेटी सैय्यदा जैनब और पैगंबर मुहम्मद की पड़पोती फातिमा की समाधियों की सुरक्षा का प्रयास कर रही थी। इन पवित्र स्थलों की सुरक्षा के लिए ईरान, ईराक और पाकिस्तान से शिया सीरिया जा सकते हैं। ये पवित्र स्थल दमिश्क के दक्षिण में अल-सिट में स्थित हैं। 2012 से यह शहर पड़ोसी सुन्नी कस्बों के हथियारबंद उग्रवादियों के हमलों का शिकार रहा है।

अनेक शिया परिवारों को दक्षिण दमिश्क में अपने घर छोड़ने पड़े हैं। सुन्नी मुस्लिम सीरिया की जनसंख्या का 74 प्रतिशत हैं, जबकि शिया केवल 3 प्रतिशत हैं। ऐसे में शिया पवित्र स्थानों की सुरक्षा शिया-सुन्नी के बीच टकराव का मुद्दा बन सकता है। सवाल है कि क्या सीरिया का लोकतंत्र में परिवर्तन सहज होगा? यह केवल विभिन्न विद्रोही समूहों द्वारा सत्ता में साझा करने पर ही संभव है।

# अगले जीवन की तैयारी

जन्म और मृत्यु के बीच हमारी यात्रा अपरिहार्य है, इसलिए हमें खुद को इससे अलग कर लेना चाहिए।

**अजीत कुमार बिश्नोई**
(लेखक, आध्यात्मिक उपदेशक हैं)



हमें ऐसा करना चाहिए क्योंकि इस बात के बहुत से प्रमाण हैं कि हम शाश्वत आत्मा हैं। हम जन्म और मृत्यु के चक्र में हैं और जीवन-पर्यंत अलग-अलग शरीर प्राप्त करते रहते हैं। शांति देवी के पुनर्जन्म के बारे में आप क्या कहेंगे? उनका जन्म दिल्ली में हुआ था, लेकिन उन्हें मथुरा में अपने पिछले जीवन के बारे में बहुत कुछ याद था। उनकी यादें इतनी सम्मोहक थीं कि महात्मा गांधी की दिलचस्पी बढ़ गई।

उन्होंने मामले का अध्ययन करने के लिए 15 प्रमुख व्यक्तियों की एक समिति गठित की। वे शांति देवी को मथुरा ले गए और वे सभी प्रासंगिक विवरण याद करने में सक्षम थीं, भले ही वे अपने वर्तमान जीवन में कभी मथुरा नहीं गई थीं। पुनर्जन्म पर एक प्रमुख विशेषज्ञ डॉ इयान स्टीवेंसन उनका साक्षात्कार करने के लिए भारत आए। उन्होंने लिखा कि उनकी यादों के कम से कम 24 कथन सत्यापन योग्य तथ्यों से मेल खाते हैं।

इन दिनों टीवी चैनल पुनर्जन्म की घटना में रुचि रखने लगे हैं। वे इसकी पुष्टि करने के लिए दुनिया भर से सबूत पेश कर रहे हैं। फिर, भगवद-गीता - शाश्वत ज्ञान की पुस्तक हमारे आत्मा होने के बारे में विस्तृत जानकारी से भरी हुई है। मैं सिर्फ एक श्लोक का हवाला दूंगा। जैसे बचपन, जवानी और बुढ़ापा इस आत्मा के शरीर में परिवर्तन हैं, उसी तरह दूसरा शरीर प्राप्त करना भी एक ऐसा ही परिवर्तन है। (2.93) और इसकी अंतिम पुष्टि भगवान द्वारा कही गई बात है। क्या वह सर्वज्ञ नहीं है, जो भूत, वर्तमान और भविष्य को भी जानता है?

इस वास्तविकता के बारे में खुद को आश्वस्त करने के बाद, आइए देखें कि हम अपने वर्तमान जीवन से स्थानांतरण या पुनर्वास के लिए कैसे तैयारी कर सकते हैं। इसके दो मुख्य भाग हैं। पहला है मानसिक रूप से तैयार होना। व्यक्तिगत रूप से, जब मेरे लिए उच्च अध्ययन के लिए यूएसए जाने का समय आया, तो मैंने कल्पना की कि आने वाले वर्षों में मेरा जीवन कैसे बेहतर होगा। मुझे यह भी एहसास हुआ कि नए देश में अनिवार्य रूप से कई चुनौतियाँ होंगी।



दूसरा यह था कि मैं अपने जीवन को यथासंभव आरामदायक बनाने के लिए जो कुछ भी कर सकता था, उसे अपने साथ ले जाऊं। मैंने आवश्यक कपड़े और थोड़े पैसे लिए, जो उस समय अनुमत थे। लेकिन मुख्य रूप से यह मेरे प्रमाण पत्र और मैंने उस समय तक जो सीखा था, वह था। शारीरिक परिवर्तन के लिए भी ऐसी ही तैयारी की आवश्यकता होती है, हालाँकि वे विवरण में काफी भिन्न होते हैं। पहला है ऐसे परिवर्तन के लिए मानसिक तैयारी। हमें इस तथ्य को स्वीकार करना चाहिए कि ऐसा परिवर्तन अपरिहार्य है। और यह हमारे वर्तमान से बहुत बेहतर हो सकता है। भगवान कृष्ण ने आश्वासन दिया है, जिन्होंने अपनी आध्यात्मिक यात्रा शुरू की है, वे शुद्ध और समृद्ध परिवार में जन्म लेते हैं। (6.41) इसलिए, यह आवश्यक है कि हम भी वर्तमान शरीर को छोड़ने से पहले ऐसा करें। हमें उस समय आध्यात्मिक गतिविधियों द्वारा भगवान की शरण में होना चाहिए।

निश्चित रूप से, हमें अपने कार्यों में यथासंभव धर्म का पालन करना चाहिए। हमें मुख्य रूप से सतोगुण में रहना चाहिए, जो पवित्रता के कारण प्रकाश देने वाला और रोगों से मुक्त है। (14.6) हमें वासना, लोभ, क्रोध, घृणा आदि बुरी भावनाओं पर नियंत्रण रखना चाहिए। हमें बहुत सारे अच्छे कर्मों का संचय करना चाहिए क्योंकि हमें केवल यही करने की अनुमति है।

लेकिन हमें अपने आप पर बहुत अधिक दबाव नहीं डालना चाहिए क्योंकि हम धीरे-धीरे ही सुधार कर सकते हैं। जो भी, हम वर्तमान में कर रहे हैं, हमें उसे बेहतर करना चाहिए। चूंकि वर्तमान भविष्य को निर्धारित करता है, इसलिए वर्तमान को पूरी तरह से सुरक्षित रखना होगा। क्या हम आवश्यक तैयारी करने के लिए इच्छुक हैं? हमें कम से कम मानसिक रूप से तो अभी से ही शुरुआत कर देनी चाहिए। जब ??हमारे पास ऐसा करने का समय है, तो ऐसा न करना बहुत शर्म की बात होगी। जो लोग ऐसा करना चाहते हैं, उन्हें ईश्वर प्रोत्साहित करता है; वे सफल होंगे।

## आप की बात

### धर्मस्थलों पर सुप्रीम फैसला

**सुप्रीम** कोर्ट ने 1991 के पूजा स्थल अधिनियम पर सुनवाई करते हुए मस्जिदों से जुड़े मुकदमों पर रोक लगा दी। संभल, जौनपुर और बदायूं की मस्जिदों के मामलों पर इसका असर पड़ेगा। निचली अदालतें सर्वेक्षण का आदेश नहीं दे सकेंगी। कोई नया मुकदमा भी दर्ज नहीं होगा। यूपी कॉलेज मजार सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से देश में कई प्रभाव पड़ेंगे। सबसे पहले, यह फैसला मस्जिदों से जुड़े मुकदमों पर रोक लगाता है, जिससे इन मामलों में कोई नया मुकदमा दर्ज नहीं हो सकेगा । इसके अलावा, निचली अदालतें सर्वेक्षण का आदेश नहीं दे सकेंगी, जिससे इन मामलों में कोई नया सर्वेक्षण नहीं हो सकेगा । इस फैसले का सबसे बड़ा प्रभाव यह होगा कि यह देश में धार्मिक स्थलों के मुद्दे पर शांति और स्थिरता लाने में मदद करेगा। यह फैसला यह भी सुनिश्चित करेगा कि धार्मिक स्थलों के मुद्दे पर कोई भी निर्णय लेने से पहले सभी पक्षों की बात सुनी जाए और एक न्यायपूर्ण निर्णय लिया जाए। हालांकि, इस फैसले का एक नकारात्मक प्रभाव यह हो सकता है कि यह कुछ लोगों को अपने धार्मिक अधिकारों के लिए लड़ने से रोक सकता है। यह फैसला यह भी सुनिश्चित कर सकता है कि कुछ धार्मिक स्थलों के मुद्दे पर कोई भी निर्णय लेने से पहले एक लंबी और जटिल प्रक्रिया से गुजरना पड़ सकता है। अंत में, सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का देश में कई प्रभाव पड़ेंगे।

**-सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### शहीदे आज़म का अपमान

**पाकिस्तान** के लाहौर की अदालत में शहीद भगतसिंह के बारे में जो अपमानजनक टिप्पणी की गई है वह कतई स्वीकार्य नहीं है। इसका हर स्तर पर व्यापक विरोध होना चाहिए। मामला लाहौर के शादमान चौक का नाम भगतसिंह के नाम पर रखे जाने का है जिसके लिए वहां सक्रिय भगतसिंह फाउंडेशन विगत 20 वर्षो से प्रयासरत है।शादमान चौक उस केंद्रीय कारागार के परिसर में आता है जिस कारागार में भगतसिंह को फांसी दी गई थी। अपने उद्देश्यो की पूर्ती के लिए फाउंडेशन 2012 में इस मामले को लाहौर हाई कोर्ट ले गया वहां के नगर निगम ने हाईकोर्ट को सूचित किया कि यह मांग अस्वीकार्य है इस अस्वीकृति का आधार यह बताया गया कि वे क्रांतिकारी नहीं अपराधी थे जिसे वर्तमान परिभाषा में आतंकी कहा जाता है। यानि उस अदालत में भगतसिंह जैसी हुतात्मा को अपराधी आतंकी करार दिया गया। दुनियाभर में आतंकवाद की फेक्ट्री के रुप में कुख्यात पाकिस्तान को भगतसिंह जैसी हुतात्मा को आतंकी एवं अपराधी कहना उसके दिमागी दिवालियेपन की मिसाल है।पाकिस्तान को यह याद रखना चाहिए कि जिस भारत की आजादी के लिए उन्होने अपना सर्वस्व जीवन समर्पित किया उस समय पाकिस्तान भी उसी भारत का हिस्सा था। लेकिन, नफरत की बुनियाद पर निर्मित पाकिस्तान भला यह कहां समझेगा।

- **विमलेश पगारिया**, बदनावर, मप्र

### सराहनीय कदम

**नशा** मुक्त रंगला पंजाब, का आयोजन सराहनीय कदम है। देश के अन्य प्रांतों को भी ऐसे ही आयोजन करने चाहिए। आज की युवा पीढ़ी को नशे की लत ने जहां खोखला कर दया है। वहीं वहीं इन नशा खोरों की वजह से समाज में अपराध बढ़ते जा रहे हैं। नशे खिलाफ कदम उठाने के लिए कई प्रभावी तरीके हैं। सबसे पहले, नशे के प्रति जागरूकता फैलाना आवश्यक है। लोगों को नशे के हानिकारक प्रभावों के बारे में शिक्षित करना और उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना महत्वपूर्ण है। एक अन्य महत्वपूर्ण कदम यह है कि नशीली दवाओं की आपूर्ति को रोकने के लिए कानूनी कार्रवाई की जाए। सरकार को नशीली दवाओं की तस्करी और बिक्री को रोकने के लिए सख्त कानून बनाने चाहिए और उनका पालन सुनिश्चित करना चाहिए। इसके अलावा, नशे के आदी लोगों को इलाज और पुनर्वास की सुविधा प्रदान करना भी महत्वपूर्ण है। सरकार और गैर-सरकारी संगठनों को नशे के आदी लोगों के लिए इलाज और पुनर्वास केंद्र स्थापित करने चाहिए, जहां वे अपनी लत से छुटकारा पा सकें और एक स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित हो सकें।नशे के खिलाफ लड़ाई में समाज और परिवार की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। समाज को नशे के प्रति जागरूकता फैलाने और नशे के आदी लोगों को समर्थन और प्रेरणा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए।

- **विभुक्ति बुपक्या**, खाचरोद

### चिंताजनक विषय

**बिहार** निवासी एवं बेंगलौर में ए आई इंजीनियर के रूप के सेवारत अतुल सुभाष द्वारा की गई आत्महत्या ने लचर क़ानून व्यवस्था की कलई खोल दी। सच भी यही है कि लम्बित न्याय व्यवस्था ने आम आदमी को इतना त्रस्त कर दिया है कि वह मुक़दमे के भंवर से निकल नही पाता। पारिवारिक वाद और भरण पोषण भत्ते के मुक़दमे में एक सौ बीस तारीख़ लगना न्याय व्यवस्था की कमजोरी को प्रमाणित करता है। यह विडम्बना ही है कि एक ओर तो त्वरित न्याय की बात की जाती है। शीघ्र न्याय के लिए फ़ास्ट ट्रेक कोर्ट बनाई जा रही हैं। दूसरी ओर न्यायिक क़ानूनों में महिलाओं को मिले विशेष अधिकारों का दुरुपयोग कई बार पुरुष उत्पीड़न का आधार बनता है। ऐसी स्थिति में परिवार न्यायालय तथा परम्परागत न्याय में अनावश्यक विलम्ब पीड़ित व्यक्ति के शोषण में अग्रणी भूमिका निभाता है। जिस कारण आम आदमी का न्याय व्यवस्था से विश्वास ही उठ जाता है तथा वह आत्महत्या जैसा आत्मघाती कदम उठाने हेतु बाध्य हो जाता है। अतुल सुभाष की मौत का दोषी दहेज क़ानून तो है ही, किंतु न्यायपालिका का लचर रवैया भी इस घटना के लिए कम दोषी नही है।

- **सुधाकर आशावादी,** मेरठ

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# कलेक्टर के निर्देश के बावजूद निर्माण कार्यों में गुणवत्ता दरकिनार




पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

जिले के विकास को लेकर संकल्पित क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों ने विकास की गंगा बहाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे है । ग्रामीणों की मांग और उनके आवश्यकताओं के अनुसार मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करा रहे है । जगह जगह पर आवश्यकतानुसार निर्माण कार्य की स्वीकृति भी दिला रहे है लेकिन उक्त कार्यों को संपन्न कराने और करने वाले गुणवत्ता दरकिनार कर निर्माण को अंजाम दे रहे है हाल ही में कबीरधाम के तेजतरार कलेक्टर ने मंडी बोर्ड के द्वारा बनाए गए सी सी सड़क को तोड़वाकर पुनः निर्माण का निर्देश दिया था बावजूद कार्यों में सुधार नहीं हो रहा हैं और जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी ठेकेदार मनमर्जी तरीके से कार्य को पूर्ण कर रहे है ।

### ग्राम पंचायत पडकी कला में सी सी रोड खराब

मंडी बोर्ड के द्वारा लाखों रुपए की राशि स्वीकृत कर ग्राम पंचायत पडकी कला के आश्रित ग्राम बेलमुडा में सी सी रोड बनाया जा रहा है जिसमें गुणवत्ता को ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बेलमुड़ा पंडरिया विकासखंड में आता है । जहां पर निर्माणाधीन सी सी रोड में स्थानीय नदी का मिट्टी युक्त रेत का उपयोग किया जा रहा है । मिट्टी युक्त रेत से सीमेंट का पकड़ कमजोर होता हैं जो समय से पहले खराब हो जाता है। जिस उद्देश्य से सड़क का निर्माण किया जा रहा है उसकी पूर्ति नहीं हो पाता ।

### कमीशन का बड़ा खेल

जिले के अधिकांश निर्माण कार्यों का टेंडर बड़े ठेकेदार के द्वारा ले लिया जाता हैं और कमीशन लेकर स्थानीय व्यक्ति या कोई अन्य ठेकेदार को कार्य पूर्ण करने के लिए दे दिया जाता हैं साथ ही अधिकारी कर्मचारियों को सिस्टम के अनुसार भी कमीशन दिया जाता है जिसके चलते निर्माण कार्यों के गुणवत्ता पर समझौता करते हुए कार्य को पूर्ण किया जाता हैं। ऐसा ही मामला ग्राम पंचायत पडकी कला के आश्रित ग्राम बेलमुड़ा में भी हुआ है।

### अधिकारियों की मिलीभगत की संभावना

मंडी बोर्ड का स्थानीय कार्यालय नहीं है साथ ही उनका कोई तकनीकी जानकार अधिकारी भी कार्यस्थल का मुआवना नहीं कर पाता। मूल्यांकन और सत्यापन भी घर बैठे कर दिया जाता हैं जिसका भरपूर लाभ ठेकेदार द्वारा उठाया जाता हैं साथ ही ओहदे के अनुरूप चढ़ावा भी चढ़ा दिया जाता हैं जिसके चलते कोई सक्षम अधिकारी झांकने तक नहीं जाते ।

### पडकी निवासियों को कलेक्टर से है उम्मीद

जनपद पंचायत पंडरिया के अंतर्गत ग्राम पंचायत पडकी कला के आश्रित ग्राम बेलमुड़ा में मंडी बोर्ड द्वारा निर्माणाधीन सी सी रोड पर स्थानीय नदी के रेत का उपयोग किया जा रहा है। जो समय से पहले खराब होने की संभावना है । ग्रामीणों के मना करने के बावजूद गुणवताहीन सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों को बदुराकछार की तरह जिला कलेक्टर से उम्मीद है कि इसे भी तुड़वाकर पुनः निर्माण कराएंगे ।

## अमलीडीह में समाजसेवी प्रणव शर्मा ने किया क्रिकेट स्पर्धा का शुभारंभ



पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com

ग्राम अमलीडिह में ग्रामवासी युवको द्वारा प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उपरोक्त क्रिकेट प्रतियोगिता कार्यक्रम का शुभारंभ बड़े ही हर्षोल्लास के साथ समाजसेवी प्रणव शर्मा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि शर्मा द्वारा प्रथम पुज्य भगवान गजानन स्वामी की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त करते हुए प्रतियोगिता के निर्विघ्न संपन्न होने संबंधित मंगलकामनाऐ की। तत्पश्चात क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए एक ओवर तक शानदार बल्लेबाजी की एवं क्रिकेट मैदान में भी अपना दमखम दिखाते हुए उपस्थित सभी क्रिकेट प्रेमियों का दिल जीत लिया, उपस्थित ग्रामीणों, यूवा व क्रिकेट खिलाड़ीयों को संबोधित करते हुए प्रतियोगिता के आयोजन के लिए शुभकामनाये देते हुए निकट भविष्य में ग्राम व क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को सभी आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने का विश्वास दिलाया। उक्त आयोजन में मुख्य रूप से ग्राम के युवा भीमा, विकेश और आप पास के खिलाड़ियों सहित अन्य ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## दामाखेड़ा की बड़ी माता साहिबा मनीषा माता का अकलवारा आगमन



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ग्राम अकलवारा में दामाखेड़ा की बड़ी माता साहिबा मनीषा माता का शुभ आगमन हुआ। भेंट बंदगी हुआ और चरण पूजा भी हुआ। सब ग्रामवासी बहुत खुश हुए। प्रातः साढे आठ बजे मनीषा माता का ग्राम में शुभ आगमन हुआ। ग्राम के कबीर मंदिर में सद्गुरु कबीर साहेब की पूजा अर्चना के पश्चात ग्राम वासियों को दर्शन लाभ देने ग्राम के भक्त जनों के घर पहुंचे। जहां ग्राम के भक्तजन पूरे भक्ति भाव सहित माता साहिबा का दर्शन लाभ प्राप्त किये। और माताजी का चरण पूजन किये। चरणामृत लिए। श्री सद्गुरु कबीर सत्संग समिति अकलवारा के अध्यक्ष मनमोहन दास साहब ने बताया ग्राम अकलवारा के समिति के पदाधिकारी और सदस्यों के घर माताजी का चरण पूजन हुआ। पूर्व सरपंच संतोष साहू, थलज कुमार साहू, मनमोहन दास साहू, अंगेश्वर साहू, घनश्याम साहू, मनोज साहू, बसंत साहू, कृष्णा साहू, प्रेमलाल साहू, ध्रुव साहू, रामगोपाल साहू, मिथलेश, लवकुश साहू सहित बहुत से घरों में माताजी ने जाकर दर्शन लाभ दिये। भक्त जन माताजी के दर्शन लाभ पाकर धन्य हो गये। ऐसा लगा जैसे साक्षात सत्य पुरुष जीवों को चेताने और उन्हें जागरूक करने घर-घर जाकर दर्शन लाभ दे रहे है।

## पंच कुण्डी रूद्र महायज्ञ में शामिल हुए विधायक दीपेश साहू

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



नगर के कृषि उपज मंडी मे पंच कुण्डिय रुद्र महायज्ञ एवं भागवत गीता सप्ताह ज्ञान यज्ञ मे गुरुवार को विधायक दीपेश साहू संध्या आरती में शामिल हुए अवसर पर विधायक द्वारा मंच पर पहुंचकर श्रीमद्भागवत पुराण की पूजन की एवं कथावाचक दंडी स्वामी ब्राम्हचारी ज्योतिर्मायानन्द जी महाराज को पुष्प हार पहनाया और विधायक ने आशीर्वाद प्राप्त किया। और क्षेत्रवासियों सुख समृद्धि एवं मंगलकामना के लिए प्रार्थना किया द्य इसके बाद उन्होंने श्रीमद् भागवत कथा का रसपान किया। इस दौरान पूर्व विधायक अवधेश सिँह चंदेल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, विकाश तम्बोली ,राजू देवांगन, रेवा राम निषाद, युगल देवांगन, नरेश साहू ,ओमकार साहू, रोशन दत्ता, डॉ भुनेश्वर साहू, राजीव तम्बोली, नीतू कोठारी पार्षद, सावित्री रजक, पिंकी गुप्ता, मीनू पटेल, ममता साहू, सहित नगरवासी क्षेत्रवासी उपस्थित रहे ।

## गीता हमें सिखाती है सभी संघर्षो का सामना करना हमारी नैतिक दायित्व है-महेंद्र

पायनियर संवाददाता ◄ थान खमरिया
www.dailypioneer.com



समीपस्थित शिवशक्ति विद्या धाम ग्राम बनिया में मार्गशीर्ष एकादशी तिथि में गीता जयंती का पर्व परम पूज्य प.राजेश्वर प्रसाद तिवारी जी के निर्देशन में बड़े धूम धाम से मनाया गया। सर्वप्रथम आचार्य पं.बसंत प्रसाद तिवारी द्वारा भगवान भोलेनाथ का अभिषेक के बाद श्रीमद गीता का सामूहिक रूप से पाठ इष्ट मंत्र जाप सभी सत्संगियों द्वारा किया गया तत्पश्चात कवर्धा से पधारे पं .अश्वनी पाण्डेय द्वारा गीता पर प्रवचन किया अंत में आचार्य बसंत तिवारी द्वारा अपने उद्बोधन में अनेकों धर्म को न भजकर मेरे शरण में आ जाओ सभी धर्म का पालन हो जाएगा भगवान कृष्ण के इस कथन संक्षिप्त में व्याख्या किए,इस कार्यक्रम को धाम के संरक्षक महेंद्र सिंह विरदी ने कहा प्रवृत्ति से निवृत्ति के प्रणेता कृष्णा है उनके सर्वमान्य वंदित पूज्य ग्रंथ श्रीमद् भागवत गीता जिनकी आज जयंती मना रहे हैं गीता हमें सिखाती है सभी संघर्षो का सामना करना हमारी नैतिक दायित्व है। कर्म है। कमल शर्मा ने कहा कि आज भी मनुष्य को जीवन के रहस्य और मर्म को जानने हेतु श्रीमद्भगवद्गीता के शरण में जाना पड़ेगा। गीता में मानव जीवन के सभी पक्षों हेतु संदेश निहित है। इस अवसर पर हितेश कालीवाल,प.रामकृष्णतिवारी,अनिल सिंघानिया,अंकित बिंदल, धाम के अध्यक्ष नंदकुमार सिंह,नीलकंठ सिंह लोहारा, गौकरण सिंह, जितेंद्र सिंह कड़कड़ा सहित राजहरा ,दुर्ग,से अनेक सत्संगी उपस्थित हुए।

## नगर पालिका द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित




पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन विभाग के आदेशानुसार नगर पालिका दल्ली राजहरा द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया द्य राज्य शासन के 1 वर्ष का कार्यकाल सफ़लता पूर्वक पूर्ण करने के उपलक्ष पर शासन की हितग्राही मूलक योजना का जनता के बीच व्यापक प्रचार प्रसार किया गया। 9 दिसंबर एवं 10 दिसंबर को मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेन्द्र वारडेकर के निर्देशानुसार क्षेत्र में स्वच्छता पखवाड़ा रैली निकली गई साथ ही जल स्रोत के आस-पास सफाई कार्य किया गया जिसमें स्वच्छता दीदी व स्वच्छता मित्रों ने शहर में घूम कर स्वच्छता रखने की अपील की। स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ-साथ वार्डवासी एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम में अपना योगदान कर कार्यक्रम को सफ़ल बनाया द्य स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम में स्वास्थ्य अधिकारी रामगोपाल चंद्राकर, प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक सतीश चंद्राकर, पीआईयू रामगोपाल सिन्हा, सूरज सिन्हा, विजय साहू, जीतू साहू, मनकी साहू, सुनील कुमार, स्वास्थ्य विभाग एवं नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

## भाजपा सरकार के एक साल के कार्यकाल में हुआ सभी वर्गों का विकास

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार के एक साल का कार्यकाल पूरा होने पर प्रदेश महिला मोर्चा की कार्यकारिणी सदस्य कुसुम शर्मा ने सुशासन का काल बताते हुए कहा की मुख्यमंत्री के नेतृत्व में भाजपा सरकार द्वारा महिलाओ, किसानों, मजदूरों, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, आवास, आदिवासियों , बुजुर्गो, खिलाड़ियों सभी के हितों का ख्याल रखते हुए उनके सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने महत्वपूर्ण योजनाएं प्रारंभ की गई है। एक साल में ही इसके सकारात्मक परिणाम दिखने लगे है तथा प्रदेश के सभी आयु वर्ग के लोगो को इसका लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा की प्रदेश सरकार ने एक साल में माहतारी वंदन योजना अंतर्गत 70 लाख से अधिक महिलाओं को 12000 रुपए प्रतिवर्ष की आर्थिक सहायता, पी एम आवास योजना के तहत 18 लाख से अधिक लोगो के नए आवास को स्वीकृति देने,कृषक उन्नति योजना के तहत 24 लाख किसानों को 917 रूपय की अंतर की राशि देने,12 लाख से अधिक किसानों को पिछले दो वर्षो का धान का बकाया बोनस देने, रामलला अयोध्या धामदर्शन योजना, राजिम कुंभ कल्प का अयोजन,4 धामो की तर्ज पर 5 शक्तिपीठों का विकास करने, भूमिहीन कृषि मजदूरों को 10 हजार रूपए की वार्षिक आर्थिक सहायता, स्कूलों में न्योता भोज, नियद नेल्लानार योजना, लखपति दीदी योजना, मल्टी विलेज योजना, शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना, पी एम जनमन, शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान भारत, खेल छत्तीसगढ, गर्भवती महिलाओं के लिए सुप्रजा कार्यक्रम सहित अनेक जनहितकारी योजनाएं प्रारंभ की है जिसका लाभ प्रदेश में सभी वर्गो को मिल रहा है तथा उनका जीवन स्तर ऊंचा उठ रहा है।

## सुशासन के एक साल पूर्ण होने पर जिले मे चल रही विभिन्न गतिविधियां



पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राज्य शासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य मे सुशासन का एक साल छत्तीसगढ़ खुशहाल के थीम पर समस्त जिले मे कार्यक्रम आयोजित हो रहें हैं इसी क्रम मे जिला पंचायत प्रांगण में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) योजना के तहत सुशासन संकल्प चक्र का आयोजन किया गया 7 कार्यक्रम के दौरान स्व सहायता समूहों की महिलाओं ने आकर्षक रंगोली बनाकर सुशासन का संदेश दिया। रंगोली के माध्यम से उन्होंने सुशासन के महत्वपूर्ण सिद्धांतों जैसे पारदर्शिता, सहभागिता, जवाबदेही और विकास को रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत किया। रंगोली के डिजाइनों ने लोगों को सुशासन के महत्व और इसके सकारात्मक प्रभावों के प्रति जागरूक किया, साथ ही इसे सांस्कृतिक अभिव्यक्ति के साथ जोड़ा। इसी तारतम्य में कलेक्टर रणबीर शर्मा द्वारा उपस्थित समस्त बिहान के सदस्यों को सुशासन शपथ दिलाई गई 7 इसी कार्यक्रम की कड़ी में बिहान दीदियों के द्वारा जेंडर शपथ, बिहान गीत इत्यादि प्रस्तुत किया गया, उपरोक्त कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल एवं अन्य अधिकारी कर्मचारियों उपस्थित थे । कलेक्टर रणबीर शर्मा ने सुशासन संकल्प चक्र आयोजन के दौरान बिहान की स्व सहायता समूह की महिलाओं से मुलाकात की और उनके द्वारा किए जा रहे कार्यो की जानकारी ली। इस बातचीत में उन्होंने महिलाओं के स्वावलंबन, आत्मनिर्भरता और सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। स्व सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं किस तरह से रोजगार के अवसर पैदा कर रही हैं और किस प्रकार से स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बना रही हैं, इस पर चर्चा की गई। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कार्यक्रम में बिहान की स्व सहायता समूह की महिलाओं को स्टॉल लगाने का सुझाव दिया, ताकि वे अपने उत्पादों को प्रदर्शित कर सकें और बिक्री कर अपनी आर्थिक स्थिति को और सशक्त बना सकें। इस पहल से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और स्थानीय स्तर पर अपनी आजीविका को सुधारने का अवसर मिलेगा। स्टॉल लगाने से उन्हें अपनी मेहनत के परिणामस्वरूप प्रत्यक्ष आर्थिक लाभ मिलेगा और उनके उत्पादों को व्यापक पहचान भी मिल सकेगी ।

## भरत देवागंन के नेतृत्व में 5 सूत्रीय मांगों को लेकर तहसील कार्यालय का किया गया घेराव

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष आकश शर्मा के निर्देशानुसार विधानसभा स्तरीय अध्यक्ष भरत देवागंन के नेतृत्व में 5 सूत्रीय मांगों को लेकर तहसील कार्यालय दल्ली राजहरा का घेराव किया गया, और एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपा गया, एवं मांगे पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई । जिसमे किसानो को एकमुश्त 3100 रुपए का भुगतान की मांग बढ़ते अपराध की रोकथाम, फेक्ट्रियों और कारखानों में स्थानीय युवाओं को नौकरी , नशाखोरी के विरुद्ध कारवाही, राजीव युवा मितान एवं गौठान परियोजना को चालू करने की प्रमुख मांगे थी। इसी क्रम में भरत देवागंन ने कहा की राज्य की भाजपा सरकार किसानों के साथ अन्याय कर रही समर्थन मूल्य देने मे असफल रही वायदा के खिलाफ कार्य कर रही। अपनी बातो पर टिक नहीं पा रही है। नीरज साहु ने कहा कि राज्य मे नशा को बढावा दिया जा रहा है,युवाओं की भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है जितना टोकन काटने का एप काम करना चाहिए उससे ज्यादा तेज दारु पिलाने का एप काम कर रही है।जब से भाजपा की सरकार आई है तब से राज्य की जनता अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही है। आयनअहमद* ने कहा की राज्य मे लगातार भाजपा के संरक्षण में अपराध को बढावा दिया जा रहा है । भाजपा सरकार चलाने असफल है उनको जल्द से जल्द इस्तीफ़ देना चाहिए। उक्त कार्यक्रम मे ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अशोक बांबेश्वर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि रतिराम कोसमा,जिला युवा कांग्रेस अधयक्ष प्रशात बोकडे,महामंत्री विवेक मसीह पूर्व नगरपालिका अधयक्ष काशीराम निषाद,रवि जायसवाल ,पूर्व एल्डर मेन प्रमोद तिवारी पार्षद शव्नील तिवारी जेबा कुरेशी नगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष आयान अहमद,नीरज साहु ,हेमंत पटेल राज साहु,खिलेस पटेल,मुकेश पटेल, ऋतिक यूके ,नदीम खान ,नंद कूमार,सूरज, शेख आजाद,राहुल पाठक, तंजिला खान ,मोहन नायक ,कृष्णकांत रावते, लोकेश साहू ,बेदू ,अजय नोनहारे ,सुदामा शर्मा ,विनय साहू , तालिबबड़ी संख्या में युवा कांग्रेसी उपस्थित थे।

# मचांदूर जनसमस्या निवारण शिविर में 177 आवेदनों का निराकरण

### समस्याओं का निराकरण तत्परतापूर्वक हो : ललित चन्द्राकर

पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com





जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन गुरुवार को मचांदूर में किया गया। ग्रामीण जनता की समस्याओं को सुनने-समझने और मौके पर निराकरण के लिए कलेक्टर सुऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में इस शिविर में सभी विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। क्षेत्रीय विधायक ललित चन्द्राकर मुख्य अतिथि के रूप में शिविर में सम्मिलित हुए। उन्होंने सभी विभागों के स्टॉलों में जाकर ग्रामीणों की समस्या संबंधी आवेदनों की जानकारी ली और अधिकारियों को निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। शिविर में विभिन्न विभागों को 218 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 177 आवेदन का मौके पर निराकरण किया गया। लंबित 41 आवेदन के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई है। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित 42 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। शिविर में शिक्षा, कृषि, आदिम जाति कल्याण, क्रेडा, श्रम, खाद्य, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, राजस्व, सहकारिता, पशुधन विकास, वन, मत्स्य पालन तथा पंचायत एवं ग्रामीण विभाग की अधिकारियों ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 05 नव वधुओं की गोदभराई और 05 नवनिहालों का अन्न प्रासन्न रश्म अदायगी की गई। विधायक चन्द्राकर ने अपने करकमलों से नव वधुओं को सुपोषण, आहार का पैकेट और नवनिहालों को खीर से मुंह मीठा करायें। शासन की महत्वकांयोजना महतारी वंदन से लाभान्वित 05 हितग्राही महिलाओं को शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार जल जीवन मिशन अंतर्गत 50 बच्चों को पानी बॉटल वितरण किया गया। शिविर के संबंध में विचार व्यक्त करते हुए मुख्य अतिथि विधायक चन्द्राकर ने कहा कि जिला के सभी विभाग के प्रमुख अधिकारी शिविर में पहुंचे हैं, आम जनता अधिकारियों से रू-ब-रू चर्चा कर अपनी समस्या संबंधी आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। सरकार की योजनाओं से जनता को लाभान्वित करने ऐसे शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता जनार्दन है और जनता की सेवा करना सरकार का दायित्व है। सरकार अपनी दायित्व विभागीय अधिकारियों के माध्यम से निर्वहन कर रहा है। सरकार समाज के सभी वर्गों के हित में काम कर रही है। ऐसे में जनता की समस्याओं का तत्परतापूर्वक समय पर निराकरण किया जाए। विधायक चन्द्राकर ने कहा कि सरकार पारदर्शिता के साथ काम कर रही है, ऐसे में अधिकारियों में पारदर्शिता झलकनी चाहिए। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने शिविर के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए शिविर में निराकृत आवेदनों एवं लंबित आवेदनों की जानकारी दी। साथ ही जनता को भरोसा दिलाया कि लंबित आवेदन भी नियमानुसार समयावधि में निराकृत कर लिया जाएगा। उन्होंने स्वच्छता अभियान पर जोर देते हुए ग्रामीणों से गांव को स्वच्छ बनाने का आव्हान किया। कलेक्टर ने बच्चों के सुपोषण पर जोर देते हुए उनके आहार पर विशेष ध्यान देने की बात कही। साथ ही माताओं को भी अपनी पोषण आहार पर विशेष ध्यान रखने कहा। कलेक्टर ने किसान भाईयों को अवगत कराया कि आज से संग्रहण केन्द्र खुल गये हैं। अब तेजी से उपार्जन केन्द्रों से धान का उठाव होगा। धान बेचने किसानों को परेशानियां नहीं होगी। शिविर में ग्राम मचान्दुर के 05 हितग्राही क्रमशः सुशीला बाई, कांति बाई, बिरझा बाई यादव, लीला बाई और लक्ष्मी बाई को प्रधानमत्री आवास योजना अंतर्गत स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा शुभम कोठारी ग्राम मचान्दुर को बैटरी चलित ट्रायसिकल एवं दिव्यांग प्रमाण पत्र, सुनील कुमार जोशी ग्राम जंजगिरी को हस्तचलित ट्रायसिकल एवं दिव्यांग प्रमाण पत्र, नकूल राम ग्राम पाहंदा को व्हील चेयर एवं दिव्यांग प्रमाण पत्र, मत्स्य विभाग द्वारा ग्राम मचान्दुर के पुनउ राम को जॉल एवं आईस बाक्स और ओमप्रकाश ढीमर को फिश माउंट दिया गया। ग्राम मचान्दुर के छरयारिन बाई, बिटावन बाई, हितेश्वरी बाई, कौशिल्या बाई को स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) में घर-घर कचरा कलेक्शन कार्य हेतु सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मचान्दुर के धर्मिन बाई साहू, गणेश राम, रामाधार, प्यारी बाई को 70 प्लस आयुष्मान वय वंदना कार्ड दिया गया। कृषि विभाग द्वारा ग्राम खोपली के रामकुमार ठाकुर, दिनेश वर्मा, लूमचंद काकरे, दीनबंधु कांकरे, वासुदेव वर्मा, नेतराम साहू, लोमन भारती, जितेन्द्र वर्मा और ग्राम पाउवारा के धर्मेन्द्र भारती, रमेश कुमार निषाद, दुज राम बंजारे, डेरहा राम साहू एवं पूरबल साहू को स्वाइल हेल्थ कार्ड तथा ग्राम मचान्दुर के विष्णु, अरूण, वेदनारायण, छन्नू लाल, मोहन, ग्राम खोपली के लोमन भारती योगेन्द्र, ग्राम घुघसीडीह के कमल नारायण, क्षमा चन्द्राकर, ग्राम पाउवारा के दुजराम बंजारे एवं ग्राम बोरीगारका के रामकुमार साहू को मसुर मिनीकीट प्रदान किया गया। शिविर में जनपद अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख, जिला पंचायत एवं जनपद सदस्य, सरपंच दिलीप साहू एवं अन्य पंचायत प्रतिनिधि, जिला पंचायत के सीईओ बी.के. दुबे, एसडीएम एच.एस. मिरी, जनपद सीईओ रूपेश पाण्डेय सहित समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी/कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य अमले ने पीलिया प्रभावित मोहल्ले का लिया जायजा, 144 घरों में जाकर किया स्वास्थ्य सर्वेक्षण...

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com





जांजगीर चांपा में पीलिया पैर पसार रहा है। वार्ड नं. 21 और 24 में करीब 2 दर्जन लोगों में पीलिया का प्रभाव देखा जा रहा है। इनमें ज्यादातर बच्चे है, जो अधिकतम 10 से 15 साल के आसपास है। इधर मामले की खबर मिलते ही स्वास्थ्य अमला ने पहुँचकर करीब डेढ़ दर्जन लोगों का ब्लड सेम्पल कलेक्ट किया। वही 144 घरों में जाकर सर्वे की। इस तरह एकाएक 2 दर्जन लोगों में पीलिया होने से हड़कंप मचा हुआ है। चांपा में नगर पालिका पाइप लाइन के जरिए जल आपूर्ति कराती है। इसके लिए दो फिल्टर प्लांट और लगभग आधा दर्जन पानी टंकियों के माध्यम से पूरे शहर में पेयजल की आपूर्ति कराई जाती है। अभी पिछले पखवाड़े भर से वार्ड नं. 21 और 24 में पीलिया का प्रकोप खासकर 10 से 15 साल के बच्चों में देखा जा रहा है। मामले की खबर मिलते ही कलेक्टर के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम रात को ही आनन फानन में प्रभावित स्थल पहुँची और उन्होंने जायजा लिया। इसके बाद गुरुवार की सुबह सीएमएचओ डॉ. स्वाति वंदना सिसोदिया, बीएमओ आजम्बर सिंह,बीपीएम सुरेश जायसवाल, बीटीओ बीरेंद्र अहीर सहित स्वास्थ्य विभाग के टीम ने मौके पर पहुँचकर करीब डेढ़ दर्जन लोगों का ब्लड सेम्पल लिया।इसके अलावा पूरे मोहल्ले में घूमकर जायजा लेते हुए करीब 144 घरों में जाकर स्वास्थ्य संबंधी सर्वे किया।लोगो को स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से उन्हें एहितयात बरतने को कहा। इसके साथ ही पीएचई और नगर पालिका की टीम ने पानी का सेम्पल लिया। स्वास्थ्य अमला ने दूषित पानी की वजह से लोगों में पीलिया होने की आशंका जताई है। आपको बता दे कि शहर में पेयजल आपूर्ति के लिए बिछाई गई पाइप कई जगह नाली से होकर गुजरी है। संभावना जताई जा रही हैं कहीं से पाइप लीकेज होकर नाली का पानी उसमें से होते हुए लोगों के टेपनल तक पहुँच रहा है। जिसका दुष्प्रभाव लोगो मे दिख रहा है। बहरहाल पानी और ब्लड सेम्पल की रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि आखिर बच्चों को किस वजह से पीलिया अपनी चपेट में ले रहा है।

नगर पालिका ने शहर में कराई मुनादी - शहर में एकाएक लोगों में पीलिया का प्रकोप बढ़ने को लेकर नगर पालिका ने एहतियात के तौर पर शहर में मुनादी कराई है। नगर पालिका अध्यक्ष जय थवाईत का कहना है कि पानी को पीने से पहले अच्छी तरह से उबाल लिया जाए। साथ ही वितरित की गई क्लोरीन की दवा का भी उपयोग शुद्ध पानी के लिए किया जाए। उन्होंने लोगो से अपील की है कि नल के पानी गंदा या दूषित होने की स्थिति में तत्काल इसकी सूचना वार्ड पार्षद, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन एवं नगर पालिका को दी जाए। नगर पालिका पेयजल आपूर्ति के लिए पाइप लाइन का विस्तार की है लेकिन देखा जा रहा है कि ज्यादातर पानी सप्लाई के लिए बिछी पाइप लाइन नाली के ऊपर या नाली से होकर गयी है।

कहीं भी पाइप लाइन लीकेज होने से नाली का पानी पाइप लाइन में जा रहा है जिससे लोगों के घरों में नाली का गंदा पानी पहुँच रहा है जिससे लोग बीमार पड़ रहे है। इस ओर ध्यान देना अति आवश्यक हैं। इस गंभीर समस्या का हल निकलना अत्यंत आवश्यक है। अब देखते है इतना होने के बाद नगर पालिका इस ओर क्या कार्रवाई करती है।

# स्कूल शिक्षा विभाग के उपसंचालक ने ली शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



संचालक लोक शिक्षण संचालनालय के प्रभारी अधिकारी जिला सक्ती एच आर सोम उपसंचालक द्वारा जिले के समस्त प्राचार्यो, विकासखंड शम कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जिला शिक्षा अधिकारी एन के चंद्रा की उपस्थिति में ली गई। विशेष मार्गदर्शन एवं समीक्षा के लिए सक्ती कलेक्टर अमृत विकास तोपनो भी उपस्थित हुए। समीक्षा बैठक में जिला कलेक्टर तोपनो ने बोर्ड परीक्षा परिणाम में अपेक्षित सुधार करने, छात्रवृत्ति का लक्ष्य पूर्ण करने तथा शत प्रतिशत जाति प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए। उपसंचालक सोम ने ब्लूप्रिंट निर्माण, इसके महत्व तथा इसके अनुसार अध्यापन कार्य करने, विद्यार्थियों को उत्तर पुस्तिका में सही ढंग से उत्तर लिखने एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को अलग से एक सप्ताह का मार्गदर्शन कोचिंग कक्षा संचालित करने के निर्देश दिए । बैठक में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना, निशुल्क पाठ्य पुस्तक, निशुल्क गणवेश, निशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण, विद्यालय भवन से संबंधित समस्त जानकारी, आरटीई, पीएम विद्यालयों के भवन एवं शिक्षक की उपलब्धता,पालक शिक्षक मीटिंग, न्यायालीन प्रकरण, बोर्ड एवं अन्य कक्षाओं की शैक्षणिक स्थिति, छात्रवृत्ति वितरण, पदोन्नति, समयमान वेतनमान तथा पेंशन प्रकरणों की समीक्षा की गई। जिला शिक्षा अधिकारी एन के चंद्रा ने परीक्षा गुणवत्ता अभियान के 25 बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की एवं इसका पूर्णतः पालन करने के निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी ने अर्धवार्षिक परीक्षा के उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन अन्य विद्यालयों में कराए जाने के भी निर्देश दिए। अंत में उल्लास साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत समस्त उपस्थितों को शपथ ग्रहण सोम द्वारा कराया गया।

# उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश पर सरकारी स्कूलों में हुआ पोषक शाला संपर्क कार्यक्रम


पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार पोषक शाला संपर्क कार्यक्रम अंतर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाराद्वार और सरस्वती शिशु मंदिर बाराद्वार में शासकीय क्रान्ति कुमार भारतीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय सक्ति के प्रो हेमपुष्पा चंद्रा, प्रो ललित कुमार सिंह और प्रो सोमेश कुमार घिटोड़े के द्वारा 11वीं और 12 वी के छात्र छात्राओं को महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया, छात्रवृत्ति, खेलकूद, राष्ट्रीय सेवा योजना, नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत सेमेस्टर पद्धति को विस्तार से बताया गया। प्रो हेमपुष्पा चंद्रा ने नई शिक्षा नीति, छात्रवृत्ति, खेलकूद के बारे में बताते हुए सभी को अपने आगे की पढ़ाई के लिए महाविद्यालय में प्रवेश लेने के लिए प्रेरित किया गया। प्रो सोमेश कुमार घिटोड़े ने राष्ट्रीय सेवा योजना, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कैसे करें के बारे में बताया। प्रो ललित सिंह ने छात्र छात्राओं को सामान्य ज्ञान के प्रश्न पूछकर उन्हें विश्व की जानकारी से अपडेट रहने को कहा ।सही जवाब देने वाले छात्र छात्राओं को सभी प्रोफेसर के द्वारा पेन दिया गया। ज्ञातव्य है कि यह कार्यक्रम महाविद्यालय में छात्र छात्राओं का सकल नामांकन अनुपात को बढ़ाने के लिए पूरे छत्तीसगढ़ में कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

# सक्ती जिले में अब तक 574844 क्विंटल धान की हुई खरीदी,12 दिसम्बर के लिए 2685 टोकन हुये जारी

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



राज्य शासन के निर्देशन में प्रदेश में 14 नवंबर से धान खरीदी के महाअभियान की शुरुआत हो गई है। जिसके तहत सक्ती जिले में भी 14 नवंबर से धान खरीदी कार्य विभिन्न धान उपार्जन केंद्रों में सुव्यस्थित ढंग से किया जा रहा है। धान खरीदी कार्य अंतर्गत जिले में अब तक कुल 574844.60 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। जिला विपणन अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार 11 दिसम्बर 2024 को शाम 5 बजे तक की स्थिति में जिले के धान खरीदी केंद्रों में मोटा धान 30371.60 क्विंटल और सरना धान -39320.80 क्विंटल इस प्रकार 11 दिसम्बर को कुल 69692.40 क्विंटल धान की खरीदी की गई। इसी क्रम में 12 दिसम्बर को धान खरीदी कार्य के लिए जिले में 2685 टोकन जारी हुवे है, जिसके तहत धान खरीदी कार्य किया जाएगा, उल्लेखनीय है कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में शासन के उपार्जन नीति के तहत् धान खरीदी 14 नवंबर से 31 जनवरी तक समर्थन मूल्य पर मोटा, सरना धान खरीदी 2300 रुपये प्रति क्विंटल एवं पतला धान 2320 रुपये प्रति क्विंटल पर किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी अनुसार इस बार धान खरीदी हेतु 7 दिवस पूर्व टोकन जारी कराना अनिवार्य होगा एवं लघु, सीमांत किसानो (5 एकड़ से कम) को अधिकतम 2 टोकन एवं दीर्घ किसानो को अधिकतम 3 टोकन जारी का प्रावधान है। धान खरीदी केन्द्रों पर गड़बड़ी रोकने के लिए सीसीटीव्ही कैमरों से निगरानी भी रखी जा रही है। तौल में गड़बड़ी की आशंका को दूर रखने के लिए धान खरीदी कार्य के लिए इलेक्ट्रानिक कांटा तौल का उपयोग भी किया जा रहा है।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजनो की विभिन्न समस्याएं

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने कलेक्ट्रेट कार्यालय सभाकक्ष में जनदर्शन के माध्यम से जिले के दूरदराज के गांवों से आये विभिन्न लोगों की समस्याएं सुनी। जनदर्शन में आज कुल 30 आवेदन प्राप्त हुए,जनदर्शन में आज तहसील भोथिया निवासी बुधेश्वर ने उपार्जन केंद्र रायपुरा में धान बिक्री हेतु तीसरा टोकन जारी करने की अनुमति प्रदान करने के संबंध में, तहसील नया बाराद्वार अंतर्गत वार्ड क्रमांक 10 के समस्त वार्ड वासियों द्वारा वार्ड क्रमांक 01 में नाली निर्माण किए जाने के संबंध में, तहसील भोथिया अंतर्गत ग्राम झालरौंदा निवासी राधेलाल चंद्रा ने बेजा कब्जा हटाने एवं कार्रवाई करने के संबंध में, तहसील सक्ती अंतर्गत ग्राम पोता निवासी सुरेश कुमार यादव ने झूठी शिकायत कर निर्माण कार्य में स्टे लगवाने के विरुद्ध करवाई तथा स्टे निरस्त कर पुनः निर्माण कार्य की अनुमति देने के संबंध में, तहसील नया बाराद्वार निवासी डॉक्टर धीरेंद्र खूंटे ने डोलोमाइट परिवहन के ओवरलोड वाहनों पर कार्यवाही करने के संबंध में, तहसील सक्ती अंतर्गत सेजेस कसेर पारा शाला विकास प्रबंधन समिति अध्यक्ष द्वारा सेजेस कसेरपारा हिंदी माध्यम में शिक्षक की कमी दूर करने के संबंध में, तहसील मालखरौदा अंतर्गत ग्राम आमनदुल्हा निवासी महेतरीन बाई ने स्वामित्व खेत पर दूसरे के द्वारा कब्जा कर लेने के संबंध में, तहसील हसौद अंतर्गत ग्राम कैथा निवासी शिव प्रसाद कश्यप ने तहसील जैजैपुर अंतर्गत ग्राम देवराघट एनीकट में प्रभावित भूमि का मुआवजा दिलाने के संबंध में, तहसील नया बाराद्वार अंतर्गत ग्राम किरारी निवासी रामसाय गोड़ ने आदिवासी महिला की जमीन को फर्जी रजिस्ट्री के जरिए कब्जा कर लेने के संबंध में।

# जिले के बैंक अधिकारियों से कहा प्रस्तुत आवेदनों पर त्वरित करें कार्यवाही : राजेंद्र कटारा

## कलेक्टर की अध्यक्षता में डीएलसीसी की बैठक सम्पन्न

पायनियर संवाददाता ➤ बलरामपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर राजेन्द्र कटारा की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी) की त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि शासन की योजनाओं से संबंधित पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने सभी बैंकर्स प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण कर लाभ दिया जाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों में जहां लोगों को वित्तीय लेन-देन के लिए अधिक दूरी का सफर कर विभिन्न परिस्थियों का सामना करना पड़ता है, उन क्षेत्रों में विस्तार करते हुए ग्रामीणों को सुविधा उपलब्ध करायें। उन्होंने शासन की मंशानुरूप आमजनों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर ने जिले में संचालित विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधकों से योजनाओं से संबंधित जैसे केसीसी प्रकरण,ईकेवाईसी अन्य प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होंने ने बैंक के अधिकारियों को बैंकों में प्रस्तुत आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए अधिक से अधिक लोगों को योजना का लाभ देने को कहा। उन्होंने प्रस्तावित नवीन बैंक एवं एटीएम के संबंध में भी जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ रेना जमील, आरबीआई के प्रतिनिधि सदानंद बासकेट, नाबार्ड से अनुपम बैंक से रणधीर सिंह,एलडीएम के.एम. सिंह एवं विभिन्न बैंकों के अधिकारी तथा बैंक शाखाओं के प्रबंधक उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा सरकार पूर्णतः अ-सफल, साल भर में 6 गोलीबारी और 80 हत्याएं सहित अन्य लूट डकैती कि हुई घटनाए

■ सुशासन के नाम पर एक साल में कुशासन कि बु-सुनील सिंह

पायनियर संवाददाता ➤ बलरामपुर
www.dailypioneer.com



जिले के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी राजपुर के द्वारा छत्तीसगढ़ में भाजपा के 1 वर्ष पूरे होने पर आज कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष व जिला प्रवक्ता सुनील सिंह के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने वन परिक्षेत्र कार्यालय के सामने जोरदार प्रदर्शन किया और छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन के वादों को असफ्ल बताते हुए छत्तीसगढ़ बदहाल के नारों के साथ लोगों का ध्यान आकृष्ट किया। धरना प्रदर्शन के दौरान सुनील सिंह ने लोगों को संबोधन करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी नीति सरकार की 1 वर्ष पूर्ण होने पर जहां सरकार जोर-शोर से सुशासन का डंका पीट रही है वहीं दूसरी ओर कांग्रेस जनों के साथ आम लोगों ने आज ब्लॉक मुख्यालय में प्रदर्शन में भाग लिया इस प्रदर्शन में उपस्थित लोगों ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की एक वर्षो की कोई खास उपलब्धि नहीं रही है सूरजपुर से बालोद तक और बलरामपुर जिले में जिस तरह की घटनाएं हुई हैं वह सुशासन के राज्य में कैसे संभव हो सकता है, भारतीय जनता पार्टी को आम लोगों को छत्तीसगढ़ के लोगों को सच बताना चाहिए, राजधानी सुरक्षित नहीं है साल भर में 6 गोलीबारी और 80 हत्याएं हो चुकी हैं लूट डकैती और सामूहिक बलात्कार की घटनाएं निरंतर बढ़ रही है, शराबबंदी की बात बीजेपी करती थी अब शराब बंदी की जगह मनपसंद देव के माध्यम से आबकारी विभाग हर जगह शराब उपलब्ध कराने की बात कर रहा है ऐसे अनेको कारण है जिसने छत्तीसगढ़ को बदल दिया है और अब यह बीजेपी को बताना चाहिए की भारतीय जनता पार्टी ने सरकार चलाने के नाम पर जिस तरह से प्रशासनिक कार्यवाहियों के माध्यम से जनता का दमन और जन अधिकारों को कुचलने की चेष्टा की है उसके कई प्रत्यक्ष उदाहरण सामने हैं भारतीय जनता पार्टी के लोग भूल गए हैं कि हसदेव की जंगल की रोज-रोज हो रही कटाई के लिए कांग्रेस के शासनकाल में उन लोगों ने कई वादे किए थे परंतु अब निरंतर कटाई हो रही है और हसदेव का वन क्षेत्र सिमटता जा रहा है जिस पर छत्तीसगढ़ के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र की जनता पूर्णतःनिर्भर थी।

# मुख्यमंत्री की सकारात्मक पहल से स्कूली बच्चों को मिल रहा पौष्टिक भोजन

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना में समुदाय की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप न्योता भोज की अवधारणा रखी गई है। बच्चों को स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन प्रदान करने के लिए शुरू की गई इस योजना के तहत जिले के विभिन्न स्कूलों एवं छात्रावासों में न्योता भोज का आयोजन किया जा रहा है द्य इसी क्रम में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो संकुल केंद्र चाटीपाली के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला बेल्हाडीह में आयोजित न्योता भोज में शामिल हुए और सभी बच्चों को कलेक्टर ने स्वयं खाना परोसा और जिला शिक्षा अधिकारी सहित संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ स्वयं भी न्योता भोज ग्रहण किए । बेल्हाडीह के सरपंच और चंद्रा समाज के आयोजकों के सहयोग से बेल्हाडीह शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला प्रांगण में बड़ी संख्या में स्कूली छात्र छात्राओं को न्योता भोज कराया गया। कलेक्टर को अपने बीच पाकर स्कूली छात्र-छात्राएं बहुत ही उत्साहित दिखे।इस अवसर पर न्योता भोज कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कलेक्टर तोपनो ने कहा कि सामुदायिक सहयोग से स्कूली बच्चों को स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू किए गए इस आयोजन को स्कूली शिक्षक और विभिन्न समुदाय के लोग हाथों हाथ ले रहे हैं और साथ ही प्रशासन की भी पूरी सहभागिता इसमें नजर आ रही है।

# कलेक्टर ने पावरलिफ्टर गुरुवचन को पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने पर किया सम्मान



**सक्ती।** कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने कलेक्टर कार्यालय के कर्मचारी और पावरलिफ्टर गुरुवचन को पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में दो गोल्ड और एक सिल्वर मेडल जीतने पर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्मानित किया। वेस्टर्न पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन रिकॉग्नाइज्ड बाय वर्ल्ड पावरलिफ्टिंग फेडरेशन द्वारा विगत नवंबर माह में कोरबा जिले के सांस्कृतिक भवन दीपका में आयोजित पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में मास्टर 1 श्रेणी में पावरलिफ्टर गुरुवचन सिंह (प्रिंस) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के विभिन्न श्रेणी में गुरुवचन ने कुल दो गोल्ड और एक सिल्वर मेडल अपने खाते में अर्जित किया है। उन्होंने 155 किलोग्राम डेडलिफ्ट में प्रथम स्थान तथा स्क्वाड पर 120 किलोग्राम में द्वितीय स्थान और 100 किलोग्राम बेंच में प्रेस टोटल वेट 375 किलोग्राम लिफ्ट करके प्रथम स्थान के विजेता रहे।


**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता**
**शिवनाथ मण्डल, दुर्ग (छ.ग.)**

**// ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना //**

eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

**( प्रथम आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्रमांक 162680/निविदा सूचना क्रमांक 20/वलेलि/2024-25, कवर्धा, दिनांक 12.12.2024

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक **02.01.2025** तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:

**कार्य का नाम :** कबीरधाम जिले के विकासखण्ड सहसपुर लोहारा की बीजाबैरागी डोमाटोला एनीकट कम काजवे के प्रोटेक्शन कार्य।

**अनुमानित लागत :** रूपये **147.71** लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **19.12.2024** समय **17:31** बजे से देखें तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

**नोट:** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग, कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**
**कृते-अधीक्षण अभियंता शिवनाथ मण्डल दुर्ग (छ.ग.)**

G-242504572/1



**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल, कांकेर**
Email :- sepwdkanker.2010@rediffmail.com / sc.kanker@nic.in, Fax No. 07868-224040

**// ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना //**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित सप्लाई/सड़क कार्य हेतु दिनाँक 24.12.2024 समय 17:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. | एन.आई.टी. नंबर | टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | 110 | 162633 | उप-संभाग केशकाल के अंतर्गत विभिन्न आकार के गिट्टी (crushed stone) & dust का सप्लाई (आपूर्ति) का कार्य। | 10.00 लाख |
| 02 | 111 | 162634 | उप-संभाग क्र. 01 कोण्डागांव के अंतर्गत विभिन्न आकार के गिट्टी, मुरूम एवं रेत सप्लाई (आपूर्ति) का कार्य। | 10.00 लाख |
| 03 | 112 | 162635 | उप-संभाग क्र. 02 कोण्डागांव के अंतर्गत विभिन्न पुल पुलिया में कि.मी. स्टोन, पेंटिंग, फिगरिंग एवं नंबरिंग कार्य तथा विभिन्न मार्गों में पेंटिंग, फिगरिंग एवं साईन बोर्ड कार्य। | 10.00 लाख |
| 04 | 113 | 162636 | पखांजूर अनुविभाग के विभिन्न मार्गों पर 5th कि.मी. स्टोन 0.20 कि.मी. स्टोन सांकेतिक बोर्ड कार्य। | 9.77 लाख |
| 05 | 114 | 162638 | उपसंभाग क्र. 01 नारायणपुर अंतर्गत पेटी बाजार सप्लाई का कार्य। | 10.00 लाख |
| 06 | 115 | 162639 | उपसंभाग नरहरपुर अंतर्गत पेटी बाजार सप्लाई का कार्य। | 10.00 लाख |
| 07 | 116 | 162640 | उपसंभाग चारामा अंतर्गत पेटी बाजार सप्लाई का कार्य। | 10.00 लाख |
| 08 | 117 | 162712 | उपसंभाग केशकाल के अंतर्गत 01 नग मुख्य जिला मार्ग एवं 04 नग ग्रामीण मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम. एवं बी.टी. पेंच मरम्मत कार्य। | 79.33 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट बेव पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है।

डाउनलोड करने की अंतिम तिथि - 24.12.2024 है।
ठेकेदार का हॉट मिक्स प्लांट होना अनिवार्य है। (स.क्र.08 के लिए)

नोट :- द्वितीय आमंत्रण (स.क्र. 01 से 07) एवं चतुर्थ आमंत्रण (स.क्र.)

**टीप:-** 1. निविदा क्र. 162638, 162639 एवं 162640 कार्य हेतु संबंधित कार्यक्षेत्र के नगर पंचायत/पालिका का वैध गुमास्ता प्रस्तुत करना अनिवार्य है एवं नगर पंचायत/पालिका की परिधि में दुकान/फर्म का होना अनिवार्य है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग, कांकेर**
**मण्डल कांकेर**

G-242504507/3



**पंजीकृत कार्यालयः** 601 व 602, पेनिन्सुला बिजनेस पार्क, 6वीं मंजिल, टॉवर ए, सेनापति बापट मार्ग, लोवर पारेल, मुम्बई–400013

**DCB BANK**

**सार्वजनिक सूचना**
**आभूषण नीलामी सह आमंत्रण सूचना**

नीचे उल्लेखित उधारकर्ताओं को DCB बैंक लिमिटेड (DCB Bank) के पास गिरवी रखे गए आभूषणों के बदले ब्क्ष बैंक लिमिटेड से प्राप्त सुविधाओं में संपूर्ण बकाया राशि का भुगतान करने के लिए नोटिस जारी किए गए हैं। हम गिरवी रखे गए आभूषणों की नीलामी करने के लिए बाध्य हैं क्योंकि वे संपूर्ण बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं। DCB बैंक लिमिटेड के पास बिना किसी पूर्व सूचना के खाता (खाते) हटाने/नीलामी तिथि(तारीखों) को बदलने का अधिकार है। नीलामी 21.12.2024 को दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक https://gold.Samil.in के माध्यम से ऑनलाइन आयोजित की जाएगी।

| क्रं. सं. | ग्राहक आई डी | ग्राहक नाम | क्रं. सं. | ग्राहक आई डी | ग्राहक नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| | | **बलौदा बाजार स्थान** | | | **कवर्धा स्थान** |
| 1 | 102146093 | सुभाष जैन | 16 | 101823783 | मोहम्मद जावेद |
| 2 | 106834787 | बजरंग ध्रुव | 17 | 101999217 | जीतेन्द्र वर्मा |
| | | **बेमेतरा स्थान** | | | **खरोरा स्थान** |
| 3 | 101849323 | नवीन ताम्रकार | 18 | 102328706 | योगेन्द्र कुमार साहू |
| 4 | 104106395 | रघु | | | **कुर्रा स्थान** |
| 5 | 105325406 | आयुष बंजारे | 19 | 102645469 | खुशबू साहू |
| 6 | 106407521 | वाशु सिन्हा | | | **परसदा स्थान** |
| | | **बेरला स्थान** | 20 | 102754142 | अवधेश मिश्रा |
| 7 | 101225059 | भीसम | 21 | 102869664 | संदीप कश्यप |
| 8 | 101409211 | सीमा साहू | 22 | 102929642 | रूपेश कुमार आदिल |
| 9 | 101446506 | अशोक चक्रवर्ती | 23 | 104148735 | पुष्पा सोनी |
| 10 | 102055743 | मोहन लाल साहू | 24 | 106783525 | बबिता ठाकुर |
| 11 | 102845882 | संस्कार | 25 | 106847996 | आशीर्वाद दुबे |
| 12 | 102846463 | मंजू जैन | 26 | 107064524 | सौरव तिवारी |
| | | **धमतरी स्थान** | | | **राजनंदगांव स्थान** |
| 13 | 102865370 | दिनेश साहू | 27 | 101851432 | सावित्री बाई |
| | | **दुर्ग स्थान** | 28 | 105331590 | युगल चौहान |
| 14 | 102802084 | अकरम रजा | 29 | 105331593 | दीक्षा सोलंकी |
| 15 | 105433852 | नरेन्द्र कुमार चंद्राकर | | | |

इस प्रकाशन के द्वारा संबंधित कर्जदारों/गिरवीकर्ताओं को एतद्द्वारा अंतिम सूचना तथा अंतिम अवसर दिया जाता है कि वे नीलामी तिथि के पूर्व सुविधा के तहत प्राप्त पूरी राशि का, समस्त ब्याज तथा चार्जेस के साथ तत्काल या किसी भी तरह भुगतान कर दें, अन्यथा आभूषण की नीलामी कर दी जाएगी, नीलामी की अधिसूचित तिथि को यदि अधिकतम बिडर को आइटम की नीलामी नहीं होती है तो बिना किसी आगे की सूचना के, नीलामी कोई अन्य दिवस (दिवसों) को किये जाएंगे। नीलामी में भागीदारी तथा बिड्स की स्वीकृति डीसीबी बैंक के स्व–विवेक पर होगी।

कृपया ध्यान दें कि नीलामी 'जहाँ है, जैसा है' 'जैसा है, जो है' 'जो कुछ है, वहाँ है' के आधार पर तथा "no recourse basis" पर होगी तथा डीसीबी बैंक आभूषण अथवा इसकी नीलामी के संबंध में कोई भी दावों, विवादों, आपत्तियों के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार या उत्तरदायी नहीं होगा। बिडर्स नीलामी में भाग लेने के लिए विस्तृत नियमों तथा शर्तों के लिये कृपया https://gold.Samil.in पर विजिट करें।

दिनांकः **14.12.2024**

हस्ता./–,
प्राधिकृत अधिकारी
डीसीबी बैंक लिमिटेड

# श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन ने आयोजित किया एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर






पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन एवं सरपंच गोपी यादव के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर ग्राम पंचायत भवन धरमपुरा रायपुर में शुक्रवार को प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक आयोजित किया गया। जिसमें स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं पर ग्रामीणों ने चिकित्सकों से निःशुल्क परामर्श प्राप्त किया। जिसमें नेत्र रोग विभाग से नेत्र सहायक वेद यादव, जनरल मेडिसिन विभाग के डॉ. धनेन्द्र साहू, हड्डी रोग विभाग के डॉ. संतोष बंजारे, दंत रोग विभाग के डॉ. कृतिका भक्ते, नर्सिंग स्टाफ श्वेता, सश्मिता सिंह व जन संपर्क अधिकारी विरेन्द्र खुटेल, सुनील साहू, सुनील वर्मा एवं सरपंच गोपी यादव उपस्थित रहे। शिविर में निःशुल्क ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, व अन्य रोगों की जांच कर निःशुल्क परामर्श प्रदान किया गया। सरपंच गोपी यादव एवं ग्रामीणों ने श्री बालाजी हॉस्पिटल में संचालित योजनाओं जिनमें मुख्य रूप से निःशुल्क डिलीवरी व निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन योजना की विशेष सराहना किए व आभार व्यक्त किया।



# स्कूली बच्चों, एनएसएस के छात्राओं को दी गई कानूनी जानकारी और कैरियर संबंधी टिप्स

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com

शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुंद के तत्वाधान में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) महिला इकाई द्वारा ग्राम मचेवा की शासकीय प्राथमिक शाला में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। गुरुवार को शिविर एक बौद्धिक परिचर्चा सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के सचिव दामोदर प्रसाद चन्द्रा ने बच्चों और एनएसएस छात्राओं को कानूनी जानकारी दी और उनके उज्जवल भविष्य निर्माण के लिए विभिन्न करियर गाइडलाइन पर चर्चा की। चन्द्रा ने सायबर अपराध और उससे सुरक्षा, महिलाओं और बच्चों से संबंधित अपराधों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि बच्चों को अपनी रुचियों और पसंदीदा विषयों के बारे में जानकर ही भविष्य में सही कैरियर की दिशा तय करनी चाहिए। साथ ही, उन्होंने बच्चों को यह भी समझाया कि अध्ययन में कठिन परिश्रम और ईमानदारी से ही उज्जवल भविष्य का निर्माण संभव है। इसके अलावा, चन्द्रा ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यो और कानूनी सहायता के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 39 ए के तहत सभी के लिए न्याय सुनिश्चित किया गया है और समाज के कमजोर वर्गों के लिए निःशुल्क कानूनी सहायता की व्यवस्था की गई है। संविधान के अनुच्छेद 14 और 22(1) के अंतर्गत राज्य का यह कर्तव्य है कि वह सबके लिए समान अवसर सुनिश्चित करे और कमजोर वर्गों को न्याय उपलब्ध कराने के लिए विधिक सेवा तंत्र स्थापित किया जाए। इसके तहत 1987 में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम पास किया गया, जिसके तहत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) का गठन किया गया। चन्द्रा ने बताया कि नालसा की नीतियों और निर्देशों के तहत प्रत्येक राज्य में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और जिले स्तर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन किया गया है। इन संस्थाओं का मुख्य कार्य गरीब और जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान करना है।

# पीएचसी नवागढ़ के शिविर में 275 लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण



पायनियर संवाददाता ◄ अंम्बिकापुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर विलास भोसकर के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पी.एस. मार्को के मार्गदर्शन में अम्बिकापुर नगर निगम क्षेत्र में गुरुवार को शहरी क्षेत्र में संचालित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नवागढ़ के अंतर्गत घुटरापारा में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत निःशुल्क विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 275 लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श के साथ आवश्यक निःशुल्क दवाइयां भी प्रदान की गई। शिविर में 55 लोगों का आयुष्मान कार्ड निर्माण किया गया। स्वास्थ्य शिविर में मेडिसिन रोग विशेषज्ञ, चर्म रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ उपस्थित थे। इस अवसर पर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नवागढ़ के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुप्रिया सिंह, चिकित्सा अधिकारी डॉ. गोकरण प्रताप सिंह द्वारा विशेषज्ञ सेवा प्रदान की गई। इस अवसर पर शहरी कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. सीमा तिग्गा,शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नवापारा के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. शीला नेताम सहित शहरी सुपरवाईजर धनेश प्रताप सिंह, अनिल पाण्डेय, नवागढ़ क्षेत्र की समस्त मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नवागढ़ में नि:शुल्क विशेष स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ अंम्बिकापुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर विलास भोसकर के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पी.एस. मार्को के मार्गदर्शन में अम्बिकापुर नगर निगम क्षेत्र में शहरी क्षेत्र में संचालित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नवागढ़ के अंतर्गत घुटरापारा में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत निःशुल्क विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 275 लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श के साथ आवश्यक निःशुल्क दवाइयां भी प्रदान की गई। शिविर में 55 लोगों का आयुष्मान कार्ड निर्माण किया गया। स्वास्थ्य शिविर में मेडिसिन रोग विशेषज्ञ, चर्म रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ उपस्थित थे। इस अवसर पर शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नवागढ़ के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुप्रिया सिंह, चिकित्सा अधिकारी डॉ. गोकरण प्रताप सिंह द्वारा विशेषज्ञ सेवा प्रदान की गई। इस अवसर पर शहरी कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. सीमा तिग्गा,शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नवापारा के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. शीला नेताम सहित शहरी सुपरवाईजर धनेश प्रताप सिंह, अनिल पाण्डेय, नवागढ़ क्षेत्र की समस्त मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य सुविधा में हुआ विस्तार, 12 घंटे मिलेगी एक्स-रे व दवा वितरण की सुविधा



पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ स्वाति वंदना सिसोदिया के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य सुविधा मे हुआ विस्तार 12 घंटे मिलेगी जिला चिकित्सालय एवं बी.डी.एम. चांपा में एक्स-रे एवं दवा वितरण की सुविधा प्रारंभ किया गया है। सिविल सर्जन डॉ. दीपक जायसवाल ने बताया कि जिला चिकित्सालय जांजगीर एव बी.डी.एम. चांपा मे स्वास्थ्य सुविधा के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण हेतु जन मानस को लाभ पहुंचाने की दृष्टि से दवा वितरण सुविधा (दवा वितरण कक्ष एवं जन औषधी केन्द्र) एवं एक्स-रे विभाग को प्रतिदिवस 12 घंटे (प्रातः 08 बजे से सायं 08 बजे तक) क्रियाशील करते हुए आज से सेवा प्रारंभ कर दी गयी है। इससे मरीजों में तथा आम जनता में हर्ष व्याप्त है। सिविल सर्जन ने समस्त मरीजों एवं आम जनता से अपील की है कि वे चिकित्सालय में उक्त सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठावें।

# आदिवासी अंचलों में बढ़ रहीं स्वास्थ्य सुविधाएं : महेन्द्र सिंह

पायनियर संवाददाता ◄ अंबिकापुर
www.dailypioneer.com



स्वास्थ्य हर व्यक्ति के लिए कितना आवश्यक है, यह एक आम आदमी ही बता सकता है। एक स्वस्थ समाज ही प्रगति और विकास का आधार बन सकता है। 12 दिसंबर को मनाया जाने वाला सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज दिवस इसी अधिकार को वास्तविकता में बदलने की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसका उद्देश्य है कि प्रत्येक नागरिक को बिना किसी आर्थिक या सामाजिक भेदभाव के उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ हो। स्वास्थ्य सेवाएं एक विशेषाधिकार नहीं, बल्कि हर व्यक्ति का हक भी हैं। छत्तीसगढ़ जैसे राज्य जहाँ जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा आदिवासी समाज है, जो दूरस्थ क्षेत्रों में निवास करता है, वहां स्वास्थ्य सेवाओं की चुनौतियाँ और भी अधिक रहता हैं। एमसीबी जिले के भरतपुर, खड़गवां और मनेंद्रगढ़ ब्लॉकों के आदिवासी अंचलों में स्वास्थ्य सुविधाएं अब धीरे-धीरे सुदृढ़ हो रही हैं। यहाँ प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही हैं। अभी हाल ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने हाथों से चिरमिरी में जिला अस्पताल का लोकार्पण किया है। इसके साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जनकपुर को 100 बिस्तर अस्पताल में तब्दील करने की घोषणा किया गया है। इससे पहले जिले में मोबाइल मेडिकल यूनिट्स और हाट बाजार क्लिनिक जैसे योजनाओं ने गाँव-गाँव तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाने का कार्य कर रहा है। गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशुओं और बच्चों के लिए विशेष कार्यक्रमों के साथ-साथ मलेरिया और एनीमिया उन्मूलन के प्रयासों ने इन क्षेत्रों में स्वास्थ्य की दिशा में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। जैसे मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना, आयुष्मान भारत योजना और मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना की पहल से राज्य के गरीब और पिछड़े वर्ग तक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पहुँचाया जा रहा है। आदिवासी बैगा जनजातीय इलाकों में स्वास्थ्य केंद्रों का विस्तार, आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता और चिकित्सकीय स्टाफ की नियुक्ति जिले की स्वास्थ्य संरचना को मजबूत कर रहा हैं। इसके बावजूद अभी भी कई चुनौतियां मौजूद हैं। कई ग्रामीण और दूरस्थ इलाकों में अभी भी डॉक्टरों और विशेषज्ञों की कमी है। पहुंचहीन ग्रामीण इलाको में शुद्ध पेयजल और स्वच्छता के अभाव के चलते जलजनित बीमारियाँ एक बड़ी समस्या सरकार के सामने बनी हुई हैं। इन दुरूस्त क्षेत्रों में कार्य करने के लिए शासन प्रशासन को सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। इन दुरूस्त ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूलों और पंचायतों के माध्यम से स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी तरीके से प्रचार प्रसार करने की आवस्यता है।

# जिले में बनाया जा रहा है आयुष्मान वय वंदना कार्ड

पायनियर संवाददाता ◄ गौरेला पेंड्रा महवाही
www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन के सहयोग से 70 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के समस्त वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन प्रारंभ हो गया है, जो कि आगामी 31 दिसम्बर तक चलेगा। जिले में लक्षित 17 हजार 101 वरिष्ठ नागरिक है जिनका आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन किया जाना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामेश्वर शर्मा ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों आयुष्मान वय वंदना कार्ड पंजीयन के लिए उनके निवास के नजदीक चयनित स्वास्थ्य संस्थाओं एवं च्वाईस सेंटरों में स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मितानीनों के द्वारा संपर्क कर वय वंदना कार्ड का पंजीयन कराया जा सकता है। वर्तमान में जिले के छत्तीसगढ़ प्रगतिशील पेंशन कल्याण संघ के जिला सचिव प्रकाश नामदेव, मोहनीशंकर तिवारी, सोमनाथ तिवारी, नाथूप्रसाद गुप्ता द्वारा सभी विकासखण्डों में 70 वर्ष व इससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों का शिविर लगाकर वय वंदना कार्ड पंजीयन किया जा रहा है। 14 दिसंबर को अतिरिक्त जिला न्यायलय परिसर पेण्ड्रारोड लोक अदालत में तथा 17 दिसंबर को इंदिरा उद्यान पेण्ड्रा में सुबह 10:30 बजे से वय वंदना कार्ड पंजीयन हेतु शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में समस्त वरिष्ठ नागरिक आकर अपना पंजीयन करा सकते है। जिन वरिष्ठजनों का आयुष्मान कार्ड पहले से पंजीयन किया जा चूका है उनको पुनः पंजीयन कराना होगा5 जिससे उनको 5 लाख तक की स्वास्थ्य सुविधा लाभ प्राप्त होगा। अधिक जानकारी के लिए समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

# स्वास्थ्य विभाग बेमेतरा द्वारा स्वास्थ्य शिविर के साथ रक्तदान शिविर आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



शासकीय पंडित जवाहरलाल नेहरू कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेमेतरा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा, राष्ट्रीय सेवा योजना और रेड क्रॉस सोसाइटी के साथ विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा तहत स्वैच्छिक रक्तदान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बीपी, शुगर, नेत्र परीक्षण, मानसिक स्वास्थ्य सेवा, एन सी डी कार्यक्रम तहत सेवा आदि अन्य जांच किए गए, जिसमें स्वैच्छिक रक्तदान शिविर तहत 23 यूनिट ब्लड डोनेट हुआ, उक्त कार्यक्रम में एन सी डी एवं एड्स नियंत्रण कार्यक्रम तहत स्वास्थ्य सेवा की जानकारी प्रदान कर जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसके तहत उपस्थित कॉलेज विद्यार्थियों को आई ई सी हेतु पम्पलेट वितरण किया गया। यह रक्तदान शिविर सीएमएचओ सह सिविल सर्जन डॉ यशवंत ध्रुव के मार्गदर्शन में रखा गया। उक्त कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉक्टर यशवंत ध्रुव, डीपीएम लता बंजारे, कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर वीणा त्रिपाठी, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी जितेंद्र बारले एवं रेड क्रॉस प्रभारी उपेंद्र सैगर कॉलेज स्टाफ बी.आर. साहू, डॉक्टर पायल, गोस्वामी, डॉ राजश्री साहू, शोभित साहू, पुन्नी बाई केवर्थ, मनीष साहू, बिंदेश्वरी साहू, संगीता श्रीवास, कन्हैया सोनी, रामेश्वरी डहरे, आशुतोष, सुकला, छात्र-छात्राओं और सभी सम्माननीयगण उपस्थित थे, चिकित्सा अधिकारी डॉ चंद्र प्रकाश, डॉ चिरंजीवी चिकित्सा अधिकारी, नरेंद्र वर्मा साइकोलॉजिस्ट, योगेंद्र भार्गव नेत्र सहायक, गौरव साहू टेक्निकल असिस्टेंट ऑडियो मैट्रिक , भूपेंद्र कुर्रे ब्लड बैंक एम.एल.टी., संजय तिवारी आईसीटीसी एम.एल.टी. धनु वर्मा ब्लड बैंक एम.एल.टी, कुलेश्वरी साहू काउंसलर, एनसीडी स्टाफ नर्स गोपिका जयसवाल, प्रीति जघेल काउंसलर, वाहन चालक रामचरण, ऋषि जांगड़े वार्ड बॉय, रक्तदाताओं के नाम रितिक साहू, शशांक सिंह राजपूत, कन्हैया सोनी, शोभित साहू, चित्रणे पाटिल चंदन साहू, शिवम रात्रे, डोमन कुमार साहू, सूरज कुमार, प्रदीप साहू, पुन्नी बाई कामिनी सेन, तुलेश कुमार साहू खूबेंद्र साहू, दुर्गा साहू, राहुल साहू साहिल साहू, भागवत राम, डॉक्टर पायल गोस्वामी, भोलाराम साहू धीरेंद्र यादव, कुलदीप साहू इन सभी के सहयोग से रक्तदान शिविर सफल रहा। सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देखकर सम्मानित किया गया। जिला अस्पताल बेमेतरा के द्वारा सभी रक्तदाताओं को धन्यवाद दिया गया।

# बच्चों को संस्कार माता-पिता और परिवार से मिलता है : टंक राम वर्मा

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

मंत्री टंकराम वर्मा ने जिला मुख्यालय सारंगढ़ में महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना कार्यालय सह संसाधन केंद्र भवन का लोकार्पण किया। यह भवन 44 लाख 72 हजार की लागत से निर्मित हुआ है। इस दौरान विधायक उत्तरी जांगड़े, पूर्व विधायक शमशेर सिंह, अन्य जनप्रतिनिधिगण, नोडल अधिकारी मनोज जायसवाल, एसडीएम प्रखर चंद्राकर, सीईओ हरिशंकर चौहान सहित बड़ी संख्या नागरिकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में उन्होंने भारतभूमि में जन्म लेने और इस पावन भूमि के यश का गान करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप, शिवाजी और विवेकानंद जैसे महापुरुष को संस्कार उनके माता से ही मिला है। बच्चों का संस्कार माता-पिता और परिवार से ही मिलता हैं। मंत्री ने कहा कि पीएम मोदी और सीएम साय के नेतृत्व में हमारा राज्य 2047 तक में विकसित राज्य होगा। मंत्री वर्मा ने आंगनबाड़ी के माध्यम से महिलाओं और बच्चों के सर्वांगीण विकास कार्य में योगदान हेतु, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को सम्मानित किया और शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने पीएम आवास ग्रामीण के हितग्राहियों को आवास की चाबी, दिव्यांग नीरा और लगभग पांच वर्षीय बच्ची को ट्राई साइकिल प्रदान किया।

# जिला चिकित्सालय में दूरबीन पद्धति से अस्थि रोग का ऑपरेशन शुरू

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही।** जिला चिकित्सालय में लगातार स्वास्थ सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी की विशेष पहल और उनके द्वारा राशि स्वीकृत करने पर जिला चिकित्सालय में सी-आर्म मशीन से दूरबीन पद्धति से अस्थि रोग का ऑपरेशन शुरू हो गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रामेश्वर शर्मा ने बताया कि सी-आर्म मशीन नई तकनीक का मशीन है, इससे कम चीड़-फाड़ से दूरबीन पद्धति से फैक्चर हड्डी को जोड़ा जाता है। इससे मरीज को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ मिलता है।

## न्यायालय तहसीलदार मुंगेली जिला मुंगेली (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

राजस्व प्रकरण क्रमांक अ-24/2024-25
ग्राम मुंगेली प.ह.नं. 19

एतद् द्वारा ग्राम मुंगेली मन-2 के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सहदेव सोनकर पिता समारू सोनकर जाति .......निवासी मुंगेली तहसील मुंगेली जिला मुंगेली द्वारा ग्राम मुंगेली मन-2 हल्का नं. 19 तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न. 1106/7 रकबा 0.115 में से ल. 501 फीट चौड़ाई 12525 वर्ग फीट को शासन के हित में त्याग किये जाने हेतु आवेदन पेश किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई भी दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 20/12/2024 को समय 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
**तहसीलदार मुंगेली**

## नाम परिवर्तन

मै मनीष कुमार वाधवा पिता श्री बलराम वाधवा निवासी एन्ड्रूज वार्ड दाउपारा मुंगेली तहसील व जिला मुंगेली का हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ -

1. यह कि मुझे मुझे मनीष कुमार वाधवा के नाम से जाना एवं पहचाना जाता है। मेरे द्वारा अपने नाम को परिवर्तन करते हुए मनीष कुमार वाधवा के स्थान पर मनीष वाधवा किया जा है।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम मनीष वाधवा अंकित है मैं अपना नाम परिवर्तन करके मनीष कुमार वाधवा के स्थान पर मनीष वाधवा कर रहा हूँ।
3. यह कि दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे है। मेरे अतिरिक्त अन्य कोई व्यक्ति नहीं है। नाम परिवर्तन करने के संबंध में यह शपथपत्र मेरे द्वारा निष्पादित किया जा रहा है।

**शपथकर्ता**

**सत्यापन**

मै उपर्युक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि इस शपथ पत्र की कंडिका क्रमांक 01 से लेकर 03 तक की बातें मेरे स्वयं के ज्ञान से सत्य व सही है। जिसे आज दिनांक 13/12/2024 को स्थान मुंगेली में लिखाकर, पढ़कर, सुनकर, समझकर, सही होना पाकर अपना हस्ताक्षर / अंगूठा निशानी कर सत्यापित किया।

**शपथकर्ता**

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बसना, जिला-महासमुन्द (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/430/अ.वि.अ./भू.व्यप./2024 बसना, दिनांक 09 दिसम्बर 2024

आवेदक मुरलीधर चन्द्रा पिता छेदूराम चन्द्रा जाति चन्द्रनाहू निवासी संजय नगर सरायपाली तहसील सरायपाली जिला महासमुन्द (छ.ग.) के द्वारा ग्राम छुईपाली प.ह.नं. 25 रा.नि.मं. भूकेल तहसील बसना स्थित भूमि खसरा 126/1 रकबा 0.07 हे. भूमि को भू-राजस्व संहिता-1959 की धारा-172 के तहत् कृषि मद से भिन्न व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बी-1, खसरा, नक्शा, सीमांकन प्रतिवेदन, एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदिका/आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 23/12/2024 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बसना**

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बसना, जिला-महासमुन्द (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/426/अ.वि.अ./भू.व्यप./2024 बसना, दिनांक 09 दिसम्बर 2024

आवेदक मुरलीधर चन्द्रा पिता छेदूराम चन्द्रा जाति चन्द्रनाहू निवासी संजय नगर सरायपाली तहसील सरायपाली जिला महासमुन्द (छ.ग.) के द्वारा ग्राम छुईपाली प.ह.नं. 25 रा.नि.मं. भूकेल तहसील बसना स्थित भूमि खसरा 126/3 रकबा 0.07 हे. भूमि को भू-राजस्व संहिता-1959 की धारा-172 के तहत् कृषि मद से भिन्न व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बी-1, खसरा, नक्शा, सीमांकन प्रतिवेदन, एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदिका/आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 23/12/2024 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बसना**

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बसना, जिला-महासमुन्द (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/428/अ.वि.अ./भू.व्यप./2024 बसना, दिनांक 09 दिसम्बर 2024

आवेदक मुरलीधर चन्द्रा पिता छेदूराम चन्द्रा जाति चन्द्रनाहू निवासी संजय नगर सरायपाली तहसील सरायपाली जिला महासमुन्द (छ.ग.) के द्वारा ग्राम छुईपाली प.ह.नं. 25 रा.नि.मं. भूकेल तहसील बसना स्थित भूमि खसरा 251/3, 251/4, 265 रकबा 0.07 हे., 0.31 हे., 0.37 हे. कुल खसरा नंबर 03 कुल रकबा-0.75 हे. भूमि को भू-राजस्व संहिता-1959 की धारा-172 के तहत् कृषि मद से भिन्न व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बी-1, खसरा, नक्शा, सीमांकन प्रतिवेदन, एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदिका/आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो इस न्यायालय में दिनांक 23/12/2024 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बसना**

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बम्हनीडीह, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)

**// ईश्तहार / उद्घोषणा //**

रा.प्र.क्र. अ/2 वर्ष 2024-25 ग्राम-बम्हनीडीह प.ह.न.03
तहसील बम्हनीडीह जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम बम्हनीडीह प.ह.न. 03 तहसील-बम्हनीडीह जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.) की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी **आवेदक श्री राजेन्द्र कुमार जायसवाल पिता सहाजन लाल जायसवाल** ने कृषि भूमि को औद्योगिक (राईस मिल) प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त औद्योगिक (राईस मिल) प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने पर, जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप में ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 26.12.2024 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वतः या किसी अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**खसरा नं. 120 रकबा 0.186 हेक्टेयर**
**भूमि...लगान...पैसे**

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 10.12.2024 को जारी किया गया।

मुहर
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चांपा**

## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बम्हनीडीह, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)

**// ईश्तहार / उद्घोषणा //**

रा.प्र.क्र. अ/2 वर्ष 2024-25 ग्राम-बम्हनीडीह प.ह.न.03
तहसील चांपा जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम बम्हनीडीह प.ह.न. 03 तहसील-बम्हनीडीह जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.) की नीचे अनुसूचित में उल्लेखित भूमि स्वामी आवेदक श्री राजेन्द्र कुमार जायसवाल पिता सहाजन लाल जायसवाल ने कृषि भूमि को आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने पर, जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति लिखित रूप में ईश्तहार के प्रकाशन दिनांक 26.12.2024 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में स्वतः या किसी अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**खसरा नं. 124/2 रकबा 0.016 हेक्टेयर**
**भूमि...लगान...पैसे**

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 10.12.2024 को जारी किया गया।

मुहर
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) चांपा**

## कार्या. अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महासमुंद, जिला-महासमुंद (छ.ग.)

क्रमांक/1263/वा.-1/अविअ./2024 महासमुंद, दिनांक 13.11.2024
ग्राम-महासमुन्द, प.ह.नं.42

सुमन चन्द्राकर पति खिलावन चन्द्राकर, जाति कुर्मी
निवासी ग्राम महासमुन्द
तहसील व जिला महासमुन्द (छ.ग.) ..................आवेदिका

**विरूद्ध**

**छ.ग.शासन** ..................अनावेदक

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्राम-महासमुन्द, प.ह.नं. 42 तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.) को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका सुमन चन्द्राकर पति खिलावन चन्द्राकर, जाति कुर्मी निवासी ग्राम महासमुन्द तहसील व जिला महासमुंद (छ.ग.) द्वारा ग्राम महासमुन्द, प.ह.नं. 42 तहसील व जिला महामसुंद में स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नम्बर 1835/1 रकबा 0.141 हेक्टे. में से 2000 वर्गफीट भूमि को कृषि भिन्न मद औद्योगिक प्रयोजन में पुनर्निर्धारण हेतु भूमि का व्यपवर्तन कराने आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है।

अतएव आवेदक/आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन भूमि व्यपवर्तन के संबंध में जिस किसी को भी कोई उजर, दावा, आपत्ति हो तो ईश्तहार जारी दिनांक से 07 दिवस के भीतर कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर स्वतः अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा के साथ ईश्तहार ग्राम एवं स्थानीय समाचार में प्रकाशन हेतु जारी।

मुहर
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महासमुन्द**

# बलरामपुर के चर्चित रीना मंडल के हत्या पर से झारखंड पुलिस ने उठाया पर्दा

## अपराधी गुरु चंद मंडल के परिवारों ने शासन प्रशासन सहित राजनीतिक दलों को किया कलंकित

पायनियर संवाददाता ➤ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

जिस मृतक गुरु चंद मंडल के परिवार ने अपनी बहू रीना मंडल के लापता होने का झूठी रिपोर्ट लिखवा कर षड्यंत्र रचने के बाद पुलिस एवं प्रशासन की किरकिरी करने में कोई भी कसर नहीं छोड़ा जिसके कारण संतोषी नगर राजनीति का अखाड़ा बन गया था किंतु रची गई षड्यंत्र पर झारखंड प्रदेश के गढ़वा जिले के पुलिस ने मामले का पर्दाफाश करते हुए हत्या करने एवं हत्या कराने वाले लोगों को गिरफ्तार कर यह संदेश दिया है कि शासन एवं प्रशासन की कार्रवाई में तत्काल उद्वेलित होना और शासन प्रशासन को अपने हाथ में लेना नहीं चाहिए क्योंकि जांच में आज नहीं तो कल सच्चाई खुलकर सामने आ ही जाती है। ऐसे मामलों में राजनीति करने वालों को भी सोच समझकर शासन एवं प्रशासन को कटघरे में खड़ा करना चाहिए नहीं तो बाद में उनकी भी किरकिरी होनी निश्चित हो जाती है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार झारखंड प्रदेश के गढ़वा जिले के कोयल नदी के किनारे मिली रीना गिरी मंडल की लाश मिलने के बाद गढ़वा पुलिस के द्वारा छानबीन शुरू किया गया तो उसी के परिवार के द्वारा हत्या कराई जाने का मामला प्रकाश में आया पुलिस ने रमेश मंडल पिता स्व.जितेन्द्र नाथ मंडल जवाहर नगर,शांती मंडल पिता स्व.सतीष मंडल सतोषी नगर बरदर,लतिका मंडल पति रमेश मंडल,जवाहर नगर,बीरा लकडा, उम्र- 55 वर्ष गुलामन



लकडा, तिरुडीह उरांव बस्ती, सभी आरोपी थाना जिला बलरामपुर छत्तीसगढ़ के निवासी हैं। गढ़वा के पुलिस अनुविभागीय अधिकारी नीरज कुमार ने उक्त मामले का खुलासा करते हुए बताया कि रीना गिरी मंडल का हत्या का मुख्य कारण पारिवारिक क्लेश है जिसमें उसका मृतक पति गुरु चंद्र मंडल की मुख्य भूमिका थी। उन्होंने बताया कि 30 नवंबर 2024 को हमें सूचना मिली कि बेल चंपा कोयल नदी पर बने हुए पुल के 11 नंबर पाया के पास एक अज्ञात महिला का सब पड़ा हुआ है जिसके जांच के लिए निरीक्षक महेंद्र कुमार पासवान को निर्देशित किया गया तत्पश्चात परीक्षण हेतु सदन अस्पताल गढ़वा को भेजा गया। स्थानीय चौकीदार के बयान के आधार पर गढ़वा थाना में अपराध करना 45/2024 के तहत मामला दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई शुरू की गई तो पता चला कि अपराधियों के द्वारा साक्ष्य छुपाने के लिए हत्या कर नदी में फेंक दिया गया है। वही 6 नवंबर 2024 को उक्त अज्ञात महिला का पहचान फोटो के माध्यम से उसके भाई बदला गिरी पिता मनिका गिरी ग्राम झेराडीह थाना लुंड्रा जिला सरगुजा छत्तीसगढ़ के द्वारा किया गया। तथा प्रस्तुत आवेदन में बताया कि इसकी बहन रीना गिरी की शादी वर्ष 2021 में ग्राम संतोषी नगर थाना बलरामपुर निवासी गुरुचंद मंडल,पिता शांती मंडल के साथ हुई थी। मृतिका रीना गिरी से शादी के बाद से ही गुरुचंद मंडल की माँ संध्या मंडल एवं पिता शांती मंडल के द्वारा लडाई-झगडा किया जाता था। उन्होंने बताया कि कई बार रीना के पति गुरुचंद मंडल तथा उनके माता-पिता के द्वारा मृतिका को जान से मारकर फेंकया देने की भी धमकी दिया जाता था। वही 29 नवंबर 2024 को रीना गिरी अचानक शाम करीब 06.30 बजे अपने घर से लापता हो गई थी,उस समय तक इन्हे जानकारी नहीं हुई कि मृतिका का साथ क्या हुआ है, संदेह हो गया था कि इनकी बहन रीना गिरी को उसके ससुर शांती मंडल एवं पति गुरुचंद मंडल के द्वारा अपने रिश्तेदार रमेश मंडल निवासी जवाहरनगर थाना बलरामपुर एवं अन्य के सहयोग से अपहरण करवाया गया है। उन्होंने बताया कि प्राप्त आवेदन के आधार पर पति गुरु चंद मंडल,उनके पिता शांती मंडल व शांती मंडल के रिश्तेदार रमेश मंडल तथा रमेश मंडल की प ी लतिका मंडल पर प्राथमिकी दर्ज की गई। तत्पश्चात रमेश मंडल को गिरफ्तार कर कडाई से पुछताछ की गई तो बताया कि रितिका का ससुर शांति मंडल मुझे रीना गिरी को मारने के लिए 30 हजार रुपए में सौदा किया गया था और उनके द्वारा 18 हजार रुपए दिए गए फिर मैं अपने दोस्त वीरू को बुलाकर उसमें से आधा पैसा उसको दे दिया। उसके बाद वीरू अपने कार में रीना गिरी को उठाकर उसका हाथ पैर एवं मुंह में कपड़ा बांधकर उसे गाड़ी में डाल दिया ताकि हल्ला ना कर सके। उसके बाद रात करीब 09.30 बजे गढ़वा होते हुए बेलचम्पा पुल के पास पहुंच कर उसे पुल के उपर से ही नदी में फेंक दिया और साथ में उसका मोबाईल भी नदी में फेंक दिया। और वहां से वापस लौटने के बाद सुबह शांति मंडल से मिलने के बाद पता चला कि उसका पुत्र गुरु चंद मंडल बलरामपुर थाने में रीना गिरी के खिलाफ गुमशुदगी का रिपोर्ट दर्ज कर दिया है। बचे हुए 10 हजार रुपए दिये रीना को ले जाते समय हमलोग ने उसे बोला कि तेरा पति फोन करेगा तो तुम बोलना कि 'हम तुमसे बहुत दूर जा जा रही हूँ जी,मेरा चिन्ता मत करना क्योंकि हमलोग पहले ही ऐसा करने का प्लान किये थे ताकि ये बात गुरु चंद मंडल अपने फोन में रिकॉर्ड कर ले कि वह अपने मन से कहीं पर जा रही है और यह रिकॉर्डिंग हम हर किसी को सुना सके ताकि हमलोग पर कोई शक नहीं कर सकें। उन्होंने बताया कि हत्या के दरमियान इस्तेमाल किए हुए होन्डा अमेज कार सीजी 30 एफ 3479, दो मोबाइल फोन,जप्त कर लिया गया है। उक्त मामले को सुलझाने में निरीक्षक मुकेश यादव,प्रदीप यादव,प्रधान आरक्षक राहुल कुमार और धर्मेंद्र प्रसाद महिला आरक्षक प्रियंका मिंज शमिल थी।

# दलजीत चावला को मिली अग्रिम जमानत

## बीजेपी नेताओं पर आरोप लगाने था मामला

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय में पत्रकार दलजीत चावला पर फेसबुक पर पोस्ट /टिप्पणी करने पर गंभीर मामलों में अपराध पंजीबद्ध किया गया था जिस पर जिला सत्र न्यायालय ने अग्रिम जमानत दे दी है। मामला इस प्रकार है कि पत्रकार दलजीत चावला पर फेसबुक पर पोस्ट/टिप्पणी करने पर गंभीर मामलों में अपराध पंजीबद्ध किया गया था, नाराज पत्रकारों ने राज्यपाल के नाम का ज्ञापन जिला पुलिस अधीक्षक एवं जिलाधीश, अपर कलेक्टर को सौंपा गया था द्य वहीं जिले में लगातार हो रहे पत्रकारिता के ऊपर में प्रहार से



पत्रकारों को कभी मंत्री मानहानि की धमकी देते है, तो कभी पुलिस थाने के सामने शराब पीकर हुड़दंग, मारपीट की खबर चलाने पर पलारी के अध्यक्ष तो कभी भयादोहन के आरोपी तो आगजनी में शामिल सत्तापक्ष के नेता जिन्हें सत्तापक्ष के दबाव के कारण अभय दान मिला हुआ है। सोशल मीडिया में टिप्पणी मामले पर पत्रकार दलजीत चावला के ऊपर भारी पड़ गया। जिस पर आपसी रंजीश बदले की भावना की तरह गंभीर धाराओं पर सीधी कार्यवाही की गई जिससे सत्ता के दुरुपयोग किया जाना प्रतीत होता है। मगर पत्रकार जगत काफी खतरे में है। क्योंकि पत्रकारिता सुरक्षा अधिनियम लागू नहीं होने से कभी भी किसी भी तरह का आरोप प्रत्यारोप पत्रकार झेल रहा है। जबकि पत्रकार समाज का दर्पण होता है और इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए आवेदन के माध्यम से अपर कलेक्टर को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपें तथा जिलाधीश एवं पुलिस अधीक्षक को भी पत्रकारों ने ज्ञापन दिए, जिसमें हुए सीधी कार्यवाही की धाराओं को खारिज करने व भविष्य में किसी भी पत्रकार पर सीधी कार्यवाही ना किए जाने और पत्रकार सुरक्षा अधिनियम लागू की मांग ज्ञापन में की गई थी।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में विभिन्न पदों के लिए आवेदन 24 दिसम्बर तक आमंत्रित

**दुर्ग।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के परिपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के अंतर्गत संचालित लीगल एंड डिफेंस कौंसिल कार्यालय हेतु डिप्टी चीफलीगल एंड डिफेंस कौंसिल के एक पद और असिस्टेंट लीगल एंड डिफेंस कौंसिल के 03 पदों के लिए संविदा भर्ती आमंत्रित किया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त पदों के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन 24 दिसम्बर 2024 तक शाम 5 बजे तक कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग में रखे ड्रॉप बॉक्स के माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। संविदा पद पर नियुक्त कर्मचारी की सेवाएं नियुक्ति दिनांक से एक वर्ष की अवधि के लिए ही होगी। नियुक्त किए गए कौंसिल की उपस्थिति/कार्यप्रणाली संतोषप्रद व्यवहारिक एवं व्यवस्थित हाने तथा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा के निर्देशानुसार कार्यकाल आगे बढ़ाया जा सकता है।

# एक एक किलो अतिरिक्त धान लेकर विष्णुदेव साय सरकार की छवि धूमिल करने में लगे अधिकारी

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

विपक्ष के आरोपों को धान खरीदी के जिम्मेदार अधिकारी मुहर लगाते विष्णुदेव साय सरकार की छवि को धूमिल करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं, तभी किसानो से एक-एक किलो अधिक धान लेने का मामला आईना की तरह साफ होने के बाद भी अब तक ना कोई कार्यवाही देखा गया और किसी प्रकार सुधार। गौरतलब हो कि बीते दिन देवभोग ब्लॉक के 10 उपार्जन केंद्रों में 40 की बोरी में 41 किलो 200 से 300 ग्राम धान तौलाई कर हजारों किसानो का 62 लाख से अधिक का अतिरिक्त धान लेने का समाचार प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया। लेकिन किसानो के बीच लुट मचाने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के छत्र





छाया में रहे खरीदी प्रभारियों के खिलाफ ना कोई कार्यवाही हुई और ना अधिक धान लेने का सिलसिला बंद हुआ, जिसका असर विष्णुदेव साय सरकार की छवि पर देखने को मिल रहा है। क्योंकि विष्णुदेव साय सरकार ने स्पष्ट फरमान जारी करते किसानो को किसी प्रकार परेशानी नहीं होने के साथ पुख्ता इंतजाम करने सहित निर्धारित धान खरीदने का निर्देश दिया है। मगर वह निर्देश धरातल पर पालन नहीं हो रहा है तभी किसानो से मनमानी धान ले रहे है। फिर भी जिम्मेदार अधिकारी के कान में जू तक नहीं रेंग रहा है। जबकि किसानो से निर्धारित से अतिरिक्त धान लेने की मुखालिफत चौक चौराहा से लेकर सोशल मीडिया लगातार किया जा रहा है जिससे स्थानीय प्रशासन भी परिचित है, मगर अफसोस की बात है कि किसानों को न्याय दिलाने की जगह खरीदी प्रभारियों के अतिरिक्त धान लेने पर पर्दा डालने की जद्दोजहद में नजर आते है शायद यही वजह है कि एक एक किलो अधिक धान लेने वाले गैर जिम्मेदार खरीदी प्रभारियों के हौसले बुलंद देखने को मिल रहा है। जिसकी शिकायत खाद मंत्री दयालदास बघेल से करने की तैयारी शुरू हो गई है।

# पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा जिले के एक आदतन अपराधी को किया गया जिलाबदर

## जिले में बदमाशों पर लगातार कार्यवाही हो रही

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

आपरेशन विश्वास के तहत आगामी नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने, कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिले में बदमाशों पर लगातार कार्यवाही हो रही हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक की अनुशंसा पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा जिले के एक आदतन अपराधी को 01 वर्ष की कालावधि के लिए जिलाबदर कर दिया गया है। सांथ ही पुलिस द्वारा जिले के अन्य आदतन बदमाशों के ऊपर भी जिलाबदर की कार्यवाही हेतु प्रतिवेदन कलेक्टर कार्यालय में



भेजा गया है, जो कि अभी प्रक्रिया में हैं। जिला कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3, 5 ख के तहत क्रमशः दाण्डिक प्रकरण क्र. 202409210100009 में पारित आदेश 12.12.2024 के अनुसार यह आदेश दिया है कि 24 घंटे के अन्दर सीमावर्ती जिला- बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, मुंगेली, महासमुंद, सक्ति, बेमेतरा, सारंगढ़-बिलाईगढ़ तथा जिला क्षेत्र से 01 वर्ष की कालावधि के लिए बाहर चले जाए और जब तक यह आदेश लागू रहेगा, बिना वैधानिक पूर्वानुमति लिए इस जिले एवं उल्लेखित सीमावर्ती जिलों की सीमा में प्रवेश नहीं करना है।

जिला बदर आरोपी को इस आदेश का तुरन्त पालन करने और पालन न करने पर उसके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही के आदेश दिए गए हैं। जिला बदर आरोपी पिन्टू देवांगन वर्ष 2023 से लगातार अवैध शराब बिक्री जैसे अपराधों में सक्रिय रहा है। इसके विरुद्ध अब तक आबकारी एक्ट के 06 प्रकरण एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही का 03 प्रकरण दर्ज किया गया है।

# मार्गशीर्ष पूर्णिमा की संध्या पर महादेव घाट रायपुर में आयोजित होगी खारुन गंगा महाआरती

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

महादेव घाट रायपुर में मार्गशीर्ष पूर्णिमा के पावन अवसर पर माँ खारुन गंगा महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन जनसेवा समिति एवं करणी सेना छत्तीसगढ़ द्वारा पिछले 2 वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है और इस माह यह महाआरती अपनी 26वीं बार संपन्न होगी। करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष, तथा माँ खारुन गंगा महाआरती जनसेवा समिति के प्रमुख, वीरेन्द्र सिंह तोमर के नेतृत्व में यह आयोजन रायपुर के ऐतिहासिक महादेव घाट पर किया जाएगा। इस महाआरती का उद्देश्य नदियों के संरक्षण, स्वच्छता एवं पर्यावरण के प्रति जन जागरूकता फैलाना है, साथ ही सनातन संस्कृति को मजबूत करना है। खारुन गंगा महाआरती का यह आयोजन, जो बनारस की तर्ज पर किया जाता है, अब रायपुर की एक महत्वपूर्ण लोक संस्कृति और मासिक उत्सव बन चुका है। दो वर्षों में इस आयोजन ने चार विश्व रिकॉर्ड भी अपने नाम किए हैं। इस माह भी महाआरती का आयोजन भव्य भजनों एवं धार्मिक संगीत के साथ होगा, जिसमें प्रशिक्षित ब्राह्मणों द्वारा संपूर्ण विधि-विधान से पूजा अर्चना की जाएगी। सभी श्रद्धालुओं को इस पावन अवसर पर सादर आमंत्रित किया जाता है।

# शिवसेना ने प्रधानमंत्री के नाम से कलेक्टर द्वारा ज्ञापन सौपा

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शिवसेना प्रदेश सचिव व जिला बेमेतरा प्रभारी दाऊ, राम चौहान ने बताया कि बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ अत्याचार व हिंदुओं की धार्मिक स्थल पर देवी देवताओं की मूर्तियों की तोड़फोड़ किया जा रहा है जिसका शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी घोर निंदा की गई है एवं प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति के नाम से जिला कलेक्टर द्वारा अपर कलेक्टर गुड्डू लाल जगत को ज्ञापन सोपा गया जिनमें जिला महासचिव डोमेंद्र राजपूत जिला उपप्रमुख ईश्वर साहू एवं श्रवण उपस्थित रहा आगे चौहान



ने बताया कि सोशल मीडिया व प्रेस के माध्यम से जो जानकारी प्राप्त हुई है कि बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ जो अत्याचार व धार्मिक स्थलों पर तोड़फोड़ किया गया है जिसका शिवसेना, छत्तीसगढ़ जिला बेमेतरा पुरजोर विरोध करता है एवं प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति से मांग करते हुए बांग्लादेश में हिंदुओं की रक्षा सुनिश्चित करने की अपील की गई है।

# स.गुरमुख सिंह माथारू का निधन



**रायपुर।** फाफाडीह निवासी स.गुरमुख सिंह माथारू (उम्र -90) का आकस्मिक निधन 12 दिसंबर को रात 10 बजे हो गया है। उनका अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे जसवीर सिंह, जसपाल सिंह (डीपीएस, प्रिंसिपल, बिलासपुर) के पिता, अमरजीत सिंह कलसी, सतनाम सिंह मुदड़ के ससुर एवं जसमीत, नवजोत के दादा थे।

# प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी संस्थान द्वारा आयोजित मीडिया परिसंवाद विषय नये सामजिक व्यवस्था के लिये दृष्टि व मूल्य निर्धारण मे मीडिया की भूमिका

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

रायपुर के प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विद्यालय के शांति सरोवर मे राजयोगी ब्रम्हाकुमार ओमप्रकाश के नौवीं पुण्यतिथि पर आयोजित मीडिया परिसंवाद पर नये सामाजिक व्यवस्था के लिये दृष्टि व मूल्य निर्धारण मे मीडिया की भूमिका को लेकर सारगर्भित चर्चा का आयोजन रखा गया। जिसमे अनेक जिलो के पत्रकार गण भी सम्मलित हुये कार्यक्रम का आरंभ राजयोग के माध्यम से किया गया कार्यक्रम के आरंभ मे नये सामजिक दृष्टि व मूल्य निर्धारण मे आध्यात्मिकता अनिवार्य आरम्भिक उदबोधन मे उज्जैन जोन के निर्देशिक उषा दीदी ने कहा कि नये सामजिक मूल्य निर्धारण के लिये मनुष्य जीवन मे आध्यात्मिकता का होना अनिवार्य है जो कि मजबूत राष्ट्र व समाज मे व्यकितत्व का सुन्दर निखार लाता है वही समाज के मूल्य व दृष्टि निर्धारण मे पत्रकार का कलम जल व किचड मे रहकर निर्मल रहता है।

**नये समाजिक दृष्टि व मूल्य निर्धारण मे मीडिया कि भूमिका**-उषा दीदी ने कहा कि नये समाज मे मूल्य निर्धारण व दृष्टि के लिये मीडिया कि अहं भूमिका रहता है समसमायिक विषयों व गतिविधियों को समाज पर किस ढंग से परोसा जाये यह मीडिया कि जवाबदारी होती है वही नकरात्मक परिवेश से मानवीय मूल्यों का पतन होता जा रहा है। लोगों के पास सकरात्मक चिंतन का आभाव है। नकरात्मक चिंतन को जल्द ग्रहण कर लेते है मीडिया जो भी देखता है उसे अपने कलम से सकरात्मक रुप देता है जिससे एक अच्छे समाज का मूल्य निर्धारण होता है। वही आनंद राव संपादक ने कार्यक्रम के उदबोधन मे कहा कि पत्रकार का जैसा दृष्टिकोण होता है वैसे ही समाज को दिशा मिलता है वही संपादक गिरिश वोरा ने कहा समाज मे विकृति का मूल्य कारण नशाखोरी है।

**बाह्य प्रप्ति के भागदौड़ मे आंतरिक निर्माण को भूल जाना**-इन्दौर जोन कि क्षेत्रीय निर्देशिका हेमलता दीदी ने नये समाज के व्यवस्था के लिये दृष्टि व मूल्य निर्धारण के विषय को लेकर कहा कि समाज हर व्यक्ति से मिलकर बनता है व्यक्ति आज के भागम भाग दौडी जिंदगी मे भौतिक सूखो से जूडो बाह्य प्रप्ति को देख रहा है जबकि वह आंतरिक निर्माण के लिये नहीं सोच पाता जिसके कारण मनुष्य को अनेक प्रकार का अवसाद घेर लेता है अखिर क्या कारण है कि व्यक्ति से बने समाज मे नैतिक मूल्यों का पतन हो रहा है मनुष्य भौतिक रुप से साधन सम्पन्न होने के बाद भी दुखी क्यो रहता है? आत्मिक व परमात्म शक्ति के बिना हम दिव्य गुणों का निर्माण नही होगा मीडिया के साथ साथ सभी समाज के अहं लोगों का भी कर्तव्य बनता है कौन सी शक्ति है जो मनुष्य को सशक्त से अशक्त कर रहा है जब तक हम इन्हें मजबूत नही करते मूल्यनिष्ठ समाज का निर्माण की कल्पना नही किया जा सकता अनेकानेक को एकता मे लाने मे आध्यात्मिकता कि आवश्यकता है जिससे मीडिया की भूमिका आवश्यक है चेतन शक्ति आत्मा को भी जानना जरूरी है और इस आत्मा का सच्चा गुरु व सर्व गुणों का भंडार परमात्मा है। इससे हमे जुडना होगा तभी विपरीत परिस्थितियों मे हम स्थिर रह सकते है। पूर्व चांसलर मानसिंह परमार ने अपने दिव्य व प्रभावी उदबोधन मे कहा कि ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय संस्थान मे परमपिता परमात्मा का बहुत गहरी पालना है।

# हाथी और बाघ संरक्षण पर आधारित एक दिवसीय अंतर्राज्यीय सम्मेलन

■ वन अधिकारियों ने साझा किए हाथी और बाघ संरक्षण की बेहतर कार्यप्रणाली

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश दोनों राज्यों ने हाथियों और बाघों के संरक्षण के लिए 'लैंडस्केप एप्रोच' अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। जो इन प्रजातियों के आवास को संरक्षित करने और उनके प्राकृतिक आवासों के बढ़ते खतरों को कम करने के लिए अत्यधिक प्रभावी माना गया। वन मंत्री केदार कश्यप के निर्देशानुसार वन विभाग द्वारा विगत दिनों राजधानी रायपुर में एक दिवसीय अंतर्राज्यीय सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के वन अधिकारियों ने भाग लिया। यह सम्मेलन हाथियों और बाघों के संरक्षण हेतु दोनों राज्यों के बीच सर्वोत्तम उपायों और समन्वय पर चर्चा करने के उद्देश्य से आयोजित





की गई थी। इस अवसर पर हाथियों और बाघों के संरक्षण के लिए संयुक्त प्रयास किए जाने के लिए दोनों राज्यों के अधिकारियों ने सहमति दी। सम्मेलन में वन्यजीवों के आवासों को सुरक्षित रखने के लिए परस्पर सर्वोत्तम उपायों का आदान-प्रदान किया जाएगा और छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के वन विभाग दोनों राज्यों के बीच निरंतर समन्वय स्थापित कर हाथी और बाघ के संरक्षण की दिशा में सतत कार्य करने पर जोर दिया गया। सम्मेलन में मध्यप्रदेश के प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य जीव) शुभ्रंजन सेन, छत्तीसगढ़ के मुख्य वन संरक्षक (वन्य जीव) सुधीर कुमार अग्रवाल और छत्तीसगढ़ अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक प्रेम कुमार, मध्यप्रदेश से बांधवगढ़, कान्हा और संजय गांधी टाइगर रिजर्व के वन अधिकारी सहित छत्तीसगढ़ से टाइगर रिजर्व और बिलासपुर और सरगुजा वन मंडलाधिकारी भी उपस्थित थे।

## पंच कुण्डीय यज्ञ एवं श्रीमदभागवत ज्ञान यज्ञ का ऐतिहासिक सातवां दिन

# भागवत भगवान का एक रूप है, संसार से मुक्ति स्वरूप है: ज्योतिर्मयानंद सरस्वती

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कृषि उपज मंडी परिसर में चल रहे भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन दंडी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती ने भागवत कथा आरंभ करते कहा भागवत महापुराण सारे वेद पुराणों का निचोड़ है। ज्ञान और मोक्ष बताने वाला है। बड़े-बड़े ऋषि मुनि सभी ने इसे ग्रंथों का सार कहा है। भागवत भगवान का एक रूप है संसार से मुक्ति स्वरूप है भक्तामनम चरित्रम इति भागवतः। दंडी स्वामी ने कथा आगे बढ़ाया गोकुल में कृष्ण की बाल लीला जारी है, मां बाबा सारा नगर कन्हैया से मोहित है। भगवान कृष्ण धीरे धीरे उठना बैठना और चलना सीख रहे है मैया उसे चलाना सीखा रही जो संसार को चलाता है मां उसे चलना सीखा रही है। मां का स्थान धर्म में समाज में सर्वोच्च है अपने बालक को चलते देख मैया बड़ी गदगद होती है। स्वामी ने कहा बालक का पहला शब्द मां होता है। कृष्ण मैया मैया बोल दौड़ रहे, चल रहे, गिर रहे, उठ रहे, मैया कन्हैया कन्हैया कहते दौड़ रही। पूरा नगर और नन्द बाबा मां और





कन्हैया के बाल लीला देख आत्मविभोर हुए जा रहे यशोदा की वात्सल्य प्रेम देख गदगद होते हैं। कृष्ण बड़े होते गलियों में चलने फिरने लगे और देखा यहां से सब दही मटके भर छकड़े भर कंस के पास चला जाता है। उसने सोचा क्यों ना इस दही को रोकने माखन चोरी का लीला शुरू किया जाए। स्वामी कहते है भगवान काम है अपने भक्तों का पेट भरे दुष्टों का नहीं। अब घर घर माखन लूट खाते मटकी ज्यादा तोड़ते। शिकायतें होने लगी यशोदा के दरबार ग्वालने आने लगी। कन्हैया की पेशी होती क्यों कन्हैया तूने माखन चोरी की, नहीं मैया मै कहां मै तो जंगल जंगल भटकता हूं गाय चराने जाता हूं हर कार्य का एक आशय छुपा होता है दुष्टों के चंगुल से भक्तों को बचाए, भगवान इसके लिए माखनचोर भी कहलाए। भगवान की लीला अपरम्पार है मिट्टी खा के अपने मैया को पूरा ब्रह्मांड दिखा देते है तो कभी भगवान गोकुल में बंशी बजाते धेनु चराते नजर आते है। इस तरह भगवान कृष्ण रूप धर गोकुल में अपना बालद्धपन व्यतीत करते और गांव के सारी मुसीबत कालिया मर्दन अघासुर बकासुर जैसे राक्षस को मार दवाग्नि शांत कर सब मुसीबत दूर करते। दंडी स्वामी ने कहा जब तक भगवान भक्त के साथ है तब तक भगवान भक्तों की सारी मुसीबत अपने ऊपर ले लेते है। अब कन्हैया के होने से गोकुल में चहुं ओर खुशहाली छा गई क्योंकि भगवान खुद आनंद कंद है। भगवान गोकुल में खुद नाच नाच सारी नगरिया नचाने लगते है, कन्हैया नटवर नागर बने है और सकल लोक को आलोकित कर अलौकिक रास लीला भी कर जाते है। दंडी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती ने मां कर्मा की भगवत भक्ति और कृष्ण की कहानी भी रखी। मां कर्मा माता और उसका परिवार जब जगन्नाथ पहुंचा था तब भक्त मां कर्मा ने देखा पुजारी लोग भगवान को दोपहर में भोग लगाते है, उन्हें लगा ये लोग भगवान को इतना देर भूखा रखते है क्यों न मै सुबह से खिचड़ी बना के खिला डालूं। कर्मा के अंदर कृष्ण जगन्नाथ के लिए ममता जागी, भगवान तो सर्वज्ञ है भाव समझ गए मां कर्मा के पास स्वयं सुबह से खिचड़ी खाने पहुंच जाते। पुजारी परेशान देखे मंदिर खाली है पता चला भगवान तो मां कर्मा के पास है। भक्त कर्मा से बोले भगवान को स्नान ध्यान करा के ही भोग लगाया जाता है। माता कर्मा ने अगले दिन से ऐसे ही करने की सोच स्नान ध्यान पूजा पाठ कर चौका को लीपापोती करने के बाद भोग बनाने लगी। कन्हैया भूख से छटपटाने लग जाता। एक दिन मां कर्मा स्वर्ग सिधार गई अब भगवान सुबह की भूख मिटाए तो कैसे मिटाए एक मा यशोदा थी जो भूख लगने पर माखन खिलाती थी दूसरा मां कर्मा खिचड़ी खिला भगवान की भूख मिटाती थी। पुजारी क्या समझे भगवान तो भाव के भूखे है पकवान, मेवा के नहीं। पुजारियों ने कहा प्रभु अब आपको पहले खिचड़ी का भोग ही लगाया जाएगा। स्वामी ने कथा आगे बढ़ा अक्रूर आगमन कृष्ण का मथुरा गमन रंग शाला प्रवेश मल्ल युद्ध कंस वध कर रुक्मणि से विवाह भी हुआ। कथा में विधायक दीपेश साहू कथा स्थल पहुंच दंडी स्वामी से आशीर्वाद लेकर उपस्थित भक्त प्रेमी को संबोधन करते कहा कि यह मेरा स्वयं का सौभाग्य है कि मेरे एक वर्ष के कार्यकाल में ही इतना भव्य आयोजन सपाड़ द लक्षेश्वर धाम के पूज्य गुरुवार का बेमेतरा हृदय स्थल स्थित मंडी प्रांगण में 7 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक पंच कुण्डीय यज्ञ एवं श्री मदभागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इसमें पूरे नगर का सौभाग्यं है कि हम सब यज्ञ और श्रीमद्भागवत गीता ज्ञान का पुण्य एक ही स्थान से प्रात कर रहे है। मुझे याद आ रहा है कि नगर में 22 वर्षों से यज्ञ का आयोजन नहीं किया गया है। विधायक ने कहा ग्राम सलधा शिवनाथ नदी किनारे सवा लाख शिव मंदिर का निर्माण किया जा रहा है जो पूरे एशिया में नम्बर एक होगा। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि पूज्य गुरु का व्यवहार अति उत्तम है हम सब मिलकर उनके लक्ष्य को अवश्य पूरा करेंगे सुवा लाख शिवलिंग स्थापना का संकल्प 2025 पूरा होकर रहेगा।

# केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा पहुंचे रायपुर, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने किया स्वागत



**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनादेश परब कार्यक्रम में सम्मिलित होने पधारे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा का स्वामी विवेकानंद विमानतल रायपुर में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने पुष्पगुच्छ भेट कर स्वागत किया।
इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, क्षेत्रिय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, स्वस्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल सहित अन्य नेता एवं विधायक मौजूद रहे। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में बीजेपी कार्यकर्ता और महिलाएं भी पहुंची हैं। लोक कलाकारों ने एयरपोर्ट पर छत्तीसगढ़ी पारंपरिक नृत्य कर जेपी नड्डा का स्वागत किया।

# मकान मालिकों को 15 दिनों का अल्टीमेटम.. किराएदारों की जानकारी पुलिस को दें, नहीं देने पर होगी कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ◂ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

### अपराध पर अंकुश लगाने जशपुर पुलिस जुटा रही डाटा




गौरतलब है कि एसपी शशिमोहन सिंह द्वारा अपराध की रोकथाम व किराएदारों के संबंध में जानकारी के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ पुलिस अधिनियम 2007 की धारा 34(6) में प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले के समस्त मकान मालिकों को आदेशित किया है कि वे आदेश जारी के 15 दिवस के भीतर 30 दिसम्बर तक निर्धारित प्रारूप मे किरायेदारों की जानकारी अपने क्षेत्राधिकार के थाना/ चौकी में देवे। उसके पश्चात नए किराएदारों को रखने पर किराएदारों को रखने के 15 दिवस के भीतर जानकारी अपने क्षेत्राधिकार के थाना/ चौकी में आवश्यक रूप से उपलब्ध करावे।

**नहीं देने पर कार्रवाई**- यहां यह बताना आवश्यक है कि उक्त आदेश का उल्लंघन लोक सेवक के विधि पूर्ण आदेश के उल्लंघन के अंतर्गत धारा 233 भारतीय न्याय संहिता के तहत् दंडनीय है। आदेश का पालन नहीं करने पर पुलिस द्वारा विधिपूर्ण कारवाही की जावेगी।

मुनादी कराई जा रही है। किराएदारों की जानकारी उपलब्ध हेतु निर्धारित प्रारूप जिले के समस्त थाना/चौकी में उपलब्ध है, जागरूक मकान मालिक स्वयं थाना/ चौकी जाकर निर्धारित प्रारूप ले सकते हैं। साथ ही थाना/ चौकी के अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा भी स्वयं अपने क्षेत्रांतर्गत मकान मालिकों को निर्धारित प्रारूप उपलब्ध कराया जाएगा। उक्त आदेश के पालन हेतु जिले के समस्त थाना/चौकी में पंचायतों तथा अन्य माध्यमों से मुनादी भी भी कराई जावेगी। पुलिस द्वारा किराएदारों के संबंध में जांच भी की जावेगी। पालिका जशपुर, नगर पालिका, नगर पंचायत पत्थलगांव, बगीचा, कुनकुरी, के अधिकारियों के सहयोग से मुनादी कराई गई। साथ ही जशपुर पुलिस द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से भी इस संबंध में प्रचार प्रसार किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त जनप्रतिनिधियों व स्वयं सेवी संस्था के माध्यम से भी उक्त संबंध में प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

**अलर्ट रहें लोग** -चूंकि दूरस्थ ग्रामीण ग्रामीण अंचलों में बाहर से लोग आकर किराए के मकान में रहकर अस्थाई व्यवसाय करते हैं, उसी की आड़ में कुछ अपराधिक तत्व अपराध कर चले जाते है, इसकी सूचना पुलिस को लगातार मिलती रहती है।

इसी संबंध में उक्त कार्यवाही अत्यंत आवश्यक है, जिससे की किराएदारों के संबंध में समस्त जानकारी पुलिस के पास हो व आने वाले समय में भावी अपराध पर पूर्णतः अंकुश लगाया जा सके।आदेश प्रसारित के 15 दिवस पश्चात इसका परिणाम अवश्य देखने को मिलेगा।

सभी थाना/चौकी प्रभारियों को आदेशित किया गया है कि अपने द्धअपने क्षेत्र में इस आदेश को प्रभावी तरीके से प्रसारित करे, और अपने थाने/चौकी में किराएदारों से संबंधित रिकार्ड का लगातार संधारण करें, ताकि भविष्य में वैधानिक कार्यवाही में सुविधा हो।
**-शशि मोहन सिंह, एसपी जशपुर**

# ग्राम पंचायत कल्याणपुर में जिला स्तरीय पशु मेला हुआ संपन्न

पायनियर संवाददाता ◂ सूरजपुर
www.dailypioneer.com






कलेक्टर एस जयवर्धन के दिशा निर्देश में एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी मती कमलेश नंदिनी साहू के मार्गदर्शन पर उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं जिला सूरजपुर छत्तीसगढ़ डॉक्टर आर.एस. बघेल के नेतृत्व में सूरजपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत कल्याणपुर में जिला स्तरीय पशु मेला संपन्न हुआ। मेला 12 दिसम्बर को पशु प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में पशुपालकों द्वारा रुचि ली गई और विभिन्न श्रेणी के पशुधन गाय, बैल, सांड, भैंस, भैसा, बछड़ा / बछिया, बकरा, बकरी, भेड़, सूकर, मुर्गी, बतख एवं खरगोश आदि ने भाग लिया। मेला में विभिन्न श्रेणियों के उन्नत पशुधन जैसे दुधारू गाय/ भैंस, बछड़ा/ बछिया, बैल/ भैसा, सांड, बकरा/बकरी, सुकर, मुर्गी/बतख आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें श्रेणीवार को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार पशुपालकों को प्रदाय किया गया। मेला में पशुपालकों को चारा प्रसंस्करण जैसे पैरा का यूरीया उपचार, साइलेज निर्माण एवम अजोला उत्पादन, का स्टॉल के माध्यम से बताया गया। मेला में पशु चिकित्सा एवं उपचार शिविर का भी आयोजन किया गया उपस्थित पशुपालकों को पशुधन हेतु किसान क्रेडिट कार्ड व विभागीय योजनाओं से अवगत कराया गया । मेला में सम्माननीय जनप्रतिनिधि सभापति कृषि स्थाई समिति जनपद पंचायत सूरजपुर ओमप्रसाद सिंह, जनपद पंचायत सदस्य किमलेश कुमार सिंह, राम मरावी, बाबूलाल राजवाड़े उप सरपंच ग्राम पंचायत कल्याणपुर चंद्रमणि एवं अन्य जनप्रतिनिधि डॉ आरएस बघेल, उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं जिला सूरजपुर एम.एस. सोनवानी, सहायक संचालक मत्स्य विभाग सूरजपुर पशुपालक किसान भाई बंधु विभागीय कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे ।

# छत्तीसगढ़ सरकार के 01 वर्ष पूर्ण होने पर जनसंपर्क विभाग द्वारा किया गया प्रदर्शनी का आयोजन







पायनियर संवाददाता ◂ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सरकार के 01 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर संयुक्त जिला कार्यालय सूरजपुर परिसर में जनसंपर्क विभाग द्वारा फोटो प्रदर्शनी का आयोजन 13 एवं 14 दिसंबर को किया गया है। इस प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा विष्णु के सुशासन अंतर्गत जिले एवं राज्य में किए गए विकास कार्यों की झलकियां देखी जा सकती है।

## नगर पंचायत शिवनंदनपुर में 14 दिसंबर को शपथ ग्रहण समारोह का होगा आयोजन

**सूरजपुर** । नवीन नगर पंचायत शिवनंदनपुर में कल 14 दिसंबर को महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह का अयोजन किया गया है। यह आयोजन दोपहर 01 बजे नगर पंचायत कार्यालय शिवनंदनपुर के प्रांगण में आयोजित किया गया है।

# मुख्यमंत्री ने सुशासन के एक वर्ष पर लोगों को किया संबोधित विभिन्न ग्रामों में आयोजित किया गया लाइव प्रसारण

### लोगों ने तन्मयता से सुना मुख्यमंत्री का संदेश प्रसारण

पायनियर संवाददाता ◂ सूरजपुर
www.dailypioneer.com



राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर 12 दिसंबर को राज्य की जनता के नाम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा संदेश दिया गया। जिसका प्रसारण अपराह्न 4 बजे एवं रात्रि 8 बजे क्षेत्रीय समाचार चैनलों, आकाशवाणी, एफएम रेडियो एवं सीएमओ के सोशल मीडिया प्लेटफार्म से किया गया। मुख्यमंत्री संदेश के सा जिला सूरजपुर के समस्त जिलेवासी बने। मुख्यमंत्री के संदेश को लेकर क्षेत्रवासियों में खासा उत्साह था। इसके साथ ही जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत के पंचायत भवन व महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों पर मुख्यमंत्री संदेश के प्रसारण हेतु पुख्ता इंतजाम किये गए थे। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में शासन के एक वर्ष के कार्यों का जिक्र किया। मुख्यमंत्री साय ने प्रदेश की जनता की खुशहाली एवं उन्नति के लिए बीते 01 वर्ष में किए गए कार्यों, योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने जनता को ''एक वर्ष विश्वास का परब दिवस'' के लिए बधाई दी। कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशानुसार और जिला पंचायत सीईओ मती कमलेश नंदिनी साहू के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में लाइव प्रसारण का आयोजन किया गया था, जहां लोगों ने बड़ी तन्मयता के साथ मुख्यमंत्री जी के संदेश को सुना। जिले के नागरिक व ग्रामीणों ने भी साय सरकार की योजनाओं एवं कार्यक्रमों को सराहा।

# आईसीआईसीआई प्रू लाइफ ने वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही के 99.04 प्रतिशत क्लेम सिर्फ 1.2 दिनों में निपटाए

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने जुलाई 2024 से सितंबर 2024 की अवधि में 99.04 प्रतिशत का क्लेम सेटलमेंट रेशियो हासिल किया है, जो इंडस्ट्री में सबसे अधिक है। खास बात यह है कि डेथ क्लेम निपटाने में औसतन केवल 1.2 दिन का समय लगा है। आईसीआईसीआई प्रू लाइफ इंश्योरेंस के चीफ ऑपरेशन्स ऑफिसर, अमीश बैंकर ने कहा, क्लेम वह पल है जब ग्राहक का विश्वास हम पर टिका होता है, और हम हर क्लेम को संवेदनशीलता के साथ संभालते हैं। वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में हमने 99.04 प्रतिशत क्लेम सेटल किए, जबकि नॉन-इन्वेस्टिगेटेड क्लेम्स का एवरेज सेटलमेंट समय (डॉक्युमेंट्स प्राप्त होने के बाद) केवल 1.2 दिन था। इस अवधि में हमने 451 करोड़ रुपये के डेथ क्लेम निपटाए। हमारी 'क्लेम फॉर श्योर' पहल के तहत, हम सभी दस्तावेज जमा होने के बाद योग्य क्लेम्स को एक दिन में निपटाने का वादा करते हैं। इस पहल के तहत वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में हमने 71.24 करोड़ रुपये के डेथ क्लेम निपटाए। हम लगातार इंडस्ट्री में अग्रणी क्लेम सेटलमेंट रेशियो के साथ सबसे आगे बने हुए हैं। वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही में यह 97.94 प्रतिशत, वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में 98.14 प्रतिशत, वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में 98.52 प्रतिशत और पूरे वित्त वर्ष 2024 में 99.17 प्रतिशत रहा।

# एल्जी ने बाउमा कॉनएक्सपो इंडिया 2024 में पेश किया पीजी 850 एस-290 पोर्टेबल कंप्रेसर

- माइनिंग और कंस्ट्रक्शन एप्लिकेशंस में बेहतर परफॉर्मेंस देने के उद्देश्य से किया गया डिज़ाइन

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



एयर कंप्रेसर मैन्युफैक्चरिंग में ग्लोबल लीडर, एल्जी इक्विपमेंट्स लिमिटेड (बीएसईः 522074 7 एनएसईः एल्जीइक्विप) ने बाउमा कॉनएक्सपो इंडिया 2024 के 7वें संस्करण में अपना नया इनोवेशन, पीजी 850एस-290 पोर्टेबल एयर कंप्रेसर लॉन्च किया। यह इवेंट इंडिया एक्सपो सेंटर, दिल्ली एनसीआर में हो रहा है। एल्जी के आउटडोर बूथ, ओजी 30 में इलेक्ट्रिक-पॉवर्ड पीजी 110 ई, पीजी 132 ई, पीजी 22 ई और डीजल-पॉवर्ड पीजी550-215 पोर्टेबल एयर कंप्रेसर्स भी प्रदर्शित हैं, जो भारत में माइनिंग और कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री में व्यापक रूप से अपनाए जाते हैं। इस ट्रेड शो में 1000 से अधिक एक्सहिबिटर्स, 75,000 विजिटर्स तथा कंस्ट्रक्शन, माइनिंग और मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री के प्रमुख डिसीजन-मेकर्स के शामिल होने की उम्मीद है। पीजी 850एस-290 पोर्टेबल एयर कंप्रेसर को इस प्रकार डिज़ाइन किया गया है कि यह शानदार परफॉर्मेंस सुनिश्चित करे और कुशलता से काम करे। इसमें एक इंटेलिजेंट कंट्रोल सिस्टम शामिल है, जो न सिर्फ ड्रिलिंग ऑपरेशन्स को अनुकूलित करता है, बल्कि फ्यूल की खपत को भी कम करता है। एयर इनटेक के मामले में इसके टर्बो प्री-क्लीनर्स, धूल भरे वातावरण में भी बेहतरी से काम करते हैं, जिससे यह विषम अनुप्रयोगों के लिए आदर्श विकल्प बन जाता है। इस कंप्रेसर में ड्यूअल प्रेशर मोड्स हैं।

# रीजनल लेवल क्विज प्रतियोगिता का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा रीजनल लेवल क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुंबई, महाराष्ट्र, ओडिशा, झारखंड, बिहार एवं छत्तीसगढ़ से स्कूली छात्र एवं छात्राएं सम्मिलित हुए। कार्यक्रम ने राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन से पारुल कंसल्टेंट आईईसी एवं एमएस ने हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समितिके अतिरिक्त परियोजना संचालक डॉ खेमराज सोनवानी ने समस्त प्रतिभागियों को बधाई दिया। संयुक्त संचालक वित्त पूजा मिश्रा एवं संयुक्त संचालक आईईसी ने क्विज की रूपरेखा की विस्तृत जानकारी दी। निर्णायक हाशिम खान उपसंचालक एवं कविता पटेल, पाथ ने क्विज का मूल्यांकन किया। डॉ शबाना सिद्दीकी ने मंच संचालन किया। क्विज प्रतियोगिता में बिहार राज्य की टीम प्रथम, मुंबई राज्य द्वितीय, छत्तीसगढ़ राज्य तृतीय एवं महाराष्ट्र को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

प्रथम पुरस्कार 50000, द्वितीय पुरस्कार 30000, तृतीय पुरस्कार 20000 एवं 10000 रुपए राशि सांत्वना पुरस्कार दिया गया। संबंधित राज्यों से एड्स नियंत्रण समिति के अधिकारी, नोडल शिक्षक एवं छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति के अन्य अधिकारी कर्मचारी सम्मिलित हुए।

# 67 वी नेशनल शूटिंग के लिए 15 दिसम्बर से ट्रायल शुरू





पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

दिल्ली व भोपाल में आयोजित 67 वी नेशनल चैंपियनशिप कम्पटीशन के लिए शूटर्स का ट्रायल सेशन छत्तीसगढ़ राइफल एसोसिएशन द्वारा 15 से 18 दिसंबर तक शूटिंग रेंज माना में किया जा रहा हैं।

जिसमे छत्तीसगढ़ के शूटर्स के क्वालीफाई स्कोर के साथ उनका टीम चयन किया जायेगा जो की सीधे दिल्ली व भोपाल में होने वाले नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में भाग ले सकेंगे। बता दे इस ट्रायल टीम का चयन हर साल नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया एनआरएआई को भेजा जाता हैं। छत्तीसगढ़ राइफल एसोसिएशन द्वारा चार दिवसीय इस ट्रायल में छत्तीसगढ़ के शूटर्स को आगे बढ़ने का मौका तो मिलेगा ही साथ ही शूटर्स अपने ट्रायल से अपने शूटिंग के स्कोर से कंपीटिशन की बारीकियों को सिखने का भी मौका मिलेगा।

# जिले के राइस मिलर्स की ली गई बैठक बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए की गई चर्चा





पायनियर संवाददाता ◂ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

जिला संयुक्त कार्यालय के सभा कक्ष में कलेक्टर एस.जयवर्धन की अध्यक्षता में जिले के राईस मिलर्स के साथ बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में कलेक्टर द्वारा सकारात्मक पहल करते हुये मिलर्स के साथ खुला संवाद किया गया और बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए उनके साथ विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। बारदाने की उपलब्धता बनाए रखने के लिए उपस्थित मिलर्स ने अपनी सहमति दर्शायी। इसके साथ ही चावल के उपार्जन हेतु गोदाम की उपलब्धता पर चर्चा की गई ताकि एफसीआई का चावल जमा किया जा सके। कस्टम मिलिंग हेतु मिल पंजीयन, अनुबंध और बैंक गारंटी जमा कर डीओ जारी करा कर धान उठाव समय पर किए जाने के संबंध में भी विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सर्व मिलर्स, जिला खाद्य अधिकारी संदीप भगत, जिला प्रबंधक नान समीर तिर्की, जिला नोडल वेयर हाउसिंग नंद लाल चौधरी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### प्रतापपुर विकासखण्ड का कलेक्टर ने किया दौरा

# धान खरीदी केंद्रों, आंगनबाड़ी, स्कूल, छात्रावास सहित विभिन्न क्षेत्रों का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◂ सूरजपुर
www.dailypioneer.com





कलेक्टर एस जयवर्धन ने प्रतापपुर विकासखंड अंतर्गत धान खरीदी केंद्र रामनगर, दावनकरा एवं प्रतापपुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नमी मापक यंत्र से धान की नमी, धान की गुणवत्ता, तौल व भराई का जायजा लिया तथा रकबा समर्पण की जानकारी ली। उन्होंने धान बेचने आए कृषक बंधुओं से व्यवस्थाओं पर फीडबैक लिया और समिति के प्रबंधक को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने खरीदी केंद्रों के निरीक्षण के दौरान उपस्थित संबंधितों को स्पष्ट निर्देश दिये कि किसानों में शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों और सुविधाओं पर किसी तरह की भ्रम की स्थिति ना हो। उन्होंने धान खरीदी में किसी भी लापरवाही पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने खरीदी केंद्रों में लाईट एवं पानी की व्यवस्था पर्याप्त संख्या में मजदूरों की उपिस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शासन के निर्देशानुसार सभी व्यवस्था करते हुए धान खरीदी कार्य सुचारू रूप से संपन्न करने के निर्देश दिए। अपने दौरे में कलेक्टर जयवर्धन ने मंडी बोर्ड प्रतापपुर के गोदाम का अवलोकन भी किया और जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए। अपने दौरे के दौरान कलेक्टर जयवर्धन ने हाउसिंग बोर्ड कैंपस प्रतापपुर, एकलव्य आवासीय विद्यालय के निर्माणाधीन भवन एवं बैडमिंटन कोर्ट हेतु चयनित भूमि का भी अवलोकन कर जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने बालक छात्रावास का निरीक्षण किया और बच्चों से बातचीत की। बातचीत के दौरान उन्होंने बच्चों से उनकी पढ़ाई की स्थिति, स्वास्थ्य, खानपान, व्यायाम, योग, खेलकूद गतिविधि सहित उनकी दिनचर्या और वहां उपलब्ध व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बच्चो से बातचीत कर स्वच्छता और स्वास्थ्य को लेकर उन्हें जागरूक किया। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र प्रतापपुर का भी दौरा किया। उन्होंने बच्चों के वजन की नियमित जांच करने, पोषण ट्रेकर पर बच्चों की नियमित एंट्री के लिए निर्देशित किया। उन्होंने बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य एवं शिक्षा के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के दिए निर्देश। आत्मानंद स्कूल प्रतापपुर के निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों एवं शिक्षकों के उपस्थिति आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की । इस दौरान उन्होंने विद्यालयों में शिक्षकों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए गंभीर प्रयास करने को कहा। उन्होंने बच्चों के बेहतर विकास के लिए नियमित अभिभावक सम्मेलन करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने बच्चों के कक्षा में जाकर उनसे बातचीत की और उनके पाठ्यक्रम और दी जा रही शिक्षा को लेकर जानकारी प्राप्त की। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों को निर्देशित करते हुए उन्होंने गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के साथ शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए कहा ताकि बच्चों का भविष्य बेहतर हो सके। इसके अलावा कलेक्टर जयवर्धन ने शक्कर कारखाना केरता का निरीक्षण भी किया गया। इस दौरान उन्होंने शक्कर कारखाना के उत्पादन, मजदूरों के संबंध में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने एसईसीएल जगन्नाथपुर खुली खदान का निरीक्षण भी किया और खदान का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# आर्यिका स्वाध्यायमय माता का दीक्षा दिवस मनाया गया




पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

आचार्य श्रमणा चार्य विभावसागर महाराज एवं साक्षात विराजमान 105 पूज्य आर्यिका स्वाध्याय, माता का दीक्षा दिवस प्रातः बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम से खंडेलवाल दिगम्बर जैन मंदिर, सन्मति नगर, फाफाडीह में मनाया गया। उपरोक्त जानकारी संस्था के प्रचार सचिव अतुल गोधा ने दी। गोधा ने आगे बताया कि प्रातः7 बजे अभिषेक, शांतिधारा, नित्य पूजन आचार्य की पूजन, दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात आचार्य छत्तीशी विधान सम्पन्न हुआ। ततपश्चात 105 पूज्य आर्यिका स्वधायय के पाद प्रक्षालन के पश्चात प्रवचन सम्पन्न हुए।





# 1 वर्ष विश्वास का विकास का

## सेवा, समर्पण और सुशासन के एक वर्ष

## मा. उप मुख्यमंत्री जी द्वारा छत्तीसगढ़ की जनता के हित में किए गए विभागीय कार्य



### लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग

**हर घर नल से शुद्ध पेयजल (राशि- 4500 करोड़)**

- नल जल योजनाओं हेतु भू-जल स्रोतों के निर्माण का कार्य-2527
- उच्च स्तरीय जलागार के निर्माण अंतर्गत पूर्ण किये गये टंकी कार्य-2711
- ग्राम सभा के माध्यम से हर घर जल प्रमाणिकरण किये ग्रामों की संख्या-1139
- 100 प्रतिशत एफ.एच.टी.सी. रिपोर्टेड ग्रामों की संख्या-1062
- पंचायतों द्वारा संचालित योजनाओं की संख्या-1874
- जल परीक्षण प्रयोगशालाओं के माध्यम से 1,09,112 केमिकल टेस्ट किये गये।
- जल परीक्षण प्रयोगशालाओं के माध्यम से 68.253 बैक्टिरियल टेस्ट किये गये।
- राज्य के भू-जल प्रभावित ग्रामों के लिये बनाई गई 9 समूह जलप्रदाय योजनाएं लागत रु. 850.00 करोड़ के कार्यों की स्वीकृति जारी कर कार्य प्रारंभ किये गये।

2. पी.एम. जनमन कार्यक्रम के तहत 451 बसाहटों के लिये राशि रु. 19.72 करोड़ के कार्य की स्वीकृति।




### लोक निर्माण विभाग

**लोक निर्माण से लोक हित तक - (राशि ₹3000 करोड़ की योजनाएं स्वीकृत)**

- प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त कार्यों की संख्या 274 लागत राशि रु. 1556.70 करोड़ ।
- भारत सरकार अंतर्गत सी.आर.एफ. स्वीकृत कार्यों की संख्या 08 लागत राशि रु. 892.00 करोड़।
- राष्ट्रीय राजमार्ग हेतु रु. 529.00 करोड़ के निर्माण कार्य।
- 2537.00 कि.मी. के सड़क कार्य पूर्ण किये गये।
- नवीनीकरण अंतर्गत पूर्ण किये गये 787 कि.मी.।
- भवन निर्माण के पूर्ण कार्यों की संख्या - 116
- वृहद एवं मध्यम सेतु पूर्ण किये गये संख्या- 106
- राष्ट्रीय राजमार्ग पर निर्माण किये गये कि.मी. 120.00 कि.मी.।



### विधि एवं विधायी कार्य विभाग

1. बीजापुर में जिला एवं सत्र न्यायालय, राज्य में 10 अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश के न्यायालय, 27 व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 के न्यायालय, 13 व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 के न्यायालय, मुंगेली में फास्ट ट्रेक कोर्ट के न्यायालय एवं कटघोरा में परिवार न्यायालय की स्थापना हेतु पदों के सृजन आदेश जारी किया गया।
2. व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 (एन्ट्री लेवल) के 50 पदों पर भर्ती पूरी की गई।
3. नारायणपुर में जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश का न्यायालय दिनांक 04.11.2024 से, पाटन में जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश का न्यायालय दिनांक 02.09.2024 से, एवं मुंगेली, पेण्ड्रारोड, सक्ती, खैरागढ़ में एक-एक जिला एवं सत्र न्यायाधीश का फास्ट ट्रेक कोर्ट का न्यायालय दिनांक 02.09.2024 से चालू करने की अधिसूचना जारी की गई।
4. दुर्ग में 2. भिलाई-3 में 1, जांजगीर में 1, चांपा में 1, कवर्धा में 1. महासमुंद में 1. रायगढ़ में 2. सारगंढ़ 1. घरघोड़ा में 1 तथा रायपुर में 3 कुल 14 व्यवहार न्यायाधीश (जूनियर डिवीजन) के न्यायालय दिनांक 01.08.2024 एवं आरंग जिला-रायपुर में व्यवहार न्यायाधीश (जूनियर डिवीजन) के न्यायालय दिनांक 02.12. 2024 से चालू करने की अधिसूचना जारी की गई।
5. जिला न्यायालयों में न्याय प्रशासन एवं अधोसंरचना विकास कार्य के अंतर्गत लगभग दो सौ चालीस करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई।

### नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग

**विकास के पथ पर अग्रसर छत्तीसगढ़ (राशि- 7300 करोड़ से अधिक की योजनाएं स्वीकृत)**

1. प्रधानमंत्री आवास योजना(शहरी) अन्तर्गत कुल 1 लाख 97 हजार 128 आवास का निर्माण पूर्ण किया गया। योजना हेतु राशि रु. 657.27 करोड़ की राशि जारी।
2. PM आवास (शहरी) 2.0 अंतर्गत द्वितीय चरण में अधिक से अधिक लाभार्थी के चयन हेतु हितग्राहियों का सर्वेक्षण -रैपिड असेसमेंट सर्वे का कार्य राज्य के 189 नगरीय निकायों में प्रारंभ किया जा चुका है।
3. स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 अंतर्गत विगत 11 माह में 78 नगरीय निकायों में 141 आकांक्षीय शौचालयों हेतु कुल राशि रु. 28.25 करोड़ की परियोजनाएँ स्वीकृत की गई।
4. अनुपचारित जल प्रबंधन (Used Water Management) घटक अंतर्गत 14 नगरीय निकायों हेतु राशि रु. 73.56 करोड़ की परियोजनाएँ तथा भारत सरकार द्वारा शहरी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु राशि रु. 230.00 करोड़ के एक्शन प्लान की स्वीकृति।
5. अमृत मिशन 2.0 अंतर्गत शहरी जल प्रदाय योजनाओं के लिए राशि रु. 1675 करोड़ की 33 परियोजनाएं स्वीकृत एवं राशि रु. 1023 करोड़ की 22 परियोजनाएं प्रगतिरत् ।
6. 05 शहरों में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण हेतु राशि रु. 865.00 करोड़ स्वीकृत। प्रगतिरत योजनाओ हेतु 22 निकायों को रु. 233.90 करोड़ की राशि जारी।
7. दीनदयाल अंत्योदय योजना अंतर्गत शहरी पथ विक्रेताओं के कल्याण हेतु 28,125 आवेदनों पर राशि रु.48.97 करोड़ की वित्तीय सहायता, बैंकों के माध्यम से पीएम स्व निधि योजना अंतर्गत जारी।
8. दीनदयाल अंत्योदय योजना अंतर्गत 17,376 महिला सदस्यों के साथ 1991 स्व सहायता समूह गठित, 1701 समूहों को राशि रु 1.70 करोड़ की आवर्ती निधि, 2152 शहरी गरीबों की व्यक्तिगत ऋण, 270 समूह ऋण तथा 1945 समूहों को बैंक लिंकेज इस प्रकार राशि रु. 91.83 करोड़ की वित्तीय सहायता प्रदान कराई गई है । उत्कृष्ट कार्य हेतु राष्ट्रीय स्तर पर स्पार्क अवॉर्ड से सम्मानित ।
9. प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना अंतर्गत रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग-भिलाई और कोरबा के लिए 240 ई- बसो की स्वीकृति प्राप्त की गयी। साथ ही बस डिपो सिविल इंफ्रास्ट्रॅक्चर तथा चार्जिंग स्टेशन निर्माण हेतु राशि.40.17 करोड़ जारी।
10. मोर संगवारी सेवा के तहत 2 लाख से अधिक हितग्राहियों ने घर बैठे अपने दस्तावेज प्राप्त किये।
11. मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत 24.57 लाख से अधिक मरीजों का इलाज किया गया है। 22.16 लाख मरीजों को मुफ्त दवा वितरित, 6.85 लाख मरीजों को मुफ्त लैब टेस्ट का लाभ मिला, मुख्यमंत्री दाई दीदी क्लीनिक के तहत में महिला स्पेशल एम.एम.यू में महिला विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा 1.57 लाख से अधिक महिला मरीजों का उपचार किया गया है।
12. श्री धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स योजना अंतर्गत विगत 11 माह में निकायों द्वारा राशि रु. 179.18 करोड़ एमआरपी की दवाइयाँ राशि रु. 70.64 करोड़ में विक्रय से 49.22 लाख नागरिकों को राशि रु. 108.54 करोड़ की बचत का लाभ दिया गया है।
13. शहरों में मूलभूत सुविधाओं के विकास हेतु अधोसंरचना मद अंतर्गत विगत 11 माह में राशि रु 748 करोड़ की नवीन स्वीकृति तथा राशि रु. 854 करोड़ की किश्त राशि जारी की गई तथा अन्य मदो में राशि रु 733.45 करोड़ निकायों को प्रदान की गई ।
14. 15वें वित्त आयोग अंतर्गत राशि रु.659.21 करोड़ की परियोजनाओं की स्वीकृति जारी।
15. राज्य प्रवर्तित योजना अंतर्गत राशि रु. 18.90 करोड़ की नवीन स्वीकृति तथा राशि रु. 30.77 करोड़ की किश्त जारी।
16. नगरीय निकायों में प्री-ऑडिट, एनर्जी ऑडिट जैसे शहरी रिफार्म लागू किए गए है। इससे शहरों को सालाना 800-1000 करोड़ की बचत संभावित है।
17. नगर पालिकाओं तथा नगर पंचायतों में प्रशासनिक कसावट लाने तथा जवाबदेही बढ़ाने मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को एकल हस्ताक्षर के अधिकार दिए गए हैं।
18. 22 नवीन नगरीय निकायों का गठन किया गया।

## विनीत - समस्त भाजपा कार्यकर्ता, विधानसभा लोरमी

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403